हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित





Page 11 खेल

आईपीएल 2024 : मुंबई इंडियंस के खिलाफ हासिल की खास उपलब्धि, राहुल का...



Page 10 देश

समान नागरिकता संहिता लागू करेंगे, यह हमारा कमिटमेंट : रक्षामंत्री राजनाथ सिंह



मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष शुक्ल द्वादशी विक्रम संवत 2081

• औरंगाबाद • रविवार • 19 मई 2024 • वर्ष 26 • अंक 158 • पृष्ठ 12


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹74,620 | ₹93,000 |



## आज का इतिहास

- 2006 : भारतीय मूल के मलेशियाई उद्योगपति टी. रविचन्द्रन ने माउंट एवरेस्ट को फ़तह किया।
- 1919 : भारतीय मूल के महेन्द्र चौधरी फिजी के प्रधानमंत्री नियुक्त।

## न्यूज बाइट्स

### केजरीवाल के पीए बिभव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**नईदिल्ली (ए)।** आप सांसद स्वाति मालीवाल से सीएम हाउस में मारपीट के आरोपी अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार को दिल्ली पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उन्हें पूछताछ के लिए दोपहर 12:40 बजे सिविल लाइंस थाने ले आई। पूछताछ के बाद बिभव को तीस हजारी कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी।

### जम्मू कश्मीर में भूकंप के हल्के झटके

**श्रीनगर (जम्मू कश्मीर) (ए)।** जम्मू-कश्मीर में शनिवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किये गये। एक अधिकारी ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में स्थानीय समयानुसार 08:35 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.5 मापी गयी। भूकंप का केंद्र 33.36 डिग्री उत्तरी अक्षांश, 76.65 पूर्व देशांतर तथा पृथ्वी की सतह से 10 किलोमीटर की गहराई पर रहा।

### सीएसपी संचालक से पांच लाख रूपये की लूट

**पटना (नि.सं.)।** दरभंगा जिले के बिशनपुर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने ग्राहक सेवा केन्द्र (सीएसपी) संचालक से पांच लाख रूपये लूट लिये। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि गोधैला गांव में सीएसपी संचालक से बाइक सवार चार अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर पांच लाख रुपये लूट लिये।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सेट किया 2025 चुनाव का एजेंडा, कहा

# साल के अंत तक तीन लाख युवाओं को दी जाएगी नौकरी : मुख्यमंत्री

- नीतीश कुमार ने कहा कि हमने लड़का-लड़की का भेदभाव मिटा दिया। साइकिल योजना, कन्या विवाह योजना, सीएम प्रोत्साहन योजना, महिलाओं के आरक्षण को बढ़ावा कर महिलाओ को आगे लाया। हमने सभी वर्ग के लिए कार्य किया है।



प्रत्याशी सुनिल कुमार के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

निज सं. | बेतिया (पश्चिमी चंपारण)

लोकसभा चुनाव को लेकर बेतिया में चुनावी सभा को नीतीश कुमार ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 2005 के बाद से हम कार्य करते आ रहे हैं। साल के अंत तक तीन लाख युवाओं नौकरी दी जाएगी। साथ ही पांच लाख को रोजगार मिलेगा। नीतीश कुमार शनिवार को वाल्मीकीनगर लोकसभा के भितहां के रूपहीटांड़ खेल मैदान में एनडीए प्रत्याशी सुनिल कुमार के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

बिहार सीएम ने कहा कि याद कीजिए 2005 से पहले यहां क्या हालत थी। जिंदगी मुश्किल से कटती थी। न सड़कें थीं, न शिक्षा, न स्वास्थ्य। जब हमारी सरकार 2005 से आई तब से राज्य के लोगों के लिए कार्य कर रहे हैं। हमारी सरकार ने हर क्षेत्र में विकास का कार्य किया। चाहे शिक्षा हो या स्वास्थ्य या फिर सड़क। हर क्षेत्र में जो कार्य हुए, उसे हमें भूलना नहीं चाहिए। हमने तो पंचायतों में उच्च माध्यमिक विद्यालय दिया। ताकि छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें। नीतीश कुमार ने कहा कि हमने लड़का-लड़की का भेदभाव मिटा दिया। साइकिल योजना, कन्या विवाह योजना, सीएम प्रोत्साहन योजना, महिलाओं के आरक्षण को बढ़ावा कर महिलाओ को आगे लाया। हमने सभी वर्ग के लिए कार्य किया है। हमारी सरकार आने के बाद ही यहां के लोग भयमुक्त माहौल में रह रहे हैं। बिहार सीएम ने कहा कि यहां जाति आधारित जनगणना के आधार पर आरक्षण का दायरा बढ़ाया गया। इको टूरिज्म के विकास के रूप में वाल्मीकिनगर में सभागार का कार्य हुआ। हम तो स्वयं क्षेत्र में भ्रमण कर जहां जहां जो आवश्यकता होती है वह कार्य होता है। बगहा में उच्च शिक्षा के लिए डिग्री कॉलेज की स्थापना का भी प्रस्ताव है। बेतिया में मेडिकल कॉलेज की स्थापना हुई। अनुमंडल स्तर पर जीएनएम की स्थापन हुई। हर पंचायतों में नल जल से लेकर सड़क, पुल, पुलिया, बिजली की व्यवस्था हुई हैं। आप हमारे कार्यों को देखकर वोट दे। ताकि विकास की रफ्तार को तेज किया जा सके।

### आरक्षण का बढ़ाया दायरा

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत से लेकर शहरी क्षेत्र में आरक्षण का दायरा बढ़ाकर आधी आबादी की भागीदारी बढ़ाई। उन्होंने कहा कि बिहार में हमलोगों ने युवाओं को सरकारी नौकरी दी। हमने दस लाख लोगों को नौकरी देने की बात कही थी। अब तक आठ लाख लोगों को हमने नौकरी दे दी हैं।

### मुस्लिमों का एनडीए सरकार में हुआ विकास

हमारी सरकार आने के पहले बिहार में लगातार दंगा होता था। जिसे देख हमारी सरकार ने सूबे के आठ हजार कब्रिस्तान की घेराबंदी करायी। अभी भी एक हजार कराना बाकी है। इन बातों को जानकारी मुस्लिम भाईयों को बताइए कि एनडीए सरकार में ही उनका विकास हुआ है।

# पांचवां चरण : बिहार की पांच सीटों पर थमा चुनाव प्रचार, मतदान कल



निज संवाददाता | पटना

लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण के लिए प्रचार का शोर शनिवार शाम को थम गया। इस चरण में बिहार की पांच लोकसभा सीटों पर 20 मई यानी कल मतदान होगा। इनमें सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर और सारण लोकसभा सीट शामिल है। पांचों सीटों पर एनडीए और महागठबंधन के बीच सीधी टक्कर देखने को मिल रही है। इस चरण में चिराग पासवान, रोहिणी आचार्य, राजीव प्रताप रूडी, अजय निषाद, शिवचंद्र राम जैसे दिग्गजों की किस्मत दांव पर लगी है। पांचवें चरण में सारण लोकसभा सीट पर बीजेपी ने मौजूदा सांसद राजीव प्रताप रूडी पर एक बार फिर भरोसा जताकर टिकट दिया है। उनके खिलाफ आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने अपनी बेटी रोहिणी आचार्य को पहली बार चुनावी मैदान में उतारा है। इससे मुकाबला रोचक बन गया है। रोहिणी के लिए लालू, तेजस्वी, राबड़ी, तेजप्रताप सबने जमकर प्रचार किया। इससे इन दिग्गजों की भी साख दांव पर है। वहीं, रूडी के सामने लगातार तीसरी बार चुनाव जीतकर हैट्रिक लगाने की चुनौती होगी। हाजीपुर लोकसभा सीट से लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के संस्थापक रहे दिवंगत रामविलास पासवान के बेटे चिराग पासवान एनडीए प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला आरजेडी के पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम से है। हाजीपुर रामविलास पासवान का गढ़ रह चुका है, यहां से उन्होंने 8 बार चुनाव जीता। 2019 में रामविलास ने यह सीट अपने भाई पशुपति पारस को दे दी और वे सांसद चुने गए। रामविलास के निधन के बाद लोजपा में टूट हुई तो 2024 में चिराग ने अपने चाचा को साइडलाइन कर इस सीट से खुद चुनाव लड़ने का फैसला किया। मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट पर बीजेपी ने अपने मौजूदा सांसद अजय निषाद का टिकट काटकर नए चेहरे रामभूषण निषाद पर दांव खेला है। वहीं, अजय निषाद पाला बदलकर कांग्रेस के टिकट पर चुनावी मैदान में आ गए हैं। इससे यहां पर भी मुकाबला रोचक हो गया है। सीतामढ़ी लोकसभा सीट की बात करें तो जेडीयू ने अपने मौजूदा सांसद सुनील कुमार पिंटू का टिकट काटकर देवेश चंद्र ठाकुर को प्रत्याशी बनाया है। उनका मुकाबला आरजेडी के पूर्व सांसद अजय राय से है। मधुबनी लोकसभा सीट पर बीजेपी ने मौजूदा सांसद अशोक यादव को फिर से मैदान में उतारा है। उनके खिलाफ आरजेडी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहम्मद फातमी को प्रत्याशी बनाया है।

### लालू की बेटी भी मैदान में

पांचवे फेज का चुनाव काफी दिलचस्प है। लालू की बेटी रोहणी सारण में राजद के टिकट चुनावी दंगल में ताल ठोक रहीं है। वह पहली बार चुनाव मैदान में हैं। वहां वह दो बार के सांसद भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी से उनका सीधी टक्कर है।

# केएमपी एक्सप्रेस-वे पर बस में लगी आग से 10 लोगों की मौत

निज संवाददाता | गुरूग्राम (हरियाणा)



हरियाणा में गुरुग्राम जिले के नूंह क्षेत्र में गांव धुलावट के निकट कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेस-वे पर चलती बस में अचानक लगी आग से 10 लोगों को मौत हो गयी। पुलिस ने बताया बस पर बच्चों, महिलाओं समेत करीब 60 लोग सवार थे। आग से झुलसे लोगों को निकटवर्ती अस्पतालों में दाखिल कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। खबर लिखे जाने तक आग लगने के कारणों का पता नहीं लग पाया। हादसा रात करीब पौने दो बजे हुआ।

मौके पर पहुंचे पुलिस और दमकल विभाग के जवानों को आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी और बसों की खिड़कियां तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला गया। घटना में करीब 20 लोग झुलसे भी हैं, जिनमें कुछ की हालत गंभीर है। बस मथुरा-वृंदावन से लौट रही थी और बस में अधिकतर यात्री पंजाब और चंडीगढ़ से थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आग लगने का कारण पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं 279 (लापरवाही से वाहन चलाना), 337 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालकर चोट पहुंचाना), 304 ए (लापरवाही के कारण मौत), 427 के तहत बस चालक के खिलाफ शनिवार को सदर तावड़ू थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। सदर तावड़ू के थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और हम आरोपी बस चालक को पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

# राज्य में लागू नहीं हो सकी मछली बीमा योजना

- मछली बीमा के लिए मछलीपालक लगातार मांग कर रहे हैं। जून 2011 में राज्य में मत्स्य फसल बीमा योजना शुरू हुई थी।

निज संवाददाता | पटना



राज्य में मछली बीमा योजना लागू नहीं हो पा रही है। पिछले पांच साल से पशु व मत्स्य संसाधन विभाग इस योजना को लागू करने की तैयारी ही कर रहा है। मछली बीमा लागू नहीं होने के कारण बैंक भी मछलीपालकों को केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) नहीं दे रहा। बीमारी से मछली मरने, बाढ़, सुखाड़ और चोरी होने से हुए नुकसान की मछलीपालकों को भरपाई नहीं हो पाती है। योजना लागू नहीं होने का बड़ा कारण मछली बीमा करने के लिए बीमा कंपनियों आगे नहीं आना बताया जा रहा है।

विभागीय अधिकारियों ने कहा था कि हर हाल में 2023 में योजना लागू हो जाएगी, लेकिन एक साल बाद भी यह अब तक लागू नहीं हो सकी है। विभागीय अधिकारी के अनुसार, टीपीए (थर्ड पार्टी एडमिनिस्ट्रेटर) के लिए एक ही एजेंसी का आवेदन मिला, इसलिए इसे कैंसिल कर दिया गया। टीपीए के माध्यम से ही बीमा एजेंसियों का प्रीमियर आदि तय किया जाना था। फसल बीमा की तरह मछली बीमा के लिए मछलीपालक लगातार मांग कर रहे हैं। जून 2011 में राज्य में मत्स्य फसल बीमा योजना शुरू हुई थी। तब इस योजना के तहत प्रति एकड़ कुल 3200 रुपए प्रीमियम भुगतान का प्रावधान था। इसमें 1600 रुपए राज्य सरकार अनुदान के रूप में देती थी, जबकि 1600 रुपए मत्स्य पालकों को भुगतान करना होता था। इसके तहत मछलीपालक नर्सरी, रियरिंग तालाब एवं ब्रुडर तालाब का बीमा करा सकते थे।

पांच साल पहले विभाग ने एक एकड़ तालाब में मछली नुकसान होने पर 60 हजार से एक लाख रुपए तक की राशि मछलीबपालकों को देने का प्रावधान किया था। प्रीमियम लगभग चार हजार रुपए देना था। इसमें किसानों को 50 प्रतिशत प्रीमियम राशि यानी 2000 रुपए प्रति एकड़ की दर से भुगतान करना पड़ता। हालांकि, इस साल के लिए अभी राशि फाइनल नहीं की गई है।

# टीआरई वन : प्राथमिक शिक्षा में 60 फीसदी बाहरी उम्मीदवारों का चयन

निज संवाददाता | पटना



शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के पहले चरण में पहली से पांचवी कक्षा में 60 फीसदी बाहरी (दूसरे राज्य) के उम्मीदवारों का चयन किया गया था। इसका खुलासा आरटीआई के तहत मांगी गई जानकारी में हुआ। परीक्षा में कुल 7949 पुरुष उम्मीदवार चयनित हुए। इसमें दूसरे राज्यों के पुरुषों की संख्या 3909 है। वहीं एक से पांचवी कक्षा में कुल 17,795 का चयन हुआ था। इसमें 10 हजार 112 बाहरी उम्मीदवार है। यह आकांड़ा सामान्य श्रेणी का है।

हालांकि शुरुआती समय में लगा था कि बाहरी लोगों का सिर्फ 10 से 15 प्रतिशत चयन हुआ है। यह सूचना मुजफ्फरपुर के अनिल कुमार की ओर से मांगी गई थी। पहले चरण में पहली से पांचवीं कक्षा के लिए 79943 पदों के लिए नियुक्ति निकाली गई थी। इसमें सभी श्रेणियों की सीटें अलग-अलग थीं। हालांकि पहले चरण में एसटीईटी में माध्यमिक और उच्च माध्यमिक में बाहरी उम्मीदवारों को मौका नहीं दिया गया था। पूर्व में पास उम्मीदवारों को ही मौका दिया गया था। दूसरे चरण में पहली से 12वीं में बाहरी लोगों को मौका दिया गया था। इस बार बिहार बोर्ड की ओर से एसटीईटी के लिए पात्रता परीक्षा में भी बाहरी लोगों को आवेदन का मौका दिया गया है। एक से आठवीं में सीबीएसई की ओर से आयोजित टेट में सफल अभ्यर्थी आवेदन करते हैं। इसमें बाहरी अभ्यर्थी आवेदन भी करते हैं। दूसरे राज्यों के अभ्यर्थी बिहार में आवेदन करने पर सामान्य श्रेणी में आते हैं। यही वजह है कि अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों के बीच प्रतिस्पर्धा अधिक बढ़ जाती है।

## सीआईटीएस प्रशिक्षित अनुदेशकों की बहाली का रास्ता साफ

**पटना (नि.सं.)।** पटना हाई कोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले से सीआईटीएस प्रशिक्षित अनुदेशकों की बहाली का रास्ता साफ कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन एवं न्यायाधीश हरीश कुमार की खंडपीठ ने गोल्डेन कुमार एवं अन्य की याचिकाओं को निष्पादित करते हुए यह फैसला सुनाया। अदालत ने स्पष्ट किया कि भारत सरकार के निर्देश के अनुरुप आरपीएल के तहत सीआईटीएस करने वाले को रेगुलर के समकक्ष मानते हुए मेरिट का लाभ देना होगा। इस मामले में सीआईटीएस संघ की ओर से प्रवीण ठाकुर, अभिमत राय गोपाल जी पांडेय, रवि रंजन तथा अन्य ने हस्तक्षेप याचिका दायर कर रिट याचिकाओं का विरोध किया था। याचिकाकर्ताओं ने नियुक्ति प्रक्रिया की वैधता को चुनौती दी थी, जिसे कोर्ट ने नामंजूर कर दिया।

# नरेन्द्र मोदी ने अपने दस साल के कार्यकाल का हिसाब नहीं दिया : तेजस्वी यादव

निज संवाददाता | छपरा



पूर्व उप मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दस साल के अपने कार्यकाल में विकास के लिये क्या काम किये, उनका हिसाब उनके पास नहीं है। सारण संसदीय क्षेत्र में अपनी बड़ी बहन राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रत्याशी डॉ. रोहिणी आचार्या के पक्ष में मतदाताओं को गोलबंद करने आए विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने यहां कहा कि प्रधानमंत्री मोदी तो दस साल का हिसाब नहीं देते, लेकिन मेरे पास उनके दस साल का पूरा हिसाब है। दस साल किसान कंगाल, दस साल युवा-छात्रा बेहाल, दस साल तरक्की फटे-हाल, दस साल प्रगति का बुरा हाल, दस साल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मालामाल, दस साल फैलाया महा-जाल, दस साल बर्बाद भविष्य-काल, दस साल उम्मीदों का इंतकाल, दस साल भाषणों का भंवर-जाल, दस साल व्यापारियों का जी का जंजाल। तेजस्वी यादव ने कहा कि केंद्र में हमारी सरकार बनने पर महिलाओं को प्रतिवर्ष एक लाख रुपए यानि हर महीने 8,333 मिलेंगे। 10 किलो राशन मिलेगा। सिलेंडर सस्ता होगा। महंगाई कम होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री 10 से ज्यादा सभा बिहार में कर चुके हैं और यहां रात्रि विश्राम भी कर चुके हैं लेकिन इसके बावजूद बिहार के मुद्दे पर बात नहीं कर रहे। बिहार में लोकल मुद्दे पर चुनाव हो रहा है जबकि राष्ट्रीय मुद्दे को जबरन थोपा जा रहा है। छपरा की अधिकांश समस्याएं जस की तस है और यहां के सांसद पूरी तरह से विफल साबित हुए है। दवाई, सिंचाई, पढ़ाई, महंगाई, कमाई, रोजगार ये सब लोकल मुद्दे इस समय देश में हावी हैं लेकिन पीएम मोदी जब जब बिहार आते हैं केवल हवा हवाई बातें करते हैं। हिंदू मुसलमान करते हैं और मुद्दों की बात कभी नहीं करते।


BAYC Institute स्थापित : 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2

MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY

Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

डॉ. अजय प्रकाश सचिव

डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त अध्यक्ष

Apply Online : www.bayc.in

9572607696, 9304942855, 9334278279


परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com



इंटर (+2) पास छात्राओं के लिए सुनहरा अवसर

नये सत्र में नामांकन प्रारंभ है



ANM 2 Year

Auxiliary Nurse Midwifery

अब करे नर्सिंग की तैयारी ...

बिहार सरकार और राज्य नर्सिंग काउसिंल द्वारा मान्यता प्राप्त एवं स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना से संबंद्ध

शांता नर्सिंग इंस्टीट्यूट

बियाडा (बिजली घर के पास), जसोईया, औरंगाबाद (बिहार)

हमारी सुविधाएं :-

- उत्तम गुणवत्ता की शिक्षा ।
- सुयोग्य शुल्क संरचना।
- कैरियर की अपार संभावनाएं।
- प्रयोगिकी (क्लीनिक) प्रशिक्षण सुविधा।
- छात्रवृत्ति एवं शिक्षा ऋण की सुविधा।
- छात्रावास सुविधा उपलब्ध है।
- वाईफाई कैम्पस
- पूर्ण स्मार्ट क्लास

डा. शोभा रानी सिन्हा (निदेशक)

100 % Placement

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें पल्स विमेन्स हॉस्पीटल महाराजगंज मोड, औरंगाबाद

: 9546392904
: 7991187121

## संक्षिप्त समाचार

### आरपीएफ ने युवक की बचाई जान

**फतेहपुर।** गया-कोडरमा रेलखंड पर चलती ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए युवक की आरपीएफ ने अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाई। नंदन कानन एक्सप्रेस से चलते समय उत्तर प्रदेश का रहने वाला युवक नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार सिंह ने बताया कि 12815 अप नंदन कानन एक्सप्रेस कोडरमा से खुलने के बाद चलती ट्रेन से एक युवक नीचे गिर जाने की सूचना मिली। त्वरित कार्रवाई करते हुए आरक्षी जितेंद्र कुमार सिंह व आरक्षी अशोक पासवान तत्काल घटना स्थल पर भेजा।

### लोहार संघ के प्रखंड अध्यक्ष बनाए गए मुन्ना विश्वकर्मा

**वजीरगंज।** वजीरगंज के साहु धर्मशाला में शुक्रवार को लोहार संघ की प्रखंडस्तरीय बैठक आयोजित कर कमिटी का गठन किया गया। बैठक का उद्घाटन जिलाध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, बिगन विश्वकर्मा एवं अन्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। उसके बाद भगवान विश्वकर्मा की पूजा की गई। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के सुदूर क्षेत्रों से भी दर्जनों की संख्या में लोहार समाज के लोग उपस्थित हुए एवं प्रखंड कमिटी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से केनार निवासी मुन्ना विश्वकर्मा को प्रखंड अध्यक्ष एवं विशुनपुर निवासी उदय कुमार विश्वकर्मा तथा उपाध्यक्ष बलियारी के भगवान विश्वकर्मा को चुना गया। बैठक को संबोधित करते हुए संघ नेताओं ने कहा कि हमारी एकजुटता की हमारी ताकत है और इसी के बल पर हमारे शिक्षा, सुरक्षा तथा राजनैतिक एवं आर्थिक उत्थान संभव है। हम एक दूसरे के सहयोगी बनेंगे तो हमारा समाज भी विकास करेगा और परेशानियां घटेंगी। आज के वैज्ञानिक युग में हम ऑनलाइन भी रहकर समाज के लिये बेहतर कार्य कर सकते हैं। कमिटी गठन के बाद जिम्मेवार सदस्यों का काम है कि आपकी समस्याओं को प्रखंड से लेकर देश के उच्च स्तर के पदाधिकारियों के पास पहुंचाएं।

### दरवाजे से मालवाहक वाहन गायब, कैमरे में घटना कैद

**मानपुर।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत भुसंडा से वाहन चोरों ने एक मालवाहक वाहन को उड़ा लिया।वाहन चोरी की यह घटना पीड़ित के मकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई।भुक्तभोगी बोधगया थाना के लारपुर निवासी सुरेश पासवान द्वारा मामले की लिखित तहरीर स्थानीय थाना में दी।घटना 15 मई के अहले सुबह 3.10बजे की है।पीड़ित ने बताया की अडानी ऑयल लोड पिकअप बीआर 02 डबल्यू 8793 मंगलवार देर रात 10बजे अपने दरवाजे पर खड़ा किया।अगले दिन जब बाहर निकला तो वाहन गायब था।

### नालंदा में प्रिंसिपल हत्याकांड की मास्टरमाइंड रिंकू गिरफ्तार, पश्चिम चंपारण में ANM थी रिंकू



**नालंदा।** प्रिंसिपल हत्याकांड की मुख्य आरोपी रिंकू कुमारी को एकंगरसराय थाना की पुलिस ने पश्चिम चंपारण से गिरफ्तार कर लिया है। एक दिन पहले मुख्य शूटर को पुलिस ने गिरफ्तार किया था, जिसके स्वीकारोक्ति बयान से यह स्पष्ट हुआ था कि इस मामले में कुल पांच लोग शामिल थे। एकंगरसराय थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार झा ने बताया कि चण्डी थाना क्षेत्र के कान्धुपीपर की रहने वाली रामउदेश प्रसाद की पत्नी रिंकू कुमारी को पश्चिम चंपारण के बगहा के चौतरवा थाने की पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया गया है। रिंकू कुमारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चौतरवा में एएनएम के पद पर कार्यरत है। दरअसल साल 2023 के अक्टूबर महीने में अज्ञात बदमाशों के द्वारा स्कूल जाने वक़्त एकंगरसराय थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव निवासी अरुण कुमार को अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी थी, जिसके कारण वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। दो दिन बाद इलाज के क्रम में उनकी पटना में मौत हो गई थी। अरुण कुमार की पत्नी प्रियंका कुमारी के द्वारा अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कराया गया था। 8 लाख रुपये के लेनदेन के विवाद में भाड़े के शूटर ने गोली मारी थी। इस मामले में मुख्य शूटर हिलसा थाना क्षेत्र के कौशिक नगर निवासी अमित कुमार को पुलिस ने देसी कट्टा एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। ढाई लाख रुपए में रिंकू ने अरुण की हत्या का सौदा किया था। थाना अध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में रिंकू का भतीजा हिलसा थाना क्षेत्र के कौशिक नगर निवासी सूरज, नोनिया बिगहा निवासी बैजू कुमार एवं बिहारी कुमार फरार है। जिसके विरुद्ध पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। जल्द ही तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### नालंदा में डूबने से एक अधेड़ की मौत, पंचाने नदी में नहाने के दौरान नदी में डूबा, सफाई कर्मी का करता था काम

**नालंदा।** नालंदा में शुक्रवार को पानी भरे नदी में डूबने से एक अधेड़ की मौत हो गई। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिपाह गांव के पास की है। मृतक की पहचान दीपनगर के चकरसलपुर निवासी(50) साल के किशोरी केवट के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतक के भाई ने बताया कि किशोरी केवट बिहारशरीफ नगर निगम में सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत था। हर दिन की तरह वह काम खत्म कर घर लौटा था और नहाने के लिए पंचाने नदी गया हुआ था। जहां पैर फिसलने की वजह से गहरे पानी में चले जाने के कारण वह नदी में डूब गया। जब तक गांव वालों ने किशोरी केवट को नदी से बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। वहीं, इस घटना की जानकारी जैसे ही ग्रामीणों को मिली नदी के पास लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। शव को देख परिजनों की चीख पुकार मच गई। इसके बाद स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं, इस मामले में दीपनगर थाना अध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि नदी में डूबने से एक अधेड़ की मौत की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शव को पोस्टमॉर्टम कराने की प्रक्रिया में जुट गई है। आवेदन मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।



### गया में सड़क हादसे में एक की मौत, दूसरा घायल, खेत पटवन कर बाइक से लौट रहे थे दो भाई, ट्रैक्टर ने मारी टक्कर

**गया।** गया के सोहैल थाना क्षेत्र के सेवती गांव निवासी विनय ठाकुर और श्रवण कुमार दोनों सहोदर भाई रात्रि में खेत पटवन कर घर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी बीच रात्रि में बालू उत्खनन करने में लगे तेज गति से ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। इस घटना में श्रवण कुमार की मौत हो गई, जबकि विनय ठाकुर घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए गया रेफर कर दिया। घटना के बाद पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आयी। वहीं ट्रैक्टर चालक को सोहैल थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना शुक्रवार की रात्रि लगभग 10 बजे की बताई जा रही है। घटना के बाद मृतक श्रवण के घर में परिजनों को रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। इस मामले को लेकर परिजनों के द्वारा शनिवार की अहले सुबह थाना पहुंचकर मामला दर्ज कराया जा रहा है जबकि शव को पुलिस रात्रि में ही अपने कब्जे में ले लिया है।

# 60 महीनों से नल-जल योजना से पेयजलापूर्ति ठप

## पानी के लिए निजी समरसेबल और प्राकृतिक श्रोतों पर निर्भर ग्रामीण, मवेशियों के लिए पानी जुटाना मुश्किल

निज संवाददाता। नालंदा

बढ़ती गर्मी के साथ नालंदा के हरनौत प्रखण्ड क्षेत्र में पीने के पानी के लिए हाहाकार मचने लगा है। हर घर नल-जल योजना कुछ जगहों को छोड़कर बाकी जगह फेल साबित हुई है। पानी की तीव्रता इतनी कम होती है कि बाल्टी भरते भरते सप्लाई बंद हो जाती है। पाइप से पेयजल आपूर्ति शुरू होने से पूर्व भी पानी के लिए लोग परेशान थे और आज भी लोगों की स्थिति में सुधार नहीं हुआ। ऐसा ही मामला स्थानीय प्रखंड के लोहरा पंचायत के वार्ड संख्या 1 के मिल्कीपर गांव का है। जहां नल-जल योजना से पेयजल आपूर्ति 5 सालों से ठप है। अभी तक जिम्मेदार लोग इसका सुध नहीं ले रहे हैं। पानी के लिए गांव में हाहाकार मचा हुआ है। ग्रामीण निजी बोरिंग या प्राकृतिक स्रोतों से पानी ढो रहे हैं। मवेशियों और पशुओं के लिए पानी जुटाना मुश्किल होते जा रहा है।



**60 महीनों से नल-जल योजना का पेयजल आपूर्ति ठपः** ग्रामीण जयप्रकाश नारायण सिंह, सूरज कुमार, मालती, विनीता, रागनी, रितु, रीना, सौरभ, सुहावन, लाल आदि ने बताया कि 40 से 50 घरों का यह टोला है। इसमें करीब 700 लोग रहते हैं। जहां पांच साल पहले नल-जल योजना का पाईप बिछा कर पेयजल आपूर्ति शुरू किया गया था। जो महज कुछ महीनों के बाद दम तोड़ दिया। तब से अभी तक पेयजल आपूर्ति ठप है। इसको लेकर उन्होंने पेयजल आपूर्ति जल्द सुचारु करने की मांग की।

**क्या कहते हैं जिम्मेदार लोगः** वहीं, इस संबंध में लोहरा पंचायत सचिव विकास कुमार ने बताया कि जब से नाला बना था, तब से ही नल योजना का पाइप टूट गया। उन्होंने PHED विभाग द्वारा हैंडपंप लगवाने की बात कही। वहीं, PHED के कनीय अभियंता उपेंद्र कुमार ने कहा कि यहां की स्थिति पता है। इसके लिए प्रपोजल विभाग को भेजा गया है। एप्रूव्ड होते ही काम शुरू हो जाएगा।

# पुलिस पर फायरिंग करने वाले बदमाशों ने किया सरेंडर, गोलीबारी में एक युवक भी हुआ था जख्मी

◆ पुलिस लगातार बना रही दबिश

निज संवाददाता। गया

विष्णुपद थाने की पुलिस टीम पर आमने सामने फायरिंग करते हुए भागने वाले 2 अपराधियों ने सिविल लाइंस थाने में शुक्रवार की देर रात सरेंडर कर दिया। फायरिंग व रोड़ेबाजी की घटना बुधवार की दोपहर सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के नादरागंज की है। इस घटना में एक युवक को एक पैर में गोली भी लगी थी। उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मौके से एक पिस्टल और 4 खोखे भी बरामद किए थे। देर रात जारी सूचना में सिविल लाइंस थाने की पुलिस का कहना है कि गोलीबारी और रोड़ेबाजी करने वाले अपराधियों की अरेस्टिंग के लिए लगातार छापेमारी से दबाव बना रही थी। यही वजह रही कि अपराधी पुलिस के डर से घबरा गए और थाने में आकर सरेंडर कर दिया। खास बात यह भी जिस बदमाश का विष्णुपद पुलिस पीछा कर रही थी वे दोनों नादरागंज के ही रहने वाले हैं। दरअसल, शहर के विष्णुपद थाने की पुलिस सिविल ड्रेस में ब्राह्मणी घाट से दो बदमाशों का पीछा कर रही थी। बदमाश भागते हुए नादरागंज में घुस गए थे और पुलिस के ऊपर फायरिंग शुरू कर दी थी। इस बीच पुलिस ने एक बदमाश को पकड़ भी लिया था और उसे वे अपने साथ ले जा रहे थे लेकिन पकड़ा गया बदमाश पुलिस की पकड़ से छूट कर भागने के लिए पूरी ताकत लगाए हुए था। यह सीन देख मोहल्ले के लड़कों ने सादी वर्दी में कार्रवाई कर रहे पुलिस बल को बदमाश समझ कर उन पर रोड़ेबाजी शुरू कर दी थी। जिसका फायदा उठाते हुए बदमाश भाग गए थे। पुलिस ने मौके से एक पिस्टल और 4 खोखे बरामद किए थे। थाने में सरेंडर करने वाला अपराधी मोहम्मद राजा उर्फ सईद को बाबू उर्फ मगज है। दोनों के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में पूर्व से केस दर्ज है।



# गाड़ी बरामदगी के लिए थानों का लगा रही चक्कर

निज संवाददाता। गया

बीते वर्ष अपराधियों द्वारा लूटा गया पिकअप वाहन अब तक बरामद नहीं किए जाने से वाहन मालिक परेशान हैं। पीड़ित परिवार का कहना है वाहन ही हमारे जीवन यापन का साधन था। वाहन के नहीं होने न केवल माली हालत खराब हो गई है बल्कि लोन पर गाड़ी देने वाली कम्पनी के लोग भी आए दिन प्रताड़ित कर रहे हैं। पीड़ित महिला ने अपनी गाड़ी बरामदगी के लिए एसएसपी व आईजी से गुहार लगाई थी। महिला का यह भी आरोप है कि इस मामले में दो लोगों को पकड़ा गया था पर उन्हें छोड़ दिया गया। अतरी थाना से बार बार सम्पर्क किया गया पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। लूट की घटना बीते वर्ष की है। पीड़िता प्रभा देवी का कहना है कि बीते वर्ष आठवें महीने में अतरी थाना क्षेत्र में पिकअप वाहन लूट की घटना हुई थी। वाहन पर नींबू लदा था। अपराधियों ने वाहन समेत निम्बू लूट लिए थे। वाहन को खुद पति ही चला रहे थे। पति का मोबाइल भी अपराधी अपने साथ ले गए थे। इस मामले में अतरी थाने में केस दर्ज कराया गया था। पुलिस ने दो अपराधियों को पकड़ा था पर उसे छोड़ दिया। पकड़े गए अपराधियों ने वाहन लूटने वालों के बाबत पुलिस को जानकारी भी दी थी पर न तो घटना को अंजाम देने वाले लूटेरे ही पकड़े गए और न ही वाहन बरामद किए जा सके हैं। वाहन की बरामदगी नहीं होने की वजह से जीवन यापन करना कठिन हो गया है। प्रभा देवी कहना है कि लोन पर गाड़ी ली गई थी। इस वजह से लोन वाले भी काफी परेशान कर रहे हैं। वे हर माह किस्ती के लिए दवाब बना रहे हैं।



# सुल्तानपुर प्रीमियम लीग में खेला गया 11वां मुकाबला

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के एकंगरसराय प्रखंड के केशोपुर पंचायत के सुल्तानपुर खेल मैदान में T20 क्रिकेट मैच का आयोजन किया जा रहा है। सुल्तानपुर प्रीमियर लीग में शनिवार को 11वां मुकाबला खेला गया। यह मैच माही 11 एकंगरसराय और हैप्पी क्लब केशोपुर के बीच खेला गया। जिसमें हैप्पी क्लब केशोपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

**माही 11 एकंगरसराय ने किया बेहतर प्रदर्शनः** निर्धारित 12 ओवर में हैप्पी क्लब की टीम ने 100 रन का स्कोर खड़ा किया। जिसमें हैप्पी क्लब की ओर से सोहन कुमार ने सर्वाधिक 25 रन अपनी टीम के लिए जोड़ा। 101 करने की पीछा करने उतरी माही 11 एकंगरसराय की टीम ने मात्र 9.4 ओवर में लक्ष्य को हासिल कर लिया। आज के मैच के हीरो रहे युवराज ने माही 11 टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया। बल्लेबाजी में जहां उसने एक रन बनाया तो वहीं गेंदबाजी में तीन विकेट लिए। सुल्तानपुर प्रीमियर लीग में अंपायर की भूमिका पंकज और संजीव ने निभाया तो वहीं स्कोरर के रूप में अंकुश और सूरज रहें। वही मैच में कमेंट्री नेशनल खिलाड़ी एवं स्टेट रेफरी कुणाल बनर्जी ने किया। जबकि नीतीश, सौरभ एवं कमेटी के अन्य लोगों ने मैच के आयोजन को लेकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।



# आग से झुलस कर बुजुर्ग की मौत, डेढ़ महीना पूर्व भूमि विवाद में बदमाशों ने भूसे के ढेर में आग लगा दिया था धक्का

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में आग से झुलसे अधेड़ की इलाज के दौरान शनिवार को मौत हो गई। मामला चंडी थाना क्षेत्र के ओली बीघा गांव का है। मृतक की पहचान ओली बीघा गांव निवासी स्व.लालू प्रसाद के (59) वर्षीय पुत्र अयोध्या प्रसाद के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतक के छोटे भाई शंकर प्रसाद ने बताया कि करीब डेढ़ माह पूर्व उसके भाई अयोध्या प्रसाद ने पटना जिला के फतुहा थाना क्षेत्र के लोहटा गांव निवासी से 22 कट्ठा जमीन खरीदी थी। इसका विरोध पड़ोस गांव के हरपुर निवासी शंभू महतो, रविंद्र महतो, विलास महतो और बिंदी महतो कर रहे थे। उनके भाई से वो लोग जबरदस्ती जमीन छोड़ने का दबाव बना रहे थे। चैती छठ के पहले अर्घ के दिन टेका बीघा गांव में परिवार से मिलकर अयोध्या प्रसाद घर लौट रहे थे। तभी पूर्व से घात लगाए हरपुर में बदमाशों ने उन्हें पकड़ लिया और गेहूं के भूसे में आग लगाकर धक्का दे दिया। जब बुजुर्ग आग से झुलस गए और चीखने चिल्लाने लगे तो सभी बदमाश मौके से फरार हो गयए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए चण्डी रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से नाजुक हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। इलाज के क्रम में डेढ़ महीने बाद उनकी मौत हो गई। वह इस मामले में चण्डी थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि इस मामले में कुल चार लोगों को आरोपित कर मामला दर्ज कराया गया था। वहीं मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अन्य तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। मौत की पुष्टि के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।



# नालंदा के हरनौत में बाबा बखतौर पूजनोत्सव आज, 150 मन हुमाद से होगा हवन

## भक्तों के बीच बांटा जाएगा 100 मन रसिया

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में बाबा बख्तौर के पूजनोत्सव को लेकर बीते शाम शोभा यात्रा और रात में जागरण हुआ। वहीं आज दर्जनों गांव के हजारों लोग पूजा में जुटेंगे।

**वैशाख शुक्ल पक्ष को होता है आयोजनः** हर एक साल की तरह इस साल भी वैशाख शुक्ल पक्ष को लेकर हरनौत नगर पंचायत के सबनहुआ डीह स्थित बाबा बख्तौर मंदिर में आज पूजा होगी। भक्त सुख, समृद्धि और शांति की कामना करेंगे। भगत से मन्नत मांगेंगे। बाबा बख्तौर, माता गहेल, खिरहर बसावन, नटवा प्राण सिंह, बांगुर बाबा आदि देवी-देवताओं का बुलावा हुआ है। इसमें मुनरिक भगत, रामबाबू भगत, सौरभ भगत, पोधी भगत सको भगत और उपेंद्र भगत और नवादा के महेंद्र भगत और बख्तियारपुर के मानर में राजेश तूफानी शामिल होंगे।



**आज जुटेंगे हजारों भक्तः** मुनारिक भगत ने बताया कि यह यादवों की परंपरागत पूजा है। सुबह से पूजा शुरू हो जाएगी। जो देर शाम तक चलेगी। हवन भी किया जाएगा। महिलाएं अपने आंचल पसारकर भगत से आशीर्वाद लेंगी। इनकी मनोकामना पूरी हो गई है। वे पूजा में मनौती पूरा करेंगे। उन्होंने बताया कि यह पूजा साल 1995 से हर साल बृहद पैमाने पर की जाती है। इसमें नालंदा के अलावा नवादा, शेखपुरा, पटना, लक्खीसराय समेत कई जिले के लोग पहुंचते हैं। लगभग 150 मन हुमाद से हवन किया जाएगा। साथ ही पूजा में आए सभी भक्तों को प्रसाद के रूप में तकरीबन 100 मन रसिया बांटा जाएगा।

**जुल्म का अंत करने के लिए हुआ था जन्मः** ग्रामीणों ने बाबा बख्तौर के बारे में बताया कि जब जब पृथ्वी पर जुल्म, अत्याचार और गरीबों को शोषण हुआ। किसी देवता और महात्मा ने जन्म लिया है। राजा दलेल सिंह और राक्षसों का अत्याचार पृथ्वी पर बढ़ा, तो माता कोयला के गर्भ से बाबा बख्तौर का जन्म हुआ था। इनके पिता पूरणमाल थे। गाय भैंस के साथ-साथ इंसान पर राजा दलेल सिंह के शेला बाघ और लुलही बाघिन जुल्म और अत्याचार करने लगा था। इसके खिलाफ उन्होंने आवाज उठाई। इन्होंने युद्ध कर 52 कोस का वनबेरिया जीता था। इसके बाद साजिश के तहत इनके मामा बदन सिंह को मिलाकर राजा दलेल ने वध कर दिया। सेला बाघ और लुलही बाघिन जंगल में बन प्राणियों पर अत्याचार करने लगा था। उस समय भी इन्होंने लड़ाई लड़ कर लोगों की रक्षा की थी।

# गया में लूट के 2 आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया

गया के डोभी थाना क्षेत्र में गुरुवार को सरेआम लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो अपराधी को पुलिस ने अरेस्ट किया है। पकड़े गए अपराधियों ने बंधन बैंक के कलेक्शन एजेंट से हथियार के बल पर लूट की घटना को अंजाम दिया था। कलेक्शन एजेंट से 1,64,650 रुपए लूट लिए थे। वारदात में इस्तेमाल बाइक भी बरामद की गई है। पुलिस का दावा है कि उसने 24 घण्टे के भीतर ही घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों को अरेस्ट किया है। शेरघाटी 2 एसडीपीओ संजीत कुमार प्रभात ने बताया कि संजित कुमार प्रभात ने बताया कि गुरुवार दोपहर बाद डोभी ब्लॉक के सामने जीटी रोड से बंधन बैंक का कर्मी अनिश कुमार कलेक्शन कर के डोभी की ओर लौट रहा था। इसी बीच एक बाइक पर सवार 3 अपराधकर्मियों में पिस्टल दिखा कर उसके पास बैग में रखे करीब 1,64,650 रुपए, फिंगर प्रिंट डिवाइस, कुछ अन्य कागजात और पर्स में रखे नगद रूपए लूट लिए थे। लूट की सूचना के आधार पर एक एसआईटी गठित की गई। विशेष टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शेरघाटी-2, पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष डोभी मुकेश कुमार और बाराचट्टी थानध्यक्ष को शामिल किया गया। एसआईटी टीम ने तकनीकी पड़ताल की बदौलत लूटे गए रुपए में से 26 हजार नगद और घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल के साथ दो अपराधी अभिषेक कुमार उम्र 19 साल पिता शंकर चौधरी गांव टंडवा (2) सतीश कुमार उम्र 22 साल गांव ढिबरा को गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए दोनों बदमाश जिले के गुरुआ क्षेत्र के रहने वाले हैं। थाना गुरूआ जिला गया को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि शेष रुपए और अन्य समानों की बरामदगी के लिए पुलिस की टीम जुटी हुई है।



◆ बैंक कर्मी से लूट की वारदात को दिया था अंजाम, डेढ़ लाख से अधिक रुपए लूटे

काराकाट लोकसभा सीट के लिए सातवें चरण में 1 जून को होगा मतदान

# 25 मई को काराकाट आएंगे पीएम नरेंद्र मोदी



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 मई को एनडीए उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा के लिए प्रचार करने काराकाट आएंगे। इसको लेकर पार्टी की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है। इस संबंध में उपेंद्र कुशवाहा ने बताया कि प्रधानमंत्री की सभा को लेकर स्थल का चयन किया जा रहा है। फिलहाल तीन जगहों को सूची में रखा गया है। इसमें हवाई अड्डा, सुअरा और डालमियानगर शामिल है। प्रशासन से बातचीत कर जल्द ही स्थान फाइनल कर लिया जाएगा। काराकाट लोकसभा सीट पर के लिए सातवें चरण में 1 जून को मतदान होना है। अब चुनाव प्रचार परवान पकड़ने लगा है। एसे में बड़ी खबर है कि मालूम हो कि इस सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप से पवन सिंह मैदान मैदान में है। वहीं इंडिया गठबंधन की ओर से राजा राम सिंह ने पर्चा भरा है। इसके कारण लड़ाई त्रिकोणीय हो गई है। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी की सभा की जानकारी मिलते ही राजनीति सरगर्मी तेज हो गई है। एनडीए के खेमे में उत्साह का माहौल हो गया है। बता दे कि काराकाट सीट से कुल 13 उम्मीदवार मैदान में है। इसमें एनडीए के प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी राजा राम सिंह, निर्दलीय पवन सिंह, बसपा के धीरज कुमार सिंह, राष्ट्र सेवा दल के प्रत्याशी प्रदीप जोशी, एआईएमआईएम की प्रत्याशी प्रियंका प्रसाद, प्रयाग पासवान, इंद्र राज रौशन, अवधेश पासवान, विकास विनायक, राजेश्वर पासवान, अजित कुमार सिंह शामिल है।

## एनडीए एकतरफा चुनाव में जीतेगा : उपेंद्र कुशवाहा

निज संवाददाता




**डेहरी-ऑन-सोन (रोहतास)।** डेहरी में शनिवार को एनडीए कैंडिडेट उपेंद्र कुशवाहा ने काराकाट सीट से भोजपुरी स्टार पवन सिंह की निर्दलीय उम्मीदवारी को लालू यादव की साजिश करार दिया। उन्होंने कहा कि लालू यादव जो भी उनके खिलाफ कर सकते हैं, वो कर रहे हैं। उनकी साजिश को लोग समझ रहे हैं कि इससे किसका फायदा हो सकता है, किसका नुकसान हो सकता है। उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि लालू पहले भी उनके रास्ते में कांटा बोते रहे हैं। आगे भी बोते रहेंगे, लेकिन बिहार की जनता उनके झांसे में नहीं आने वाली हैं। काराकाट संसदीय क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने शनिवार को डेहरी के एक होटल में बतौर सांसद अपने 2014-19 के कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाया। साथ ही अपने राजनीतिक विरोधियों पर कटाक्ष भी किया। वहीं, काराकाट सीट से पवन सिंह की निर्दलीय उम्मीदवारी के बाद भी बीजेपी के कार्रवाई नहीं करने पर उन्होंने कहा कि भाजपा उन पर कार्रवाई करेगी, नहीं करेगी, उन पर छोड़ दीजिए, इन सब का कोई मतलब नहीं है। कुशवाहा ने कहा कि सवर्ण समाज भी समझ रहा है कि क्या उचित है और क्या अनुचित है, सब लोग समझ रहे हैं। कोई डायवर्ट नहीं होने वाला है। एनडीए एकतरफा चुनाव में जीतेगा। उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि उन्होंने मानव संसाधन विभाग के राज्य मंत्री के रूप में काराकाट क्षेत्र के नवीनगर में केंद्रीय विद्यालय खुलवाया। सासाराम के केंद्रीय विद्यालय के नए भवन का निर्माण करवाया, जिसका उद्घाटन भी उन्होंने ही किया। कहा कि जब वो मंत्री थे, तब काराकाट क्षेत्र से संबंध रखने वाले हजारों बच्चों का नामांकन देश के विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों में करवाया।

सीएम अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार को किया गया गिरफ्तार

# बिभव कुमार के पिता ने कहा, न्यायालय पर पूरा विश्वास है बिभव को जरूर मिलेगा न्याय

- बिभव को चुनाव लड़ने का भी मिला था ऑफर
- लंबे समय से अरविंद केजरीवाल के साथ जुड़े हैं बिभव
- एनजीओ में काम के दौरान अरविंद केजरीवाल से हुई थी पहचान



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार बिहार के रोहतास जिला के खुजरू गांव के रहने वाले हैं। आप सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट और बदसलूकी के मामले में शनिवार को उन्हें गिरफ्तार किया गया है। बेटे की गिरफ्तारी से उनके पिता महेश्वर राय उर्फ बड़े लाल राय दुखी है। उन्होंने कहा कि बिभव ने फोन कर मुझे सारी बात बताई थी। अपने बेटे को निर्दोष बताते हुए महेश्वर राय ने कहा कि मुझे न्यायालय पर पूरा विश्वास है। बिभव को न्याय जरूर मिलेगा। रोहतास के कोचस प्रखंड स्थित नरवर पंचायत में बिभव कुमार का पैतृक घर है। यहां उनकी गिरफ्तारी को लेकर खूब चर्चा हो रही है। बिभव के पिता महेश्वर राय उर्फ बड़े लाल राय किसान है और गांव में ही रहते है। वहीं, ग्रामीणों ने बताया कि बड़े लाल राय के दो बेटे हैं। बिभव कुमार बड़ा है और शंभु राय छोटा है। दोनों पिछले दो दशक से दिल्ली में ही रह रहे हैं। छोटा बेटा फैशन डिजाइनर है और उसका अपना व्यवसाय है। जबकि, बड़ा बेटा बिभव लंबे समय से अरविंद केजरीवाल के साथ जुड़ा है। गांव के लोगों ने बताया बिभव कुमार ने बीएचयू से पत्रकारिता की पढ़ाई की। इसके बाद वह दिल्ली चला गया। शुरुआत में दिल्ली में रहकर एक एनजीओ से जुड़ा। वहां पर काम करने के दौरान ही अरविंद केजरीवाल से परिचय हुआ। वह फिर उनके साथ काम करने लगा। अन्ना आंदोलन के समय भी अरविंद केजरीवाल के साथ रहा। इसके बाद जब चुनाव जीतकर अरविंद केजरीवाल सीएम बने तो वह उनका पीए बना। उसके बाद से उन्हीं के साथ पीए के रूप में काम कर रहा है। ेगों की माने तो वह अरविंद केजरीवाल का विश्वासी माना जाता है। बिभव को चुनाव लड़ने का भी ऑफर मिला था, लेकिन पर्दे के पीछे से ही काम करने को उसने प्राथमिकता दी। अब स्वाति मालीवाल के कारण वह चर्चा में हैं।

# सिंगर के साथ गैंगरेप करने वालों में एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

निज संवाददाता



**भभुआ (कैमूर)।** रोहतास के कोचस में गायकी प्रोग्राम में शामिल होने के लिए कैमूर जिले के मोहनिया पहुंची सिंगर के साथ गैंगरेप किया था। बस से उतरने के बाद बदमाश बाइक से दूसरी जगह ले गए थे और सुनसान जगह देख वारदात को अंजाम दिया था। पीड़िता ने महिला थाना में आवेदन दिया था। मामले मं पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरा आरोपी उत्तर प्रदेश के दिलदार नगर थाने का रहने वाला है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। मोहनीया डीएसपी दिलीप कुमार ने बताया प्रोग्राम के लिए जा रही एक सिंगार जब बस स्टैंड मोहनिया पहुंची तो बाइक सवार दो युवक उसे बहला फुसला कर मोहनिया बस स्टैंड से नुआंव नदी पुल के नीचे ले गए। घटना को अंजाम देकर दोनों फरार हो गए थे। मामले में महिला थाना भभुआ में मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने अनुसंधान करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी कर रही है।

# अपने खेत से घर लौट रही नाबालिग के साथ किशोर ने किया रेप, आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता




**चांद (कैमूर)।** कैमूर के चांद थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने खेत से घर लौट रही नाबालिग लड़की के अकेलेपन का फायदा उठाकर गांव के ही आरोपी किशोर ने उसे खेत में ले जाकर रेप की घटना को अंजाम दिया। जब जानकारी पीड़िता ने अपने घर वालों को दी तो पूरे मामले की जानकारी परिजनों द्वारा चांद थाना को दी गई। सूचना पर पहुंची चांद पुलिस आरोपी नाबालिग लड़के को पकड़ कर थाना लेते गई। मेडिकल जांच कराते हुए आगे की कार्रवाई में पुलिस जुटी हुई थी। भभुआ डीएसपी शिव शंकर कुमार ने बताया कि चांद थाना क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग लड़की अपने खेतों से घर की तरफ जा रही थी।

तभी उसे अकेला देख कर आरोपी ने उसे जबरदस्ती दूसरे खेत में ले जाकर रेप किया। घटना की जानकारी जब चांद थाना पुलिस को पीड़िता के परिजनों द्वारा दी गई तो पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले का जांच पड़ताल करते हुए आरोपी लड़के को पकड़ कर पुलिस चांद थाना लाई। जहां पूरे मामले की पूछताछ करते हुए पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में पुलिस जुटी हुई है।

# जिले में चेक प्वाइंट पर पुलिस मुस्तैदी से कर रही काम : एसपी

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** जिले में विभिन्न चेक नाकों पर पुलिस की चौकसी बढ़ गई है। चेक नाकों पर तैनात पुलिस की सघन जांच के बाद ही यहां से वाहनों को गुजरना पड़ रहा है। यूपी सीमा से लगे धरौली में एस एस टी चेकिंग से वाहनों को गुजरना पड़ रहा है। उधर, जिले में पुलिस की रात्रि गश्ती भी तेज हो गई है। इस दौरान कैमूर पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने और शांति व्यवस्था बनाये रखने के मद्देनजर अपने-अपने थाना क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर संदिग्ध स्थलों पर विशेष निगरानी और वाहनों की चेकिंग कर रही है। इस संबंध में एसपी, कैमूर ललित मोहन शर्मा का कहना है कि जिले में चेक प्वाइंट पर पुलिस मुस्तैदी से काम कर रही है। उधर, रात्रि गश्ती भी पुलिस मुस्तैदी के साथ कर रही है। इस दौरान पुलिस अफसर और पुलिस जवान जिले के अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत महत्वपूर्ण स्थलों के आसपास के अलावे विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत लिंक और मुख्य सड़कों पर रात्रि के दौरान सर्च अभियान तेज कर दी गई है। इस दौरान पुलिस अफसर और जवान हर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। रात्रि गश्ती के दौरान जो भी संदिग्ध गतिविधियां सामने आ रही हैं, पुलिस अफसर मुस्तैदी के साथ कार्रवाई भी कर रहे हैं। जिले में सभी थाना के थाना अध्यक्षों को कड़ी चौकसी के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। बता दें की लोक सभा चुनाव के मद्देनजर संदिग्ध गतिविधियों पर कैमूर पुलिस चौकस दिख रही है।

## नशे में हंगामा करते चार लोगों को किया गिरफ्तार

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** नगर थाने की पुलिस ने विभिन्न गांवों में छापेमारी कर नशे की हालत में हंगामा करते चार लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए लोगों में भभुआ थाना क्षेत्र के सिकठी गांव निवासी अनिल कुमार बिंद, खरू बिंद, नौवाझोटी गांव के शेषनाथ यादव व सीवों गांव निवासी त्रिवेणी मुसहर शामिल हैं। गिरफ्तार चारों आरोपियों का सदर अस्पताल के चिकित्सक से स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया, जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई। पुलिस ने उनके खिलाफ मद्य निषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# मतदान केंद्रों पर मिलेगा देसी फ्रीज का पानी

- भगवानपुर प्रखंड के 69 मतदान केंद्रों पर पानी पिलाने के लिए रहेंगे कर्मी
- मतदान कराने आनेवाले कर्मियों के लिए खाना पकाना रसोइया के जिम्मे

निज संवाददाता

**भगवानपुर(कैमूर)।** लोकसभा चुनाव के दौरान प्रखंड के सभी 69 मतदान केंद्रों पर गला तर करने के लिए देसी फ्रीज (घड़ा) का पानी पीने के लिए मिलेगा। मतदाताओं को ठंडा पानी पिलाने के लिए कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसकी जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रभूषण कुमार ने दी और बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के दौरान पड़नेवाली गर्मी को देख मतदान के दिन बूथों पर मतदाताओं के लिए ठंडा पानी इंतजाम करने का निर्देश दिया है। इसके लिए घड़े की खरीदारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि तीखी धूप को देखते हुए सभी मतदान केंद्र पर एक-एक प्रतीक्षालय भी बनाया जाएगा। इसके लिए मतदान केंद्र परिसर में एक अलग रूम में बनाया जाएगा, जहां बैठकर मतदाता अपने वोट देने की बारी का इंतजार कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस लोकसभा चुनाव में भगवानपुर प्रखंड के 69 मतदान केन्द्र पर कुल 65151 मतदाता वोट कर सकेंगे। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 33934 और महिला मतदाताओं की संख्या 31217 शामिल है। इन मतदाताओं में 3000 वोटर पहली बार मतदान कर सकेंगे। उन्होंने बताया 85 वर्ष से अधिक उम्र के 654 मतदाताओं को वोट देने के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। होगी । प्रखंड में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 1048 है। बीडीओ ने कहा कि मतदान केंद्र पर दिव्यांग मतदाताओं को वोट देने के लिए 52 व्हीलचेयर की व्यवस्था भी की गई है। इससे वह आसानी से बूथों पर मतदान करने पहुंच जाएंगे।

# रोहतास डेयरी प्रोजेक्ट में छात्रों का कराया गया औद्योगिक भ्रमण

निज संवाददाता



**जमुहार (रोहतास)।** जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा छात्रों के लिए इंडस्ट्रियल विजिट का आयोजन किया गया। जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडी की ओर से शनिवार को बी.एम.एस छठे सेमेस्टर के छात्र- छात्राओं को रोहतास डेयरी प्रोजेक्ट (सुधा) डेहरी- ऑन- सोन में औद्योगिक भ्रमण कराया गया। औद्योगिक भ्रमण के लिए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय परिसर से बस को शैक्षणिक निर्देशक सुदीप सिंह, कंट्रोलर ऑफ़ एग्जामिनेशन प्रो. डॉ. कुमार आलोक प्रताप, प्रो. डॉ. रजनीश रत्न, प्रो. डॉ. आलोक कुमार, डॉ अभिषेक श्रीवास्तव, राजीव रंजन एवं निखिल निशांत ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रोहतास डेरी प्रोजेक्ट (सुधा) पहुंचते ही शिफ्ट प्रभारी विद्यर्थियों से मिले और सबसे पहले उन्होंने मौखिक रूप से दूध के प्रसंस्करण के बारे मैं जानकारी दी, पूरी फैक्ट्री का विश्लेषण किया और प्रत्येक प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया के कैसे सुधा दूध प्रसंस्करण कारखाने में, सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए दूध को कई चरणों से गुजरना पड़ता है। इसके अलावा सुधा के कई प्रोडक्ट जैसे लस्सी, छांछ, पेड़े, दही अदि के भी प्रोडक्शन प्रोसेस को विस्तार पूर्वक समझाया एवं सभी प्रोडक्ट के मार्केटिंग एवं सप्लाई चैन के प्रक्रियाओं से भी अवगत कराया। इंडस्ट्रियल विजिट में फैकल्टी ऑफ़ मैनेजमेंट संकाय से डॉ बी एस गुप्ता, डॉ अमित रंजन, पम्मी कुमारी एवं बी. एम. एस. छठे सेमेस्टर के विद्यार्थी शामिल थे।

# जहानाबाद न्यायालय ने हत्या के दो मामलों में पिता और पुत्र को आजीवन कारावास, 25 हजार रुपए का अर्थदंड

निज संवाददाता



**जहानाबाद।** जहानाबाद न्यायालय ने हत्या के दो अलग अलग मामलों में पिता-पुत्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जहानाबाद न्यायालय के एडीजी-2 ने फैसला सुनाते हुए दोषियों पर 25,000 रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। मामला जिले के परसबीघा थाना क्षेत्र के कोडीहरा गांव का है। जहां 2019 और 2022 में दो भाइयों अमरिंदर सिंह और अरविंद सिंह की हत्या कर दी गई थी। घटना को लेकर दो अलग-अलग कांड दर्ज किए गए थे। जिसमें 8 गवाहों की गवाही के बाद न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए सुधीर कुमार और बिट्टू कुमार उर्फ बालाजी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सरकारी अधिवक्ता बिंदु भूषण सिंह ने कहा कि कोडिहरा गांव में 2019 में एक व्यक्ति की हत्या हुई थी, जिसमें हत्या के मामले में गवाह रहे मृतक के भाई को भी दोषियों ने 2022 में हत्या कर दी थी। दोनों मामला न्यायालय में चल रहा था। जिस पर न्यायालय ने गवाहों की गवाही के बाद फैसला सुनाया। इधर, फैसला आने के बाद मृतक की पत्नी और कठोर सजा सुनाने की मांग कर रही है। जैसे ही फैसला सुनाया गया मृतक की पत्नी ने अभियुक्त के फोटो को कोर्ट के गेट पर जलाकर अपना रोष व्यक्त किया। फैसला आने के बाद सरकारी वकील को राखी बांधकर मृतक की पत्नी ने वकील के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि आपने अभियुक्त को सजा दिलाने का काम किया है। इसलिए आज मैं राखी बांधकर भाई के रूप में आपका आभार व्यक्त करती हूं।

## शराब के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार

**चांद (कैमूर) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के दुल्हीपुर गांव के पास से उत्पाद विभाग की पुलिस में 45 पीस देसी शराब के साथ दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों में चांद थाना क्षेत्र के छोटका अमांव गांव निवासी बेचू चौधरी के पुत्र रवि चौधरी व शंकर वनवासी के पुत्र धर्मेंद्र वनवासी बताया शामिल हैं। उत्पाद विभाग के अधिकारी ओमप्रकाश कुमार ने बताया कि शराब मामले को लेकर जांच अभियान चल रहा था। इसी दौरान यूपी की ओर से बाइक पर आ रहे दो लोगों लोगों को रोककर जांच की गई। उनके पास से 45 पीस ब्लू लाइन देसी शराब मिली। पुलिस ने शराब और बाइक को जब्त करते हुए दोनों धंधेबाजों को गिरफ्तार कर थाना लाया। केस दर्ज कर मेडिकल जांच के बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# पूर्व डिप्टी सीएम के निधन पर एनडीए कार्यालय में शोक सभा का किया गया आयोजन

निज संवाददाता



**अरवल।** भाजपा के कद्दावर नेता व पूर्व डिप्टी सीएम श्रद्धेय सुशील कुमार मोदी के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा का आयोजन एनडीए कार्यालय में किया गया। एनडीए के बैनर तले आयोजित शोक सभा में एनडीए के कार्यकर्ताओ एवं नेताओं ने उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी व व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा की। भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने उनके व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि श्रद्धेय सुशील कुमार मोदी सदैव सूबे की विकास की चर्चा करने वाले शख्स थे। सुशील मोदी के निधन से राजनीति के एक अध्याय का अंत हो गया है। लोकतंत्र के सभी सदनों में अपनी मौजूदगी रखने वाले सुशील कुमार मोदी की भरपाई कोई और नही कर सकता है। बिहार में भाजपा के उत्थान और उसकी सफलताओं के पीछे उनका अमूल्य योगदान रहा है। आपातकाल का पुरज़ोर विरोध करते हुए, उन्होंने छात्र राजनीति से अपनी एक अलग पहचान बनाई थी। वे बेहद मेहनती और मिलनसार विधायक के रूप में जाने जाते थे। राजनीति से जुड़े विषयों को लेकर उनकी समझ बहुत गहरी थी। उन्होंने एक प्रशासक के तौर पर भी काफ़ी सराहनीय कार्य किए। जीएसटी पारित होने में उनकी सक्रिय भूमिका सदैव स्मरणीय रहेगी। शोक की इस घड़ी में समस्त एनडीए कार्यकर्ता उनके परिवार और समर्थकों के साथ हैं। सुशील मोदी जेपी आंदोलन की उपज माने जाते थे। उनकी छात्र राजनीति की शुरुआत साल 1971 में हुई। पूर्व जिला अध्यक्ष राम विनय शर्मा ने कहा कि सुशील कुमार मोदी के निधन से बिहार की राजनित का एक अध्याय का अंत हो गया, इस अपूर्णीय क्षति को कोई भरपाई नहीं कर सकता।

मृतक के भाई ने छह लोगों व दूसरे पक्ष ने तीन लोगों के खिलाफ दिया आवेदन

# युवक की गोली मार हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता

**चांद (कैमूर)।** थाना क्षेत्र के निबी गांव में गोली मार हत्या करने के मामले में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में अभी पांच आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। गिरफ्तार मुन्नन मिश्र निबी गांव का निवासी है। इस मामले में मृतक के भाई अनिल मिश्रा ने नीबी गांव के मोहन मिश्र, अनीत मिश्र, प्रेमशंकर, अजय मिश्र, मुन्नन मिश्र व चंदन मिश्र पर प्राथमिकी दर्ज करने करने के लिए आवेदन दिया है। दूसरे पक्ष से मुन्नन मिश्र ने भी मृतक अजीत मिश्रा, ललन मिश्र व अनिल मिश्र पर प्राथमिकी दर्ज करने आवेदन दिया है। इस संबंध में चांद थानाध्यक्ष मो. इरफान रजा ने बताया कि गोली लगने से युवक की हुई हत्या मामले में मुन्नन मिश्र को गिरफ्तार किया गया है। शेष पांच आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। बताया गया है कि भूमि विवाद में मुन्नन मिश्रा व अजीत मिश्रा के बीच हुए ताजा विवाद के बाद शुक्रवार को गोलीबारी हुई, जिसमें गोली लगने से अजीत मिश्र गंभीर रूप से घायल हो गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी प्रभारी डॉ. संजय कुमार ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया था। बीएचयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती करने के तुरंत बाद देर शाम उसने दम तोड़ दिया।

## सड़क हादसे में युवक की हालत गंभीर, किया रेफर

**भगवानपुर (कैमूर) (नि. सं.)।** थाना क्षेत्र के टोड़ी गांव के पास अनियंत्रित बाइक पलट गई, जिससे उसका चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल 19 वर्षीय जयराम कुमार टोड़ी गांव निवासी सुदर्शन गोंड का पुत्र है। उसे इलाज के लिए आनन-फानन में भगवानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सक द्वारा उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। उसे एंबुलेंस से सदर अस्पताल ले जाया गया।

जीविका दीदी को 5-5 लोगों को जागरूक कर मतदान कराने की दी जिम्मेदारी

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने को ले डीडीसी ने जीविका संग की बैठक

- प्रवासी लोगों को यात्रा किराया में वित्तीय सहायता जीविका की ओर से की जाएगी

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए डीडीसी ज्ञान प्रकाश ने शनिवार को जीविका संग बैठक की। उन्होंने सभी स्वयं सहायता समूह की प्रतिनिधि जीविका दीदी को 5-5 लोगों को जागरूक कर बूथ तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई। यह भी बताया गया कि जिस परिवार के सदस्य बहार काम करते हैं और आने में पैसे की दिक्कत है, उन्हें जीविका की ओर से वित्तीय सहायता दी जाएगी। जीविका दीदी घर-घर जाकर मतदान करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित कर उन्हें बूथ पर शीतल पेयजल, शेड, प्रतीक्षालय, शौचालय आदि की सुविधा की जानकारी देंगी। जीविका दीदी रजिस्टर के माध्यम से हस्ताक्षर अभियान चलाकर मतदाताओं को शपथ दिलाएंगी। डीडीसी द्वारा प्रतिदिन बीडीओ व बीपीएम को चल रही गतिविधि की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी विजय कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता, बीडीओ सतीश कुमार, सीओ पुरुषोत्तम कुमार, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संजय उपाध्याय, जीविका के डीपीएम आदि थे।

# सरकारी विद्यालयों में समय सारणी में बदलाव से छात्र और शिक्षक दोनों परेशान

निज संवाददाता




**नवादा**। जिले के विभिन्न प्रखंडो के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के सरकारी स्कूल गर्मी की छुट्टी के बाद गुरुवार से खुल ही गए। सरकारी स्कूलों में वर्ग संचालन की बदली हुई व्यवस्था के बाद अब वर्ग का संचालन सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक हो रहा है उसके बाद मिशन दक्ष के तहत कमजोर बच्चो के लिये डेढ़ बजे तक अलग से पढ़ाई करना है उसके बाद ही विद्यालय छोड़ना है अब सभी प्राथमिक, मिडिल, हाई व प्लस टू स्कूल में नए समय सारणी के अनुसार ही चल रहे हैं। नई व्यवस्था में सुबह छः बजे से कक्षा प्रारम्भ 10 से साढ़े दस बजे पूर्वांहन के बीच बच्चों को माध्यहन भोजन खाने के लिए दिया जायेगा। वहीं, 12 बजे स्कूल की पढ़ाई समाप्त होने के बाद शिक्षक मिशन दक्ष के तहत कमजोर बच्चों को पढ़ाने का काम करेंगे, साथ ही स्कूल से जुड़े अन्य कार्य भी करेंगे। जैसा की शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के आदेश है स्कूल से शिक्षक व कर्मी डेढ़ बजे दिन में रवाना होंगे। बहरहाल, 15 अप्रैल से 15 मई तक गर्मी की छुट्टी को लेकर स्कूल खुलने के बाद विभाग ने भीषण गर्मी का असर बच्चों के स्वास्थ्य पर नहीं पड़े, इसे लेकर नए समय सारणी के अनुसार, स्कूल संचालित करने का निर्णय तो ले लिया, लेकिन इसका असर पहले दिन स्कूलों में देखने को नहीं मिला। छात्र-छात्राओं से लेकर शिक्षक तक परेशान दिखे। विशेषकर महिला शिक्षिकाएं अधिक परेशान दिखी। आमतौर पर पहले दिन उपस्थिति भी स्कूलों में 50 प्रतिशत से ज्यादा नहीं रही। हालांकि सभी विद्यालयों में बच्चो की उपस्थिति विभागीय निर्देशनुसार 90 प्रतिशत ही बनाई जा रही है शिक्षकों के समक्ष एक तरफ खाई दूसरी तरफ आग बाली कहावत हो गयी है अगर वास्तविक स्थिति का अपडेट देते हैं तो प्रधान शिक्षक से स्पष्टीकरण से लेकर वेतनाआदि की कटौती होने का डर है दूसरे तरफ मध्यान भोजन में बच्चों में बच्चों की उपस्थिति कुछ और ही रखना पड़ता है।

कई स्कूलों में उपस्थिति कम तो कहीं सामान्य भी दिखी। गर्मी की छुट्टी के दिन स्कूल खुलने का समय निर्धारित नहीं होने से बच्चे सात बजे तक स्कूल पहुंचते रहे। प्राईमरी व मिडिल स्कूल में तो कई बच्चे ऐसे भी दिखे जो कि बिना नहाय धोए जैसे-तैसे ड्रेस पहने हुए सुबह सुबह आंख मलते व ऊंघते हुए स्कूल पहुंच रहे थे। हालांकि शिक्षक शिक्षिकाएं निर्धारित समय पर विभागीय आदेश के मद्देनजर स्कूल पहुंच गए थे। कई विद्यालयों में शिक्षक दस -पंद्रह मिनट लेट भी पहुंचे क्योंकि समुचित यातायात की व्यवस्था नहीं रहने के कारण उन्हें विलम्ब से पहुंचना मजबूरी हुई। संयोगवश उसी समय जाँच अधिकारी पहुंचने के कारण हाजरी के साथ एक दिन का वेतन भी काट दिया गया। हालांकि शिक्षा विभाग के द्वारा जांच कार्य का प्रेस रिलीज नहीं दिया जाता हैं जिसके कारण स्पष्ट और सही जानकारी आधिकारिक तौर पर नहीं मिल पाती है। विभागीय अधिकारी फोन पर बात करना भी मुनासिब नहीं समझते हैं। सुबह छह बजे से स्कूल करने के लिए पांच बजे ही निकलना पड़ा घर से जबकि दूर से आने वालों को पांच बजे से पहले की स्कूल आने के लिए घर से निकलना पड़ा। सुबह-सुबह नाश्ता नहीं बनने के कारण बच्चे 9 बजते-बजते भूख-प्यास से परेशान हो उठे। वर्ग में कई बच्चे भूख से बेहाल दिखे। टिफिन में बच्चे एमडीएम खाकर अपनी भूख शांत किए तो शिक्षक-शिक्षिकाएं जल्दबाजी में घर से लाए नाश्ता, सत्तू आदि से ही काम चलाया। इधर, स्कूल की छुट्टी के बाद भी छात्र- छात्राओं को राहत नहीं मिली। 12 बजे स्कूल से छुटने वाले छात्र हो या विशेष कक्षा कर निकलने वाले, सभी के सभी चिलचिलाती धूप व गर्मी में पसीने से तरबतर दिखे। स्कूल से निकले बच्चों का कहना था कि अगर यही हाल रहा तो भूख और गर्मी से उनकी तबियत बिगड़नी तय है। इस भीषण गर्मी व चिलचिलाती धूप में स्कूल की छुट्टी के लिए न तो 12 बजे का समय उचित है और न डेढ़ बजे का। वहीं नाम नहीं छापने की शर्त पर कई शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बताया कि इससे तो बढ़िया होता कि स्कूल संचालन का समय सुबह 9 बजे से शाम पांच बजे तक ही होता। कम से कम छात्र-छात्राएं ही नहीं शिक्षक-शिक्षिकाएं भी नाश्ता-पानी कर घर के साथ खुद को भी व्यवस्थित कर तो स्कूल आते, ताकि उनके पीछे घर में सब ठीक-ठाक रहता। विद्यालयों में औचक निरीक्षण में निकले जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत तमाम अधिकारी एवं कर्मी विद्यालय में कुछ देर लेट से पहुंचे शिक्षकों को जमकर फटकार लगाया। कई शिक्षिकाओं ने अपनी समस्या से अवगत कराया लेकिन अधिकारी ने साफ कह दिया की नौकरी करनी है तो नियमों का पालन करना होगा नहीं करनी है तो घर बैठो हालांकि अधिकारीयों की स्थिति भी कमोवेश यही दिखती है उन्हें भी वीसी में हड़काया जा रहा है। जांच में कोताही करने पर एक सप्ताह का वेतन की कटौती हो रही है जिसका खीज अधिकारी शिक्षकों पर निकाल रहें हैं. ट्विट के माध्यम से शिक्षा का अधिकार के तहत साढ़े सात घंटे शिक्षण कार्य करने का भी इशारा किया गया है। समय सारणी को लेकर कई विधायकों ने शिक्षा मंत्री का आवेदन देकर समय में संसोधन करने की भी मांग किया है लेकिन सुशासन में पाठक का आदेश हिटलर का आदेश से कम नहीं होता है ऐसा लोगों का मानना हैं सरकार भी दिव्यांग हो चुकी है। कहा गया हैं मसला यह नहीं की मेरा दर्द कितना है, सवाल यह है की तुझे परवाह कितनी है। कहने का मतलब यह है की मेरा दर्द यह मायने नहीं रखता है इसकी परवाह किसे है यह सवाल खड़ा है। इधर प्राथमिक शिक्षक संघ ने विद्यालय में समय परिवर्तन पर कड़ा इतराज जताते हुए प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की सरकार की मंशा शिक्षकों के प्रति बिल्कुल सही नहीं है। नवादा जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष अयोध्या पासवान प्रदेश कार्य समिति सदस्य शंभू प्रसाद सिंह एवं प्रधान सचिव ललितेश्वर शर्मा ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रारंभिक विद्यालयों के संचालन के लिए मॉर्निंग शिफ्ट के टाइमिंग पर कड़ी आपत्ति जाहिर की है। शिक्षक नेताओं ने कहा कि पहले से गर्मियों में 6:30 बजे से 11:30 तक प्रातः कालीन विद्यालयों का संचालन होते रहा है परंतु दुर्भाग्यवश इस साल गर्मी की छुट्टी भी नहीं दी गई जो अत्यंत ही खेदजनक है। अब विद्यालयों का संचालन 6:00 बजे सुबह से दोपहर 1:30 बजे तक निर्धारित किया गया है यह बिल्कुल अव्यावहारिक निर्णय है। प्रदेश कोषाध्यक्ष अयोध्या पासवान ने इसे तुगलकी फरमान करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह शिक्षकों को प्रताड़ित व हतोत्साहित करने का प्रयास है। खासकर महिला शिक्षकों के लिए यह अत्यंत ही असुविधाजनक टाइमिंग है। कहा कि बहुत सारी महिला शिक्षिकाएं बिहारशरीफ से नवादा ड्यूटी करने को आती है उनके लिए 6:00 बजे विद्यालय पहुंचना नामुमकिन है। यह टाइमिंग ना तो शिक्षकों के हित में है ना तो बच्चों के सेहत के लिए ठीक है। जिला अध्यक्ष ने पुराना समय सारणी प्रातः 6:30 से 11:30 तक विद्यालय चलाने हेतु पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है।

## बिज़ली की आंख मिचोली से नगरवासी हलकान

निज संवाददाता

**नवादा**। भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती ने उड़ाई नींद, शोपीस बनकर रह गया है कूलर और एसी -8 से 10 बार तक दिन में ट्रिप करती है बिजली नवादा जिले में अघोषित बिजली कटौती से हर तबका परेशान है। एक ओर 42 डिग्री से उपर का तापमान, दूसरी ओर बिजली की आंख मिचौनी ने दिन तो दिन रात की निंद हराम कर रखा है। कई बार मरम्मत के नाम पर चार से पांच घंटों तक बिजली आपूर्ति बंद हो जाती है। ऐसे में नागरिकों का पारा सातवें आसमान पर है। आम तौर पर बिजली विभाग के पदाधिकारियों और कर्मियों के विरूद्ध गुस्सा फूटता है। लेकिन बिजली आने के बाद टिक गई, तो सारा गुस्सा शांत हो जाता है। हालांकि नागरिक शिकायत दर्ज कराते हैं, लेकिन समाधान के नाम पर कोई-न-कोई बहाना बना दिया जाता है। बेचारी जनता थक-हार कर बिजली आने का बाट जोहते रहती हैं। जिले में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था वर्षों पुरानी है। पांच से दस किमी. की लंबी-लंबी संचरण लाइनें हैं। ऐसे में बिजली ट्रिप की, तो विभाग के मानव बल बड़े इलाके में तकनीकी खामी ढूंढते हैं। इसमें वक्त लगता है। फिर इसकी मरम्मत को लेकर शट डाउन मांगा जाता है। एक बड़े इलाके की बिजली मरम्मत का काम होने तक गुल रहती है। कई बार अलग-अलग जगहों पर तकनीकी बाधा आती है, तो दो-तीन बार शट डाउन लेने की जरूरत पड़ जाती है। ऐसे में कई बार बिजली ट्रिप करती रहती है। हालांकि विभाग मॉडर्नाईजेशन और रिकंडक्टिंग को लेकर बार-बार काम करने की दुहाई देता है, लेकिन विद्युत आपूर्ति में अपेक्षित सुधार नहीं हो पा रहा है। अमूमन गर्मियों में बिजली की मांग बढ़ जाती है। लोड अधिक होने पर रोटेशन करके बिजली आपूर्ति की जाती है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली गुल की जाती है। नवादा ओल्ड पीएसएस से जुड़े बिजली उपभोक्ताओं को भी लगातार पावर कट की समस्या झेलनी होती है। कमोबेश सद्भावना फीडर (तीन नंबर) के उपभोक्ताओं की समस्या कम होती है। इस दौरान फ्यूज सेंटर के कर्मी का मोबाइल लगातार घनघनाता है। पब्लिक का मान-मनौव्वल करके काम निकाला जाता है। नवादा शहर में फीडर की संचरण लाइनें काफी लम्बी है। इससे बड़ी समस्या है। लगातार ब्रेक डाउन होता है। मरम्मत के दौरान बड़े-बड़े इलाकों में बिजली बंद करनी पड़ जाती है। नवादा शहर के फीडरों को नए तरीके से व्यवस्थित करने की जरूरत है। इस दिशा में काम किया जा रहा है। अभी गर्मी में बिजली का लोड भी कई गुणा बढ़ा हुआ है। उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली देने के लिए पूरी टीम प्रयासरत है। -अनिल कुमार भारती, कार्यपालक अभियंता, नवादा विद्युत अवर प्रमंडल, नवादाः

कहते हैं शहरवासीः-

गर्मी बढ़ते ही बिजली की समस्या आने लगती है। बार-बार बिजली जाती है। मोबाइल भी चार्ज नहीं हो पाता है। आजकल क्लासेज आनलाइन ली जाती है। बिजली नहीं रहने पर पढ़ाई बाधित होती है। – विजय कुमार, गोला रोड, नवादाः

बिजली ने तो कमाल कर दिया है। सुबह उठते ही पीने का पानी भरने का टेंशन रहता है, तो शाम में खाना बनाने में दिक्कत आती है।

## मतगणना को लेकर प्रशिक्षण कार्य की तिथि निर्धारित

**नवादा (नि.सं.)**। लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर 39-नवादा संसदीय लोक सभा क्षेत्र अन्तर्गत नवादा जिला में मतदान दिनांक-19.04.2024 को संपन्न हो चुका है। प्रशांत कुमार सी.एच. जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, नवादा के आदेश के आलोक में मतदान के उपरांत मतगणना कार्य हेतु प्रतिनियुक्त कुल-06 विधानसभा के 14 टेबल पर प्रति टेबल प्रतिनियुक्त 03 कर्मियों यथा-मतगणना पर्यवेक्षक/मतगणना सहायक एवं माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण का कार्य प्रारम्भ होगा। लोक सभा आम निर्वाचन 2024 हेतु नवादा जिलान्तर्गत मतगणना कार्य हेतु प्रतिनियुक्त मतगणना पर्यवेक्षक/मतगणना सहायक एवं माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रथम प्रशिक्षण दिनांक-29.05.2024 को प्रथम पाली में (11:00 बजे से 01:00 बजे तक) मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा मध्य विद्यालय केन्दुआ, नवादा में कुल ग्यारह (11) कमरों में 35-35 के समुह में मतगणना से सबंधित प्रशिक्षण सम्पन्न किया जाएगा। प्रशिक्षण स्थल पर विभिन्न कोषांग/कार्यालयों का दायित्व दिया गया है। कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद नवादा को प्रशिक्षण स्थल पर साफ-सफाई करवाने का आदेष दिया गया है। सिविल सर्जन द्वारा प्रषिक्षण स्थल मध्य विद्यालय केन्दुआ नवादा में मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति की जायेगी।

## उत्पाद विभाग को मिली बड़ी सफलता, कुल 950 लीटर शराब लदे सात बाइकों को किया जब्त

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)**। अनुमण्डल क्षेत्र के परनाडाबर थाना क्षेत्र के हीरा कुरहा गांव के तीन मोहानी मोड़ के समीप से शुक्रवार को गुप्त सूचना के आलोक में उत्पाद बलों ने सात बाइकों पर लदे कुल 950 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया गया। साथ ही तीन शराब धंधेबाजों को भी गिरफ्तार किया गया।उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने कहा कि बिहार मद्यनिषेध को सफल बनाने को लेकर उत्पाद बलों के सहयोग से जिला क्षेत्र में लगातार छापेमारी अभियान जारी है। इसी बीच शराब की बड़ी खेंप को लेकर गुप्त सूचना मिली।सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर अवर निरीक्षक रूपेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम में सहयोगियों के रूप में सहायक अवर निरीक्षक अजय कुमार सिंह के अलावे पुरुष एवं महिला उत्पाद सिपाही मौजूद रहे। उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि परनाडाबर थाना अंतर्गत हीरा कुरहा गांव से उत्तर लगभग 100 मीटर की दूरी पर स्थित तीन मोहानी सड़क पर हीराकुरहा गांव की ओर से सात बाइकों से भारी मात्रा में देसी शराब एवं सभी सात बाइकों को जब्त किया गया। साथ ही बाइकों पर सवार तीन शराब धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि शेष चार बाइक को सड़क पर पटककर भागने में सफल रहे। उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि बरामद शराब की कुल मात्रा 950 लीटर है। बरामद शराब पॉलीथिन और प्लास्टिक में बांधकर बोरों में भरकर मोटरसाइकिल पर बांध कर लादा गया था। गिरफ्तार शराब धंधेबाजों की पहचान का गया जिले के गुरपा गांव के वार्ड संख्या 6 निवासी किशन प्रसाद यादव के पुत्र मुकेश कुमार,ननकु यादव के पुत्र अनिल प्रसाद एवं राजेन्द्र प्रसाद के पुत्र अजीत कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ में भागे हुए चार लोग का नाम गुरपा थाना क्षेत्र के दुंदो गांव निवासी कमलेश रविदास के पुत्र दीपक कुमार, धूलेश्वर यादव के पुत्र राजेश कुमार, बगई गांव निवासी रूपलाल यादव के पुत्र जगदीश यादव एवं बगई गांव निवासी प्रमोद कुमार के रूप में बताया है।

## कलयुगी बेटों ने बूढ़े मां-बाप को घर से किया बेघर, बचाने आई बेटियों के साथ भी की मारपीट

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)**। थाना क्षेत्र के फरका बुजुर्ग गांव में कलयुगीया बेटों ने अपने ही मां-बाप के साथ मारपीट कर घर से बेघर कर दिया। वहीं बूढ़े मां-बाप को बचाने आयी बेटी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। मामले को लेकर पीड़ित मां ने थाने को लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता फरका बुजुर्ग निवासी विजन रविदास की पत्नी गिरजा देवी ने कही कि उनके तीन बेटे और पांच बेटियां हैं। सभी बेटों एवं बेटियों की शादी हो चुकी है। वह अपने पति के साथ गांव पर रह रही है। साथ ही बड़े बेटे सुरेश रविदास और मंझले बेटे नरेश रविदास भी अपने बेटे के साथ गांव पर रहता है। जबकि छोटा बेटा बब्लू कुमार धनबाद में अपनी पत्नी एवं बच्चों के साथ रह कर जीवन गुजर बसर कर रहा है। पीड़िता ने कही कि घर में बंटवारे को लेकर बात चल रही थी। इस पर छोटे बेटे को धनबाद से गांव आने की बात कही गई।जिसपर छोटे बेटे द्वारा कुछ दिनों बाद आने की बात कही गई। जिसको लेकर बड़े एवं मंझले बेटे एवं उसके परिजनों द्वारा बूढ़े मां-बाप को गाली-गलौज एवं मारपीट किया गया। जब बेटियों को अपने मां-बाप के साथ दुर्व्यवहार की जानकारी हुई तो एक बेटी संजू देवी अकबरपुर से अपने मायके बीते 9 मई की संध्या लगभग चार बजे पहुंची एवं भाइयों से बातचीत कर समझाने का प्रयास की। किन्तु सुरेश रविदास, नरेश रविदास, नरेश रविदास के पुत्र राम भज्जू रविदास, पत्नी रामरतिया देवी, दामाद अखिलेश रविदास, बेटी काजल देवी एवं अंशु कुमारी समझने के बजाय बचाव करने आई संजू देवी को घर में बन्द करके जमकर मारपीट कर घायल कर दिया। घायल संजू देवी अपने मां-बाप के साथ किसी तरह जान बचाकर अपने मायके से अनुमंडलीय अस्पताल रजौली पहुंची एवं इलाज कार्रवाई। साथ ही संजू देवी ने थाने को लिखित आवेदन देकर घटना से अवगत कराया। जब कलयुगीया बेटों सुरेश रविदास एवं नरेश रविदास को थाना में जाकर केस करने की भनक लगी, तो वे इसके पीछे धनबाद में रह रहे छोटे भाई बब्लू कुमार का हाथ समझ कर धनबाद पहुंचे। धनबाद पहुंचकर दोनों ने बब्लू कुमार पर धारदार हथियार से हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। जिसका इलाज रांची के रिम्स हॉस्पिटल में किया जा रहा है। छोटे बेटे के साथ हुई घटना के बाद सभी पीड़ित बूढ़े मां-बाप एवं सभी बेटियां रांची चले गए। इसी बीच जब घायल बब्लू कुमार की स्थिति को चिकित्सकों ने सामान्य बताया तब पीड़ित मां-बाप बेटियों के साथ थाना आकर लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। वहीं बेटियों ने कहा कि उनके भाइयों एवं उनके परिजनों द्वारा बूढ़े मां-बाप को घर घुसने नहीं दिया जा रहा है। साथ ही उन्हें भी जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि पीड़िता द्वारा दिये आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## 32 फरार अपरधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

**नवादा (नि.सं.)**। कार्तिकेय के. शर्मा पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि 17 मई 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, हत्या में 02, अनुसूचित जाति/ जनजाति में 04, हत्या के प्रयास में 05, मद्य निषेध में 04 एवं अन्य गिरफ्तारी 17 कुल 32 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 12 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या 03 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या 01 है। वाहन जांच के क्रम में कुल 696 वाहनों की जांच की गयी है एवं फाईन की कुल राषि 03 लाख 06 हजार 500 रूपया वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस के द्वारा इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों के गिरफ्तारी एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है।

## एक शराब धंधेबाज एवं दो शराबी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)**। थाना क्षेत्र के सिरोडावर से एसआई संतोष सिंह ने एक वांछित शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया।वहीं शराब पीकर झगड़ा करने वाले दो शराबियों को पीटीसी सुरेंद्र राम ने गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि थाना काण्ड संख्या 294/21 में वांछित शराब धंधेबाज सिरोडावर गांव निवासी राजकुमार यादव के पुत्र अवधेश यादव को गुप्त सूचना के आलोक में गिरफ्तार किया गया। साथ ही बताया कि बीते शनिवार की शाम को अंधरबारी गांव में शराब पीकर दो भाइयों के आपस में झगड़ा करने को लेकर सूचना मिली। सूचना के आलोक में अंधरबारी गांव निवासी नरेश चौधरी के पुत्र किशोरी चौधरी एवं राजेश चौधरी को हिरासत में लेकर थाना परिसर लाया गया। जहां ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच में दोनों के शराब पीये होने की पुष्टि हुई। थानाध्यक्ष ने कहा कि एक शराब धंधेबाज एवं शराब पीकर झगड़ा करने वाले दोनों भाइयों को शनिवार को स्वास्थ्य जांचोपरांत न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## आगामी 24 मई को एकदिवसीय रोजगार कैम्प का होगा आयोजन

- **कार्य स्थल- रेवाड़ी (हरयाना) अमेदनगर (महाराष्टा)। दूसरा अप्रेंटषिप टेªनीं के 10 पद महिला एवं पुरूष के लिए योग्यता आई0टी0आई0, डिप्लोमा, बी0टेक0, वेतन-16000 से 18000 तक के साथ फ्रि आवास एवं फूड तीन माह तक।**

निज संवाददाता

**नवादा**। श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के निदेषानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा द्वारा दिनांक-24.05.2024 को संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई0टी0आई0) नवादा के प्रागंण में एकदिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन किया जायेगा। जिसमें 2कॉम कन्सलटिंग प्राईवेट लिमिटेड कलकता की कम्पनी के द्वारा असेम्बली लाईन ऑपरेटर के 20 पुरूष पद के लिए योग्यता दसवीं, वारहवीं, आई0टी0आई0 होना चाहिए। वेतन 12000 से 15000 तक के साथ डयूटी के समय में भोजन की सुविधा। कार्य स्थल- रेवाड़ी (हरयाना) अमेदनगर (महाराष्टा)। दूसरा अप्रेंटषिप टेªनीं के 10 पद महिला एवं पुरूष के लिए योग्यता आई0टी0आई0, डिप्लोमा, बी0टेक0, वेतन-16000 से 18000 तक के साथ फ्रि आवास एवं फूड तीन माह तक। उम्र-18-28। कार्य स्थल- चेन्नई, (तमिलनाडु)। तीसरा एफ0 एण्ड बी0 सर्विस एसोसिएट के 10 पद पुरूष के लिए योग्यता दसवीं पास होना चाहिए। वेतन-11000 के साथ ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0सी0, फ्रि आवास एवं फूड की सुविधा। उम्र-18 से 28 वर्ष। कार्य स्थल- हैदराबाद (तेलागंना)। इच्छुक आवेदक एवं आवेदिकाएं अपने षैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं आधार की छायाप्रति रंगीन फोटो एवं बायोडाटा के साथ चयन हेतु कैम्प स्थल संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई0टी0आई0) नवादा के प्रागंण में आकर इस अवसर का लाभ उठा सकते है। रोजगार कैम्प का समय प्रातः 11:00 बजे पूर्वाह्न से आयोजित होगी। जो आवेदक एवं आवेदिकाए एनसीएस पोर्टलं पर निबंधित है वही आवेदक एवं आवेदिकाएं रोजगार कैम्प में भाग ले सकते है। जो आवेदक एवं आवेदिकाएं निबंधित नही है वो आवेदक एवं आवेदिकाएं एनसीएस पोर्टल पर अपना निबंधन कराकर भाग ले सकते है। नियोजक निजी क्षेत्र के है, नियोजन के षर्तो के लिए वे जिम्मेदार होगें। नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका में होगा।

**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, लातेहार**
**(निर्वाचन शाखा)**

**अपील**

लातेहार जिला के प्रिय मतदातागण,

जोहार,

जैसा कि आप अवगत हैं कि भारत सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और इस बड़े लोकतंत्र की विशेषता सार्वभौमिक मताधिकार है। 18वीं लोकसभा आम चुनाव के लिए सम्पूर्ण देश में चुनाव का पर्व मनाया जा रहा है, जिसमें सभी मतदातागण देशहित/लोकतंत्रहित में अपने मताधिकार का बखूबी प्रयोग कर रहे हैं।

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देश के अनुरूप जिले में सुगम एवं समावेशी मतदान हेतु सभी मतदान केन्द्रों पर आप सभी मतदातागण के लिये आवश्यक मूलभूत सुविधायें जैसे दिव्यांग एवं वृद्धजन के लिये रैम्प एवं व्हील चेयर, वोलेन्टियर्स की देख–रेख में कतार प्रबंधन, महिलाओं/दिव्यांग/बुजुर्ग को कतार में प्राथमिकता की सुविधा, पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

अतः आप अपने परिवार व बन्धु–बान्धव के साथ दिनांक 20 मई 2024 को प्रातः 07:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक अपने संबंधित मतदान केन्द्र पर सरल, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु सादर आमंत्रित हैं। मतदान आपका अधिकार ही नहीं अपितु कर्त्तव्य भी है। याद रखें कि आपका एक वोट सशक्त लोकतांत्रिक भारत के निर्माण के लिए सर्वथा बहुमूल्य है।

**मतदान स्थल :– आपका मतदान केन्द्र**
**मतदान तिथि :– 20 मई 2024**
**मतदान का समय :– प्रात 07:00 बजे से 05:00 बजे संध्या काल तक**

–: विनीत :–
श्रीमती गरिमा सिंह, भा0प्र0से0
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, लातेहार

" चुनाव का पर्व, देश का गर्व "

PR 324931 Latehar (24-25)_D

**पूर्व मध्य रेल**
**ई–निविदा सूचना**

ऑन लाईन ई–निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित सूचना संख्या ईएल/50/दानापुर/खुली/04/2024–25

मंडल रेल प्रबन्धक पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से दानापुर मंडल में उन संवेदकों से जिनके पास वैध विधूत लाइसेंस जो राज्य/केन्द्र सरकार के लाईसेसिंग बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो और वे निविदा पत्र में वर्णित अन्य शर्तों को पूरा करते हों उनसे निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाईन ई–निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित करते हैं।

निविदा संख्या : ईएल/50/दानापुर/खुली/04/2024–25

1. कार्य का नाम : दानापुर मंडल के आरा कोंचिग कॉम्लेक्स में सिक लाइन शेड और अन्य आवश्यक सुविधा के निर्माण के लिए इलेक्ट्रिकल (जी) संबंधित कार्य। 2. अनुमानित लागत : ₹2,15,59,302/–, 3. अग्रधन राशि : ₹2,57,800/–, 4. निविदा जमा करने की तिथि एवं समय : 12.06.2024 को 12.00 बजे तक निर्धारित है। 5. उपरोक्त सभी निविदा की वेबसाईट, नोटिस बोर्ड और कार्यालय : क्रिस वेबसाइट http://www.ireps.gov.in, वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/सा०/का कार्यालय, मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय भवन, पूर्व मध्य रेल दानापुर।

नोट : (1) विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। (2) यदि जरूरी हो तो शुद्धि–पत्र उपरोक्त वेबसाइट पर 15 दिन पहले तक अपलोड होगा।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सा०)/
पूमरे/दानापुर

पीआर/00311/डीएनआर/ईजीइएन/टी/24–25/44

## संक्षिप्त समाचार

### संदेहास्पद स्थिति में नर्स की मौत

**आरा**। आरा शुक्रवार को संदेहास्पद स्थिति में एक निजी क्लिनिक के नर्स की मौत हो गई। मृतका रेखा देवी थी जो अरविंद कुमार की पत्नी थी। रेखा देवी मूल रूप से तीयर थाना क्षेत्र के उत्तर दाहा गांव की रहने वाली थी जो वर्तमान में नवादा मुहल्ला में अपने पूरे परिवार के साथ किराए के मकान में 20 वर्षों से रहती थी और महावीर टोला में स्थित एक निजी क्लिनिक में नर्स की काम करती थी। मृतक का पति अरविंद कुमार थाना क्षेत्र के केजी रोड़ में जनरल स्टोर का दुकान चलाता है। मृतका रेखा देवी के पुत्र अनूप कुमार ने बताया की मेरी मां महावीर टोला में एक निजी क्लिनिक में नर्स का का करती है। शुक्रवार को सुबह मैं बाइक से अपनी मां को 9 बजे क्लिनिक में छोड़ा था। उस समय मेरे मां को कुछ नहीं हुआ था। शाम को 4.30 बजे क्लिनिक के संचालक के द्वारा फोन आया की तुम्हारे मां की सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में मौत हो गई है। एएसपी परिचय कुमार ने बताया की किसी नरसिंग होम में काम करने वाली एक नर्स की मौत इलाज के क्रम में सदर अस्पताल में हो गई है। क्लिनिक संचालक द्वारा बताया गया की रेखा देवी को किसी औरत का डिलेवरी कराने के लिए गुरुवार को शाम में बुलाया गया था। जहां उनकी तबियत बिगड़ गई। क्लिनिक के स्टाफ के द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उनकी मौत हो गई। शव का पोस्ट मार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का सही पत्ता चल पायगा।

### गंगा नदी में डूबे छात्र का दो दिन बाद मिला शव

**आरा**। धोबहा थाना क्षेत्र के बाधाकोल तेतरिया गांव निवासी भवेश कुमार का शव दो दिन बाद तेतरिया गंगा घाट पर मिला। मृतक धोबहा थाना के तेतरिया गांव निवासी विनय तिवारी का पुत्र था जो क्लास 9 का छात्र था। भवेश कुमार बुधवार को अपने गांव के दोस्त के साथ नहाने के लिए गंगा नदी में गया था। उसी क्रम में डूब गया। परिवार के लोग घटना की सूचना पुलिस को दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने एस डी आर एफ और स्थानीय गोताखोर को बुलाकर काफी खोजबीन कराया लेकिन शव नही मिला था। गुरुवार की रात को मछुआरा को मछली मारने के क्रम में शव मिला था। जिसके बाद मछुआरा ने मृतक के घर शव मिलने की सूचना दिया। सूचना मिलने के बाद परिवार के लोग घटना स्थल पर पहुंच शव को देख पुलिस को सूचना दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### बीएसडीएवी में नये सत्र के छात्र-पार्षदों ने लिए शपथ

**आरा**। बीएसडीएवी प.स्कूल में नये सत्र के लिए नव-निर्वाचित विद्यार्थी परिषद (स्टूडेंट्स काउंसिल) के सभी प्रतिनिधियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। सत्रारंभ के ठीक एक माह बाद इस नये अकादमिक वर्ष के सफल संचालन में विद्यार्थियों की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी परिषद का गठन किया गया। प्रधानाचार्य नीशू जायसवाल ने कहा कि किसी भी विद्यालय के कुशल संचालन में वहां के स्टूडेंट्स काउंसिल की अहम भूमिका होती है। इससे विद्यालय की आंतरिक शासन व्यवस्था अनुशासित व सक्रिय बनी रहती है। इसके सहारे विद्यार्थियों में नेतृत्व की भावना सशक्त होती है। समारोह की अध्यक्षता हड्डी रोग चिकित्सक डॉ.कुमार जीतेंद्र ने किया। कहा कि छात्र-छात्राओं में नेतृत्व के साथ-साथ दायित्व बोध की समझ को विकसित करने में स्टूडेंट्स काउंसिल उपयोगी होता है।

### नामांकन व चुनाव संबंधी कार्यों की दी गई जानकारी

**आरा**। लोकसभा चुनाव को लेकर जिला समाहरणालय, आरा के सभागार में शुक्रवार को डीएम और एसपी ने संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग की। इसमें प्रत्याशियों के नामांकन व चुनाव संबंधी कार्यों की जानकारी दी गयी। जिला पदाधिकारी द्वारा आज नाम वापसी के दिन इस प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी ने अब तक के निर्वाचन कार्यों में किए जा रहे कार्यों की विस्तृत विवेचना की। बताया कि आरा लोक सभा निर्वाचन 2024 में अभ्यर्थी के तौर पर चुनाव लड़ने के योग्य 14 लोगों के नाम है। इसके अतिरिक्त अगिआंव विधानसभा उप चुनाव में प्रत्याशी के तौर पर चुनाव मैदान में खड़े कुल 9 लोगों के बारे में भी विस्तृत तौर पर बताया।

### दरवाजे पर खड़ी बाइक चोरी, मामला दर्ज

**बक्सर**। शहर में बाइक चोर गिरोह की सक्रियता काफी बढ़ गई है। चोरों ने शुक्रवार को सेण्डिगेट के पास दरवाजे के सामने खड़ी बाइक उड़ा लिया। पीड़ित ने घटना की सूचना टाउन थाना पुलिस को दी। पुलिस बाइक चोर गिरोह के सदस्यों के गिरफ्तारी को लेकर प्रयास कर रही है। जानकारी के मुताबिक शहर के मुनीम चौक के रहने वाले एलआईसी एजेंट जैनेन्द्र पांडेय सेण्डिगेट के पास अपने एक परिचित के घर गए थे। दरवाजे पर गाड़ी खड़ी कर अंदर चले गए। लौट कर आए तो उनकी बाइक गायब थी। बता दें कि पिछले दिनों कोर्ट के पास से और एक बुधनपुरवा मोहल्ले में दरवाजे के सामने खड़ी बाइक चोरों ने उड़ा लिया था। पीड़ित ने घटना की सूचना टाउन थाना पुलिस को दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### शराब के साथ तीन गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**बक्सर**। टाउन थाना पुलिस ने गुरुवार की देर रात मठिया मोड़ के समीप से शराब के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवकों से पूछताछ के बाद पुलिस ने जेल भेज दिया। टाउन थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कृतपुरा के गोविंद कुमार, रामजियावनगंज के मंगरु चौधरी और सनोज चौधरी को 360 बोतल शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### फुटपाथ पर सजी दुकानें, जाम से लोग परेशान

**बक्सर**। शहर नगर परिषद की ओर से चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान का असर नहीं दिख रहा है। अतिक्रमण हटाने के लगभग दस दिनों बाद शहर में अवैध कब्जेधारी पांव पसारने लगे हैं। बता दें कि नगर परिषद प्रशासन ने बीते दिनों शहर के पीपी रोड, सत्यदेव गंज रोड, सिंडिकेट नहर, मेन रोड, रामरेखा घाट रोड, मुनीम चौक से अतिक्रमण हटवाया था। लेकिन, फिर से दुकानदार इन इलाकों के सड़क के फुटपाथ पर दुकान लगाने लगे हैं। फुटपाथ पर सज रही दुकानों के चलते एक बार फिर जाम की समस्या उत्पन्न होने लगी है। जाम लगने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। पिछले 24 घंटे में जिले के अलग-अलग इलाकों में चलाए वाहन चेकिंग व रोको ट-ोको अभियान में पुलिस ने 18 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। शराब के सेवन में 4 तथा शराब बरामदगी में 10 व अन्य माशलों में 4 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वहीं दूसरी ओर वाहन चेकिंग अभियान में पुलिस ने 1 लाख 57 हजार रुपए जुर्माना लगाया है। विभिन्न चेक-पोस्ट पर स्टैटिक निगरानी टीम के द्वारा 2 पहिया व 4 पहिया वाहनों की चेकिंग की गई। जिसमें जुर्माने की राशि वसूल की गई है। डीएम अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर आचार संहिता के अनुपालन कराने के लिए वाहन चेकिंग अभियान व अपराधियों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

### चाचा चौधरी सिखाएंगे बच्चों को गंगा सफाई के तरीके

**बक्सर**। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत शुक्रवार को बक्सर स्थित फाउंडेशन स्कूल में छात्र-छात्राओं के बीच चाचा चौधरी कॉमिक पुस्तक का वितरण किया गया। जिला परियोजना अधिकारी से प्राप्त सूचनानुसार राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा उपलब्ध कराए गए "चाचा चौधरी के साथ गंगा की बात" पुस्तक से बच्चे स्वच्छता के गुर सीखेंगे। चाचा चौधरी एक बेहद लोकप्रिय भारतीय कॉमिक्स पुस्तक के चरित्र हैं। बच्चों के जेहन में आसानी से जगह बनाने के लिए यह पुस्तक जल शक्ति मंत्रालय अंतर्गत एनएमसीजी द्वारा विशेष रूप से तैयार की गई है। अमर चित्रकथा की कहानियों के सहारे बच्चों में गंगा स्वच्छता के लिए ललक पैदा की जा रही है। बच्चों तक सफाई का संदेश छात्र, छात्राओं व आम जनों में पहुंचाने का खास ध्यान रखा गया है। जिला गंगा समिति के नोडल अधिकारी सौरव आलोक ने बताया कि कि बच्चों को इस अभियान में शामिल करने का फायदा होगा, क्योंकि अगर बच्चे इस अभियान को आगे बढ़ाएंगे तो इसका पूरे समाज पर भी असर पड़ेगा। बच्चें इन कॉमिक्सों को पढ़कर घरवालों और आस पड़ोस में स्वच्छता के बारे में बताएंगे। जिससे पीढ़ियों में गंगा स्वच्छता के प्रति एक भाव उत्पन्न होगा।

# सड़क हादसे में रिटायर्ड शिक्षक के बेटे की मौत, बेलगाम ट्रक ने रौंदा

**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर के पीरो थाना क्षेत्र के लमारी टोला के समीप शनिवार की सुबह बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार रिटायर्ड शिक्षक के पुत्र को रौंद दिया। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई। वहीं घटना के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान पीरो थाना के राजापुर गांव निवासी सह रिटायर्ड शिक्षक कन्हैया सिंह के बेटे राजू नंदन सिंह (24) के रूप में हुई है।



**❒ रिश्तेदार की पुण्यतिथि से शामिल होकर लौट रहा था घर**

**अस्पताल लाने के दौरान हुई मौतः** इधर,मृतक के पिता सह रिटायर्ड शिक्षक कन्हैया सिंह ने बताया कि उनके रिश्तेदार सह उनके ही साथ रिटायर्ड हुए शिक्षक जनार्दन सिंह के चौथे पुण्यतिथि में शामिल होने के लिए शुक्रवार की शाम उनका पुत्र बाइक से पीरो थाना क्षेत्र के बंभवार गांव गया था। शनिवार की सुबह जब वह बाइक से वापस घर लौट रहा था। उसी दौरान लमारी टोला के समीप बेलगाम ट्रक ने उसे रौंद दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय ग्रामीण द्वारा फोन कर इसकी सूचना उन्हें दी। सूचना पाकर परिजन फौरन घटनास्थल पर पहुंचे और उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए आरा अस्पताल ला रहे थे। तभी उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बावजूद इसके परिजन उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजन द्वारा इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया।

**परिजनों का रो रोकर बुरा हालः** बताया जाता है मृतक अपने तीन भाई व चार बहन में दूसरे स्थान पर था। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की मां शिवकुमारो देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## आलू कारोबारी के मौत पर गड़हनी व्यवसायी संघ ने निकाला कैंडिल मार्च



**निज संवाददाता। गड़हनी**

गड़हनी जगदीशपुर के आलू व्यवसायी के मौत पर आज शाम गड़हनी व्यवसायी संघ ने कैंडिल मार्च निकाल कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कैंडिल मार्च गड़हनी व्यवसायी संघ के अध्यक्ष श्रीनिवास यादव के नेतृत्व में निकाली गई। कैंडिल मार्च के पहले सभी लोगो ने पहले दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दी। कैंडिल मार्च गड़हनी ब्लॉक मोड़ से गोला बाज़ार होते हुए बनास नदी पुल तक निकाली गई। कैंडिल मार्च में सैकड़ों व्यवसायी शामिल हुये। मुनमुन साह के हत्यारों को पुलिस जल्द गिरफ्तार करो, हत्यारों को फांसी दो जैसे कई नारे लगा रहे थे। साथ ही व्यवसायी संघ ने उनके हत्यारों की गिरफ्तारी व न्याय की मांग कर रहे थे। बता दे कि गुरुवार के रात जगदीशपुर के आलू कारोबारी बिहिया से अपने घर जा रहे थे कि पिरो- बिहिया स्टेट हाईवे पर देवघर गांव के पास ऑटो से उतार कर अपराधियों ने गोली मार हत्या कर दिया था। मृतक जगदीशपुर के कोतवाली मुहल्ला निवासी स्व हीरालाल के 55 वर्षीय पुत्र मुनमुन साह थे। मुनमुन साह 40 वर्षों से बिहिया जज बाज़ार में आलू के थोक व्यवसायी का काम करते थे। मौके पर सचिव साहिन राजा, डॉ अकबर अली, मो रमीज़, डब्लू, विकास कुमार, डॉ शेष कुमार, मो निक्कू सहित कई व्यवसायी शामिल थे।

## जिले के नए क्षेत्रों से जोड़ा जा रहा जलवायु अनुकूल कृषि

**निज संवाददाता। आरा**

जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम को जिले के नए क्षेत्रों में जोड़ने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र पहल कर रहा है। इसी क्रम में कुल्हड़िया गांव का चयन किया गया है। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ पीके द्विवेदी ने कहा कि इस गांव में अपार संभावनाएं हैं और खासकर के मोटे अनाजों के लिए यहां के किसानों के बीच काफी उत्साह देखा जा रहा है। पिछले वर्ष भी इस गांव में बाजरे का प्रशिक्षण दिया गया था और उसके बड़े ही उत्साहवर्धक नतीजे आए। अब इस गांव को कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा अपने कार्यक्रमों से जोड़कर किसानों को नई तकनीक से अवगत कराया एवं प्रशिक्षण दिया जाएगा। किसानों को नवीन तकनीक की जानकारी देने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक शशि भूषण कुमार शशि एवं कृषि अभियंत्रण के विशेषज्ञ अंकित उपाध्याय की टीम ने गांव में



किसानों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया। इस प्रशिक्षण के क्रम में लगभग 65 से ज्यादा किसानों ने भाग लिया एवं स्थानीय पैक्स के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह भी उपस्थित थे। प्रशिक्षण में कृषि एक्सपर्ट ने बताया कि किसानों को बेड के ऊपर पंक्तियों में बाजड़ा लगाने की तकनीक बताते हुए जानकारी दिया गया कि फसल बेड पर लगाने से फसलों की गिरने की संभावना कम हो जाती है। इसके साथ ही कभी-कभी अत्यधिक वर्षा होने पर पौधे के ऊपर जल जमाव का विपरीत प्रभाव नहीं होता है, इसके अतिरिक्त पौधों की जड़ों में पर्याप्त नमी एवं हवा का प्रवाह होने से पौधे का समुचित विकास भी होता है एवं पौध ज्यादा से ज्यादा भोजन ग्रहण करने में सक्षम होते हैं।

## आलू कारोबारी हत्याकांड में FIR, सीडीआर खंगाल रही है पुलिस, घर लौटने के दौरान मारी गई थी गोली

**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर के जगदीशपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जगदीशपुर–बिहिया हाईवे तीन मूर्तियां मोड़ के समीप ऑटो पर सवार आलू व्यवसायी मुनमुन शाह की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में प्राथमिक दर्ज कर ली गई है। मृतक के पुत्र सोनू के बयान पर हुई प्राथमिक में तीन अज्ञात अपराधियों को आरोपित किया गया है। पुलिस अपराधियों तक पहुंचने के लिए मोबाइल का CDR खंगाल रही है।

**चलती ऑटो पर अपराधियों ने मारी थी गोलीः** गुरुवार की रात जगदीशपुर नगर कोतवाली मोड़ वार्ड नंबर 14 निवासी स्व. हीरालाल शाह के पुत्र मुनमुन शाह अपने बड़े पुत्र सोनू कुमार के साथ दुकान बंद कर ऑटो पर बैठकर वापस अपने घर जगदीशपुर लौट रहे थे। इस दौरान तीनमूर्तियां और देवघर गांव के बीच बाइक सवार तीन अपराधियों ने गोली मार दी थी और फरार हो गए थे। पंजीरी सीने में गोली लगने से घटनास्थल पर ही मुनमुन साह की मौत हो गई थी।



**बेटे के साथ लौट रहे थे घरः** घटना के समय ऑटो में पुत्र सोनू समेत कुल पांच लोग सवार थे। मृतक मुनमुन सा करीब 40 वर्षों से बिहिया ओवरब्रिज स्थित जज बाजार में आलू और प्याज का थोक बिक्री करते थे। वही जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह ने बताया कि मोबाइल का सीडीआर खंगालने के साथ-साथ आसपास में लगे सेट सीसीटीवी फुटेज भी खंगाला जा रहा है।

# अगलगी में दो घर जले..2 मवेशी की मौत, बक्सर में लाखों की क्षति की आशंका

**निज संवाददाता। बक्सर**

बक्सर जिले के ब्रह्मपुर नगर पंचायत के वार्ड संख्या एक में झोपड़ी नुमा घर में आग लगने अफरा-तफरी मच गई। जिसके बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग कुछ मिनट में ही विकराल रूप पकड़ लिया, जिसके कारण सारा समान झोपड़ी में छोड़ भगाना पड़ा। पास के समरसिबल चलाकर आग पर काबू तो पा लिया गया। लेकिन किसान का पशुधन समेत लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई। वहीं किसी ग्रामीण के सूचना पर अंचल कर्मी मौके पर पहुंचे हुए है। आग लगी का आकलन कर रहे है। हालांकि आग कैसे लगा यह अभी तक पता नहीं चला पाया है।

**❒ घटनास्थल पर पहुंचे CO, जांच का दिया आदेश**



**दो मवेशी की हुई मौतः** मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत के वार्ड संख्या एक निवासी गणेश पाल के झोपड़ीनुमा घर में सुबह अचानक आग लग गई। घर के कुछ सदस्य जग कर अपना काम कर रहे थे। कुछ लोग झोपड़ी में सोए हुए थे। आग़ की लपट अगल-बगल के लोगों ने जब देखा तो हो हल्ला किया जाने लगा। झोपड़ी के अंदर से लोग निकल कर बाहर आ गए। अभी कुछ समझ पाते तब तक आग में बिकराल रूप पकड़ लिया। जिसके कारण झोपड़ी में बांधी गई दो भैसों के साथ घर के जरूरी समान जलकर राख हो गया। वहीं स्थानीय लोगो के मदद से दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। किसी ग्रामीण द्वारा इसकी सूचना ब्रह्मपुर के स्थानीय थाना सीओ को दिया गया।

**नुकसान का किया जा रहा आंकलनः** अंचलाधिकारी खुशबू खातून ने बताया की अगलगी की सूचना मिलने पर अपने कर्मचारियों को भेज कर घटनास्थल की जांच कराई जा रही है। अगलगी में नुकसान का आंकलन के साथ आग कैसे लगी इसकी जानकारी जुटाया जा रहा है।

## बक्सर आएंगे हेमंता विश्व शर्मा... जनसभा को करेंगे संबोधित

**निज संवाददाता। बक्सर**

बक्सर जिले के नियाजीपुर स्थित अर्जुनपुर हाईस्कूल के खेल मैदान में भाजपा के नेता व असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्व शर्मा आज जनसभा को संबोधित करेंगे। एनडीए प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी के समर्थन में शनिवार को सिमरी प्रखंड के नियाजीपुर स्थित अर्जुनपुर हाईस्कूल के खेल मैदान में दोपहर दो बजे के बाद आने की सूचना है। जिसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। इस आश्य की जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह ने दी। मिली जानकारी के अनुसार असम के मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से दोपहर दो बजे के बाद आयेंगे। जनसभा को संबोधित करने के बाद वापस चले जाएंगे।



**1 जून को होगा मतदानः** उनके आगमन को लेकर भाजपा नेताओं द्वार कई दिन पहले से जनसंपर्क अभियान तेज कर अधिक अधिक लोगो को को पहुंचने की अपील किया जा रहा है। यह प्रयास किया जा रहा है कि इस जनसभा में आसपास के इलाके के ग्रामीण उनके भाषण को सुनने के लिए आये। बता दें की असम के मुख्यमंत्री भाजपा के फायरब्रांड नेताओं में गिनती की जाती है। वह अपने आक्रामक भाषण के लिए जाने जाते है। बता दे की बक्सर लोकसभा में 1 जून को सातवें चरण में चुनाव होना है। सभी प्रत्याशी और पार्टियां एक दिन चुनाव का सिंबल मिलने के साथ ही चुनाव प्रचार में जुट चुके है। महागठबंधन के प्रदेश स्तर के नेता के साथ-साथ एनडीए के भी बड़े-बड़े नेता बक्सर लोक सभा क्षेत्र में पहुंच वोटरों को गोलबंद करने में जुटे हुए है। बता दे की बक्सर लोक सभा सीट से राष्ट्रीय पार्टी के साथ साथ निर्दलीय प्रत्याशी को मिलाकर कुल 14 लोग इस चुनावी मैदान में है।

## सड़क हादसे में बुज़ुर्ग की मौत..2 घायल, ऑटो रिजर्व कर रिश्तेदार के घर जा रहे थे

**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर के तीयर थाना इलाके के उत्तरदाहा गांव स्थित नहर के पास शुक्रवार को अनियंत्रित होकर सवारी से भारी ऑटो पेड़ से टकरा गई। हादसे में एक मौत हो गई। जबकि दो महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए दुलौर स्थित अनुमंडलीय अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वहीं दोनों घायल महिलाओं का इलाज दुलौर स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में कराया जा रहा है।




**ऑटो पलटने से हुआ हादसाः** मृतक की पहचान तरारी थाना के तरारी गांव निवासी स्व. पूसा राम के 56 वर्षीय पुत्र हरेंद्र मुसहर के रूप में हुई है। जबकि ज़ख्मियों में उसी गांव के निवासी राजू मुसहर की पत्नी उर्मिला देवी एवं पुनवासी मुसहर की पत्नी कांति देवी शामिल हैं। इधर मृतक के साढ़ू के लड़के पूजन ने बताया कि कांति देवी के भाई की तबीयत खराब थी। जिसको लेकर देखने के लिए सभी लोग तरारी गांव से ऑटो रिजर्व कर उत्तरदाहा गांव जा रहे थे। उसी दौरान उत्तरदाहा गांव स्थित नहर के समीप उनकी ऑटो अचानक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिसमें तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से उन्हें इलाज के लिए दुलौर स्थित अनुमंडलीय अस्पताल लाया जा रहा था। तभी हरेंद्र मुसहर ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बावजूद इसके परिजन उन्हें दुलौर स्थित अनुमंडलीय अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देख हरेंद्र मुसहर को मृत घोषित कर दिया। वही जख्मी कांति देवी एवं उर्मिला देवी का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में कराया जा रहा है।

## 56 हजार विद्यार्थी देंगे 28 मई को विशेष परीक्षा , कक्षा चलती रहेगी

**निज संवाददाता। बक्सर**

जिले में मिशन दक्ष के तहत चलाई जाने वाली विशेष कक्षा के बाद होने वाली परीक्षा नहीं हो सकी है। बता दें कि गर्मी की छुट्टी में कमजोर छात्रों को दक्ष बनाने के लिए शिक्षा विभाग ने विशेष अभियान चलाया था। इसके लिए जिले में विशेष कक्षा भी चलाया गया। लेकिन जब परीक्षा की बारी आई तो सिस्टम ही फेल हो गया। ऐसे में सवाल भी उठ रहे हैं कि आखिर शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने जब मिशन दक्ष को शुरू कराया तो परीक्षा में सिस्टम कैसे फेल हो गया?, दरअसल, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के आदेश पर मिशन दक्ष के तहत स्पेशल कक्षा का संचालन किया जा रहा था। ताकि पढ़ाई में कमजोर



छात्र छात्रा विशेष कक्षा में पढ़ाई कर अच्छा प्रदर्शन कर सकें ।

**कमजोर विद्यार्थियों को चिह्नित कर बनाया जा रहा है दक्षः** जिले में मिशन दक्ष की कक्षाओं का संचालन सभी प्रारंभिक स्कूलों में दिसंबर 2023 से किया जा रहा है। इससे 56 हजार कमजोर विद्यार्थियों को चिह्नित कर दक्ष बनाया जा रहा है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, मिशन दक्ष के तहत अंतिम कक्षा का संचालन 14 मई को किया जाना था। इसके बाद 15 मई को सभी छात्रों के लिए विशेष परीक्षा लिए जाने की बात कही गई थी, पर अब इसमें बदलाव किया गया है। तीसरी से 8वीं कक्षा के बच्चे चिह्नित सर्व शिक्षा अभियान के डीपीओ सारिक अशरफ ने बताया कि जिले के 56 हजार छात्रों की परीक्षा 28 मई को ली जाएगी। मिशन दक्ष की कक्षाओं का संचालन अभी जारी रहेगा। बता दें कि मिशन दक्ष के तहत कक्षा तीसरी से 8वीं तक के बच्चों को चिह्नित कर पढ़ाई के लिए बुलाया जा रहा था। विशेष परीक्षा को लेकर विभाग की ओर से तैयारी की जा रही है। मिशन दक्ष के तहत होने वाली विशेष परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र और कॉपी को राज्य शिक्षा शोध व प्रशिक्षण संस्थान की ओर से स्कूलों को उपलब्ध कराया जाएगा। प्रश्नपत्र सह उतर पुस्तिका को बनाने की जिम्मेदारी जिला स्तर पर दी जाएगी। डीपीओ की ओर से प्रश्नपत्र सह उत्तर पुस्तिका की सॉफ्ट और हार्ड कॉपी उपलब्ध कराई जाएगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



संक्षिप्त समाचार

## कुढ़नी में डिफरियेंटेड टीबी केयर पर कार्यशाला

**मुजफ्फरपुर/कुढ़नी, एजेंसी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुढ़नी के साभागार में शुक्रवार को डिफरियेंटेड टीबी केयर पर कार्यशाला हुई, जिसका उद्घाटन जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ सीके दास, एपीएचसी तुर्की की चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुष्मिता पुष्पम, एपीएचसी मनियारी के चिकित्सा पदाधिकारी गौतम कुमार राकेश ने संयुक्त रूप से किया। कार्यशाला में दिल्ली से पहुंचे चाई संस्था से रुद्रांशी वैष्णव, जिला को-ऑर्डिनेटर आशुतोष कुमार, राकेश वर्मा ने टेक्निकल पुटों को रखा। डॉ सीके दास ने टीबी मरीजों का 11 फिजिकल व पांच लैब टेस्ट करने की बिंदुवार जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित सभी अतिरिक्त प्राथमिक केंद्र, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर डिफरियेंटेड टीबी केयर का कार्यक्रम चलेगा। इस मौके पर प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक सह स्वास्थ्य प्रबंधक टप्पू गुप्ता, एसटीएस राजमोहन राम, एसटीएलएस शंभु ठाकुर, भंडारपाल प्रभुनंदन सिंह, फाइलेरिया इंचार्ज संजीत झा, एलटी राजकुमार चौधरी, विजय कुमार, एलटी, सीएचओ, जीएनएम, एनएनएम मौजूद थी।

## सड़क हादसे में रिटायर्ड शिक्षक के बेटे की मौत, बेलगाम ट्रक ने रौंदा

**आरा (भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर के पीरो थाना क्षेत्र के लमारी टोला के समीप शनिवार की



सुबह बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार रिटायर्ड शिक्षक के पुत्र को रौंद दिया। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई। वहीं घटना के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान पीरो थाना के राजापुर गांव निवासी सह रिटायर्ड शिक्षक कन्हैया सिंह के बेटे राजू नंदन सिंह (24) के रूप में हुई है। इधर, मृतक के पिता सह रिटायर्ड शिक्षक कन्हैया सिंह ने बताया कि उनके रिश्तेदार सह उनके ही साथ रिटायर्ड हुए शिक्षक जनार्दन सिंह के चौथे पुण्यतिथि में शामिल होने के लिए शुक्रवार की शाम उनका पुत्र बाइक से पीरो थाना क्षेत्र के बंभवार गांव गया था। शनिवार की सुबह जब वह बाइक से वापस घर लौट रहा था। उसी दौरान लमारी टोला के समीप बेलगाम ट्रक ने उसे रौंद दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय ग्रामीण द्वारा फोन कर इसकी सूचना उन्हें दी। सूचना पाकर परिजन फौरन घटनास्थल पर पहुंचे और उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए आरा अस्पताल ला रहे थे। तभी उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बावजूद इसके परिजन उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजन द्वारा इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है मृतक अपने तीन भाई व चार बहन में दूसरे स्थान पर था। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की मां शिवकुमारो देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बंदोबस्ती से होने वाली आमदनी कोषागार में जमा कराएंगे स्कूल

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** स्कूल की जमीन, तालाब, पोखर की वार्षिक बंदोबस्ती से होने वाली आमदनी राजकीय कोषागार में जमा होगी। स्कूल इस राशि का उपयोग नहीं करेंगे। सभी हेडमास्टर को इसको लेकर शिक्षा विभाग ने निर्देश दिया गया है। बैंक खातों में संचित एवं अव्यवहृत राशि को राज्य की समेकित निधि में जमा करने को लेकर सभी अधिकारियों और हेडमास्टर को निर्देश दिया गया है। विभाग की समीक्षा में यह पाया गया कि बेसिक स्कूलों में काफी संख्या में खाते खुले हुए हैं और उनमें राशि भी काफी जमा हुई हैं। जिन विद्यालयों में अत्यधिक जमीन होने के कारण अथवा तालाब-पोखर होने के कारण उसकी वार्षिक बंदोबस्ती बतौर मेला, कृषि कार्य, मछली पालन इत्यादि के तौर पर किया गया है, उसे सैरात के तौर पर आमदनी समझा जाए। यह बंदोबस्ती प्रधानाध्यापक की ओर से नीलामी बोलकर प्रति वर्ष की जाती है।

# प्रशांत किशोर से मिले पप्पू यादव, लोकसभा चुनाव के बीच बिहार का सियासी पारा हाई



**पूर्णिया, एजेंसी।** बिहार की पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़े पप्पू यादव ने शुक्रवार को चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर से मुलाकात की। इस मीटिंग के बाद बिहार का सियासी पारा गर्मा गया है। चुनावी माहौल के बीच दोनों नेताओं के मिलने से राजनीतिक गलियारे में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। हालांकि, अभी तक दोनों नेताओं की ओर से मीटिंग के एजेंडे के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। हालांकि, चर्चा है कि पप्पू यादव और पीके के बीच बिहार के मौजूदा राजनीतिक परिदृष्य और 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर मंत्रणा हुई है।

पप्पू यादव ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अपनी जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया था। वे कांग्रेस के टिकट पर पूर्णिया से चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन आरजेडी ने यह सीट अपने पास रख दी और विधायक बीमा भारती को कैंडिडेट बना दिया। इसके बाद पप्पू यादव निर्दलीय मैदान में उतर गए। हालांकि, इस चुनाव में वह कमाल कर पाएंगे या नहीं, यह तो 4 जून को नतीजे आने के बाद ही साफ हो पाएगा।

पप्पू यादव की बगावत के बावजूद कांग्रेस ने उनके खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की। पूर्णिया में वोटिंग होने के बाद पप्पू यादव खुद को राहुल गांधी की पार्टी का सच्चा सिपाही बताते हुए कांग्रेस के लिए प्रचार में जुटे हैं। शुक्रवार को भी उन्होंने पटना साहिब में कांग्रेस प्रत्याशी अंशुल अभिजीत के समर्थन में प्रचार के लिए कार्यकर्ताओं की बैठक ली।

वहीं, जनसुराज अभियान के प्रणेता प्रशांत किशोर लोकसभा चुनाव में कुछ खास दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। पहले चर्चा थी कि वह बिहार की कुछ सीटों पर अपने प्रत्याशी उतार सकते हैं या फिर निर्दलीय कैंडिडेट को समर्थन दे सकते हैं। हालांकि, उनका पूरी तरह फोकस 2025 के विधानसभा चुनाव पर है। वे बिहार चुनाव से पहले जनसुराज को राजनीतिक दल में बदलकर मैदान में उतर सकते हैं।

साल 2020 में बिहार विधानसभा चुनाव से पहले पप्पू यादव ने प्रशांत किशोर को साथ आने का निमंत्रण दिया था। उस समय पप्पू यादव जन अधिकार पार्टी के अध्यक्ष थे और किसी भी गठबंधन में शामिल नहीं थे। उन्होंने कहा था कि बिहार की जनता नया गठबंधन चाहती है। पीके, कन्हैया कुमार जैसे नई सोच के नेता इसमें शामिल होने चाहिए। हालांकि, बाद में कन्हैया कुमार कांग्रेस में शामिल हो गए और पप्पू यादव ने भी अपनी पार्टी जाप का विलय लोकसभा चुनाव 2024 से पहले कांग्रेस में कर दिया था।



## लखीसराय में आपसी रंजिश में फायरिंग, एक महिला की मौत, दूसरी की हालत नाजुक

**लखीसराय, एजेंसी।** लखीसराय में अपराधियों ने दो महिलाओं को गोली मार दी है। जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे की हालत गंभीर है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में लाया गया है। मृत महिला की पहचान लालू यादव की पत्नी बसंती देवी (25) के रूप में हुई है। वहीं जख्मी की पहचान रामजी यादव की पत्नी लाछो देवी (70) के रूप में हुई है। घटना नगर थाना क्षेत्र के धर्मरायचक मोहले की है। घटना की सूचना मिलते ही एसपी पंकज कुमार, एसडीपो शिवम कुमार घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की जांच में जुट गए है। एसपी पंकज कुमार ने बताया कि 2022 से ही इलाके के अवध यादव और अशोक साव के बीच आपसी विवाद चला आ रहा है। कुछ लोग जमीन विवाद की बात करते हैं, लेकिन मवेशी को लेकर भी पहले भी विवाद हो चुका है। तीन दिन पहले एक नवजात बच्ची को भी सिर में गोली मारी गई थी। दूसरे दिन भी एक युवक के साथ मारपीट की गई थी। एसपी पंकज कुमार ने बताया कि आज शनिवार की सुबह अशोक साव अपने भाइयों के साथ मिल कर अवध यादव के रिश्तेदार जीतो यादव के घर पहुंचा और फायरिंग की।

## 10 दिन में फंड भेजें, वरना रुकेगी केके पाठक की सैलरी, पटना हाई कोर्ट का शिक्षा विभाग को निर्देश

यूनिवर्सिटी के खाते फिज करने के आदेश पर रोक



**पटना, एजेंसी।** पटना हाई कोर्ट ने शिक्षा विभाग को राज्य के विश्वविद्यालयों के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के स्वीकृत बजट का पैसा दस दिनों के भीतर जारी करने का आदेश दिया है। साथ ही कहा कि पैसा नहीं दिए जाने पर शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों के वेतन पर रोक लगा दी जाएगी। कोर्ट ने तीन विश्वविद्यालयों के खाता संचालन पर पाबंदी के शिक्षा विभाग के आदेश पर भी रोक लगा दी है पटना हाई कोर्ट ने सभी विश्वविद्यालयों के खातों के संचालन पर रोक लगाने और कुलपतियों के बैठक में भाग नहीं लेने के मामले पर सुनवाई करते हुए ये आदेश दिए हैं। जस्टिस अंजनी कुमार शरण की सिंगल बेंच ने मामले की सुनवाई की। अगली सुनवाई 25 जून को की जाएगी। बता दें कि एसीएस केके पाठक के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालयों के बजट की समीक्षा के लिए बैठक बुलाई थी। इसमें भाग नहीं लिए जाने पर विश्वविद्यालय के सभी खातों के संचालन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी।

### तीन यूनिवर्सिटी के खाते हुए थे फिज

कोर्ट मे विश्वविद्यालयों की ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ प्रसाद, विंध्याचल राय, रितेश कुमार, राणा विक्रम सिंह, मो. असहर मुस्तफा, राजेश प्रसाद चौधरी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि बिहार सरकार ने 16 मई को पत्र जारी कर विश्वविद्यालयों के बजट की समीक्षा के लिए बैठक बुलाई थी। इसमें भाग नहीं लिए जाने पर विश्वविद्यालय के सभी खातों के संचालन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी। कोर्ट को बताया गया कि मौलाना मजहरुल हक अरबी-फारसी विश्वविद्यालय, पूर्णिया विश्वविद्यालय एवं मुंगेर विश्वविद्यालय के खातें को सीज किया गया है। शिक्षा विभाग ने तीनों विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से शो कॉज किया है। विभाग ने यह पूछा है कि क्यों नहीं उन्हें पदच्युत करने की कार्रवाई प्रारंभ की जाए।

## बाल-बाल बचे चिराग पासवान; चुनावी रैली में टला हादसा, धराशायी होने वाला था कई फीट ऊंचा मंच



**सीतामढ़ी, एजेंसी।** सीतामढ़ी के नरंगा में चुनावी रैली के दौरान लोजपा (आर) के अध्यक्ष चिराग पासवान बाल-बाल बच गए। जब चुनावी सभा के दौरान एक बड़ा हादसा टल गया। दरअसल जब चुनावी सभा खत्म हो गई तब सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए बड़ी संख्या में लोग मंच पर पहुंच गए। नरंगा उत्तरी पंचायत के मुखिया व मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष भारत भूषण समेत दर्जनों लोग सभा के अंत में लोजपा में शामिल हुए। चिराग पासवान ने तमाम लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इसी बीच तरतराहट की आवाज आई और मंच करीब 4 इंच नीचे धंस गया। हालांकि कई फीट ऊंचा मंच पूरी तरह धराशाई नहीं हुआ। इस घटन में किसी को कोई चोट नहीं आई है। वहीं चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि देश पर इमरजेंसी थोपने वाले आज लोकतंत्र व संविधान बचाने की बात कर रहे हैं। लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण पर विपक्षी दल झूठ फैला रहे हैं। असल में लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण को विपक्षी दलों से खतरा है। शुक्रवार को परिहार के नरंगा गांव में जदयू प्रत्याशी देवेशचंद्र ठाकुर के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा में लोजपा आर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने लोगों से देवेश चंद्र ठाकुर को वोट देकर जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री चाहते हैं कि सीतामढ़ी में माता सीता का भव्य मंदिर बने। विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत है, तो यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देन है। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि देवेश चंद्र ठाकुर की जीत से न सिर्फ नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे, बल्कि इससे नीतीश कुमार, चिराग पासवान, जीतन राम मांझी एवं उपेंद्र कुशवाहा को भी मजबूती मिलेगी। सभा को विधान पार्षद रेखा कुमारी, पूर्व विधायक रामनरेश यादव, ऋषिकेश झा, रामजीवन प्रसाद, बिकाऊ महतो आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोजपा प्रखंड अध्यक्ष बेचू पासवान ने तथा संचालन बथुआरा पंचायत के मुखिया धनेश्वर पासवान ने किया।

# मुरौल में पिलखी के किसान की हत्या कर फेंका



**मुजफ्फरपुर/मुरौल, एजेंसी।** मुरौल में बदमाशों ने किसान की हत्या कर शव को कृषि फार्म की चहारदीवारी से सटे बूढ़ी गंडक नदी बांध किनारे फेंक दिया। वह गुरुवार की शाम मवेशी के लिए बाइक से चोकर लाने गया था। शुक्रवार सुबह स्थानीय लोगों की शव पर नजर पड़ी तो इलाके में सनसनी फैल गई। उसकी पहचान पिलखी पंचायत के पिलखी जुरावनपट्टी गांव के स्व. ढोढा राम के पुत्र शिवजी राम (45) के रूप में की गई है। उसके सिर पर गहरे चोट का निशान है। सूचना पर दलबल के साथ पहुंचे सकरा थानाध्यक्ष ने छानबीन की। वहीं, शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। शिवजी राम के पुत्र ओमप्रकाश कुमार ने पुलिस को बताया कि गुरुवार शाम मवेशी के लिए चोकर लाने के लिए पापा बाइक से पिलखी चौक गए थे। उसने आशंका जताई है कि बदमाशों ने अगवा कर 70 हजार नकद, बाइक व मोबाइल लूट कर उनकी हत्या कर दी है। शव को मुरौल कृषि फार्म के पास गंडक नदी बांध किनारे फेंक दिया। उसने बताया कि पापा किसानी के अलावा मवेशी खरीद-बिक्री का काम भी करते थे।

### मुजफ्फरपुर-पूसा सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

पोस्टमार्टम के बाद शिवजी राम का शव गांव लाया गया। घटना से अक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने मुजफ्फरपुर-पूसा सड़क स्थित पिलखी पुल चौक पर शव रख दिया। उसके बाद टायर जलाकर प्रदर्शन किया। वे लोग अनुदान देने, बाइक, नकद, मोबाइल बरामद करने के साथ बदमाशों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। जाम के कारण करीब एक घंटे तक मार्ग से आवागमन बाधित रहा। सूचना पर पंचायत की मुखिया डॉ प्रज्ञा कुमारी, सरपंच पति, सकरा थानाध्यक्ष ने पुलिस टीम के साथ पहुंचकर अक्रोशित लोगों को समझा कर शांत कराया।

### गुरुवार रात नौ बजे तक ऑन था मोबाइल

पुत्र ओमप्रकाश ने बताया कि गुरुवार रात करीब नौ बजे तक पापा का मोबाइल ऑन था। उसके बाद कभी पहुंच से बाहर तो कभी बंद बताने लगा। अनहोनी की आशंका को लेकर खोजबीन की गई, लेकिन सुराग नहीं मिला। शुक्रवार सुबह सूचना मिली कि मुरौल में शव फेंका हुआ है। वहां पहुंचा तो शव की पहचान की। उसने बताया कि पापा ठेका और बंटाई पर जमीन लेकर खेती करते थे, जिसके कारण पापा के बटुआ में हमेशा साठ से 70 हजार रुपए रहता था। पैर की अंगुली, सिर के अलावा कई जगहों पर जख्म के निशान से प्रतीत होता है कि, उनकी बेरहमी से हत्या की गई है। इधर, सकरा थानाध्यक्ष राजू कुमार पाल ने बताया कि मुरौल कृषि फार्म के पास बूढ़ी गंडक नदी बांध किनारे शव मिला है। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस जहांगीरपुर मुरौल से लेकर पिलखी चौक तक जगह-जगह लगे सीसीटीवी कैमरे का वीडियो फुटेज खंगाल रही है। शीघ्र ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। परिजनों की ओर से आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## मासूम के सिर पर एस्बेस्टस गिरने से मौत

**दरभंगा/कटरा, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के अनगोआ गांव में शुक्रवार सुबह सोई हुई बच्ची के सिर पर एस्बेस्टस गिर जाने से बुरी तरह जख्मी हो गई। आनन-फानन में परिजन उसे डीएमसीएच ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उसकी पहचान सुमित ठाकुर की पुत्री आनवी कुमारी (3) के रूप में की गई है। दरभंगा जिले के बेंता थाने की पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया। आनवी के दादा विनोद ठाकुर ने बताया कि बच्ची घर के बरामदे में चौकी पर सोई हुई थी। अचानक एस्बेस्टस का एक हिस्सा टूटकर उसके सिर पर गिर गया। उन्होंने बताया कि पुत्र सुमित दिल्ली में मजदूरी करता है। पुत्री की मौत से मां खुशबू देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।




## मुकेश सहनी ने लगाया बड़ा आरोप - विधानसभा चुनाव में टिकट के लिए अभी से 10-10 लाख रुपए ले रहे सम्राट चौधरी

**पटना, एजेंसी।** बिहार के पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए वीआईपी प्रमुख मुकेश साहनी ने सम्राट चौधरी पर बड़ा आरोप लगाया है. उन्होंने साफ-साफ कहा है कि सम्राट चौधरी जाल बिछा रहे हैं कि 10 लाख रुपए लाओ और विधानसभा के लिए सिफारिश काराओ. उन्होंने कहा यह बिल्कुल सच्चाई है. पूरे भाजपा में यही चल रहा है. इस दौरान उन्होंने भाजपा पर चंदा दो धंधा लो लेकर निशाना साधा.

**सम्राट चौधरी पर निशानाः** सम्राट चौधरी के उस बयान पर जिसमें उन्होंने कहा था कि सभी भ्रष्टाचारियों को ठोक के जेल में डालेंगे. इसपर मुकेश सहनी ने कहा कि बिल्कुल सही कहा है. जिन्होंने कॉर्पोरेट से चंदा लिया जिन्होंने कॉर्पोरेट से चंदा लेकर अपना ऑफिस बनाया उसपर भी कार्रवाई होनी चाहिए. चंदा का धंधा बीजेपी के लोगों ने किया है. जिस कंपनी ने भाजपा को चंदा नहीं दिया उस पर ईडी और सीबीआई की छापेमारी हुई. ऐसे भ्रष्टाचार पर सम्राट चौधरी क्यों नहीं बोलते हैं?

**गिरिराज सिंह के बयान पर पलटवारः** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का मदरसा वाले बयान पर मुकेश सहनी ने कहा कि इन लोगों का वश चले तो मदरसा, गुरुकुल और स्कूल सब को बंद कर देंगे. क्योंकि यह लोग चाहते हैं कि गरीब का बच्चा नहीं पढ़े. शुद्र वाला काम करें. कहा कि अगर मदरसा आतंक का अड्डा है तो केंद्र में बीजेपी की सरकार है. आरोपी को खोजकर कार्रवाई क्यों नहीं करती हैं?

## समस्तीपुर समेत बिहार के इन 10 जिलों में स्वीट बेबी कॉर्न लायेगी किसानों के चेहरे पर चमक



**समस्तीपुर, एजेंसी।** बिहार में व्यावसायिक खेती को बढ़ावा देने के लिए समस्तीपुर समेत 10 जिलों में स्वीट बेबी कॉर्न की खेती की जायेगी। इन 10 जिलों में समस्तीपुर में होनेवाली खेती का लक्ष्य कृषि विभाग ने तय कर दिया है। साथ ही डीएम व जिला कृषि पदाधिकारी को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार स्वीट बेबी कॉर्न की खेती का काम कराने का निर्देश दिया है। इसे वित्तीय वर्ष 2024-25 में ही लागू करने का निर्देश है। स्वीट बेबी कॉर्न की खेती कराने का उद्देश्य यह है कि किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी के लिए नगदी फसलों को प्रोत्साहित किया जाये। बाजार में अच्छी कीमत के चलते स्वीट बेबी कॉर्न उत्पादन से किसानों की आय में वृद्धि होगी। योजना का कार्यान्वयन 10 जिलों पटना, नालंदा, गया, समस्तीपुर, वैशाली, बेगूसराय भागलपुर, सुपौल, पूर्णिया व किशनगंज में किया जायेगा।

**किसानों के बीच होगा बीज वितरण :** अनुदानित दर पर बीज वितरण कार्यक्रम को सम्मिलित किया गया है। बीज वितरण के लिए कृषकों का चयन कर किया जायेगा। किसानों को ससमय बीज उपलब्ध कराने की जवाबदेही जिला कृषि पदाधिकारी की होगी।

# अररिया में एक तरफा प्यार में युवती की हत्या



**अररिया, एजेंसी।** अररिया में एक तरफा प्यार में युवती की हत्या कर दी गई। उसका शव घर से कुछ दूरी पर पेड़ से लटका मिला। शव को देखने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। जिसके बाद स्थानीय लोगों इसकी जानकारी भरगामा थाना पुलिस को दी। घटना भरगामा प्रखंड क्षेत्र के मनुल्लाहपट्टी पंचायत के वार्ड संख्या 6 की है। मृतका की पहचान संजय पासवान की बेटी गुड़िया कुमारी (18) के रूप में हुई है। 10 जून को उसकी शादी होनी थी। परिजनों का कहना है कि शुक्रवार सुबह हमेशा की तरह टहलने निकली थी। इसी दौरान पड़ोस के ही एक युवक ने उसका अपहरण कर लिया और गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद उसी के दुपट्टे से शव को पेड़ से लटका दिया। पहले भी वो शादी तोड़ने का प्रयास कर चुका था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### घर से टहलने निकली थी

मृतका के चाचा विजय पासवान ने बताया कि उनकी भतीजी गुड़िया कुमारी शुक्रवार की सुबह करीब चार बजे घर से बाहर टहलने निकली थी। इसी दौरान पहले से घात लगाए पड़ोसी रामदेव पासवान का पुत्र किशन कुमार ने उसके मुंह में कपड़ा डालकर अपहरण कर लिया। फिर गले में दुपट्टा लगाकर हत्या कर उसके शव को एक पेड़ पर टांग दिया।

### शादी के कार्ड भी छप चुके थे

गुड़िया के पिता संजय पासवान के मुताबिक, गुड़िया इंटर की छात्रा थी और उसकी शादी रानीगंज थाना क्षेत्र के हांसा पंचायत में आगामी दस जून को होनी थी। उसकी शादी का कार्ड भी छप चुका था।

### रिश्ता तोड़ने का भी किया प्रयास

संजय पासवान ने बताया कि एक महीने पहले उसका फलदान हुआ था। इस बात की जानकारी किशन कुमार को भी थी। इसी बीच किशन ने अपने सहयोगी के साथ मिलकर उसका रिश्ता भी बिगाड़ने का प्रयास किया था। जिस पर मेरे संबंधी सुभाष पासवान ने हम लोगों को इसकी जानकारी भी दी थी। उन्होंने बताया कि शगुन का कपड़ा फर्नीचर और जरूरत का सामान भी लड़के पक्ष को दे दिया गया था। घर में उसकी शादी की तैयारी शुरू हो चुकी थी, लेकिन गुरुवार रात इस घटना ने पूरे परिवार को मर्माहत कर दिया।

### रिपोर्ट आने के बाद होगी कार्रवाई

थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया शुरुआती जांच में मामला संदेहास्पद प्रतीत होता है। मृतका के गले के आगे वाले हिस्से पर रस्सी का गहरा जख्म दिख रहा है। जबकि गले के पीछे वाले हिस्से पर कोई भी निशान मौजूद नहीं है। जबकि प्रशासन के पहुंचने से पहले हीं ग्रामीण व परिजन के सहयोग से शव को पेड़ से उतार लिया गया था। फिलहाल परिजन की ओर से आवेदन नहीं दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार के 12 जिलों में आज लू का यलो अलर्ट, अरवल सबसे गर्म रहा

**भागलपुर।** तीखी धूप और गर्म पछुआ हवा के थपेड़े लगातार दूसरे दिन भी रहे। शुक्रवार को शेखपुरा, जमुई, नवादा, अरवल, भोजपुर, नालंदा बांका लू की चपेट में रहा। पटना समेत बिहार के 19 जिलों का अधिकतम पारा 40 से अधिक दर्ज किया गया। पहली बार अरवल सबसे गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 43.7 डिग्री से. रिकॉर्ड किया गया। पटना मौसम विज्ञान केंद्र ने शनिवार को पटना, बांका, नवादा, पूर्णिया, भागलपुर, गोपालगंज, गया, नालंदा, बेगूसराय, लखीसराय, जहानाबाद के एक-दो या कुछ स्थानों पर हीट वेव का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं 20 मई को उत्तर बिहार और दक्षिण पूर्व के कुछ जिलों में बारिश हो सकती है।

### दुर्घटना में बाइक सवारजख्मी, मायागंज रेफर

**भागलपुर।** पुनसिया के समीप वाहनकी टक्कर से एक बाइक सवारव्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी होगया। जानकारी के अनुसार चड़वागांव निवासी पोखर दास का पुत्रसीताराम दास बाइक से अपने घरलौट रहा था। इसी दौरान पीछे सेआ रही तेज रफ़्तार चार चक्कावाहन ने बाइक में जोरदार टक्करमार दी। इसके बाद स्थानीय लोगोंकी मदद से टक्कर मारने के बादभाग रहे वाहन को पकड़ लियागया। उसके बाद गंभीर रूप सेजख्मी सीताराम दास को रिलेटिवके द्वारा सामुदायिकस्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।डॉक्टर द्वारा जख्मी का इलाजकरने के बाद गंभीर स्थिति कोदेखते हुए भागलपुर के मायागंजअस्पताल रेफर कर दिया गया।दुर्घटना की सूचना स्थानीय पुलिसको दी गई है।

### 31 मई तक नामांकन के लिए कर सकते हैं आवेदन

**मुंगेर।** मुंगेर विवि में सीबीसीएस पर आधारित चार वर्षीय स्नातक सेमेस्टर-1, सत्र 2024-28 के तीनों संकाय में नामांकन के लिए आवेदन की तिथि को 31 मई तक विस्तारित कर दिया गया। जिससे अब तक नामांकन के लिए आवेदन से वंचित छात्र-छात्राओं को आवेदन करने का एक और मौका मिलेगा। बता दें कि अब तक करीब 40 हजार छात्र-छात्राओं ने नामांकन के लिए आवेदन किया है। पीआरओ डा. प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि इच्छुक छात्र-छात्राएं नामांकन पोर्टल www.mungeruniversity .ac.in पर ऑनलाइन 1000 रुपए भुगतान के बाद कर सकते हैं। आवश्यक दस्तावेज के रूप में मैट्रिक का प्रवेश पत्र एवं अंक प्रमाण पत्र तथा इंटरमीडिएट का प्रवेश पत्र एवं अंक प्रमाण पत्र का वेब कॉपी संलग्न करना अनिवार्य होगा।

### हाइवा ने यात्री बस में मारी टक्करचार यात्री जख्मी, रेफर

**भागलपुर।** घोघा पंजवारा स्टेट हाइवे 84 परधोरैया थाना क्षेत्र के तिलवारी के चौकके पास शुक्रवार की अहले सुबहधोरैया से भागलपुर जा रही एक खड़ीबस में पीछे से बालू लदा हाइवा नेटक्कर मार दी। जिससे यात्रियों समेतबस करीब 100 फीट दूर तक चलीगई। हादसे के बाद मौके पर चीखपुकार मच गई।इस हादसे में 4 यात्री समेत चालकघायल हो गए। स्थानीय लोगों द्वारादुर्घटनाग्रस्त बस के अंदर फंसे लोगोंको बाहर निकाला गया। घायलों कोइलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्यकेंद्र धोरैया भेजा गया। बताया जाता हैकि बस में 4 यात्री ही सवार थे। ज्यादायात्री सवार रहने पर बड़ी घटना घटसकती थी।बस पर सवार यात्रियों कीपहचान गंगदौरी निवासी प्रेम ठाकुर,टूनटून ठाकुर, ऋषिदेव, प्रदीप ठाकुरके रूप में हुई है। जख्मी चालक कीपहचान ओला नारायणपुर निवासीनीलम दास के रूप हुई है। अस्पतालमें ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक नेप्राथमिक उपचार कर चारों जख्मीयात्री की नाजुक स्थिति को देखते हुएमायागंज रेफर कर दिया।घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों नेबताया कि धोरैया की तरफ से आ रहीबस तिलवारी चौक पर यात्री के लिएरुकी थी। इसी दौरान पीछे से एक तेजगति से आ रही हाइवा ने बस में पीछेसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनाजबरदस्त था कि बस करीब तीस फीटदूर तक चली गई। बस के अंदर फंसेलोगों को किसी तरह बाहर निकालागया। और इलाज के लिए अस्पतालभेजा गया।

### तकनीकी जांच के इंतजार में वार्डों को नहीं मिले 600 डस्टबिन

**भागलपुर।** नगर निगम कार्यालय में एक माह से प्लास्टिक के 300 डस्टबिन रखे हैं। दूसरी खेप में भी 300 और डस्टबिन आ चुके हैं। लेकिन इन 600 डस्टबिन को वार्डों में नहीं बांटा जा रहा है। दिल्ली से आए टेक्नीशियन ने सभी डस्टबिन को इंस्टॉल भी कर दिया है। सिपेट की टीम को तकनीकी जांच करने का पत्र भेजा गया है। जांच के बाद ही वार्डों में वितरण होगा। वार्ड 16 की पार्षद अमृता राज, 36 के अमित कुमार ट्विंकल व 50 के पंकज गुप्ता ने बताया कि उनके वार्ड में डस्टबिन की कमी है। लंबे समय से इसकी मांग कर रहे हैं। वार्ड में कई ऐसी गलियां हैं जहां डस्टबिन नहीं रहने से लोग सड़कों पर कूड़ा फेंकते हैं। डोर-टू-डोर कूड़ा उठाव के नाम पर निगम होल्डिंग टैक्स भी 360 रुपया लेना शुरू है। योजना शाखा प्रभारी मो. रेहान अहमद का कहना है कि 600 डस्टबिन की आपूर्ति हो चुकी है।

### नामांकन की तिथि को विस्तारित किया गया

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय में सीबीसीएस पर आधारित चार वर्षीय स्नातक सेमेस्टर-2, सत्र 2023-27 में नामांकन के लिए 18 मई यानी शनिवार तक तिथि निर्धारित की गई है। हालांकि नामांकन की तिथि को विस्तारित किया गया है। इसके पूर्व निर्धारित अवधि तक कतिपय छात्र-छात्राएं नामांकन लेने से वंचित रह गए थे। लिहाजा एक बार फिर तिथि को विस्तारित किया गया है। पीआरओ डा. प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि छात्र-छात्राएं नामांकन शुल्क ऑनलाइन माध्यम से जमा कर रसीद डाउनलोड करेंगे। छात्र-छात्राओं को दस्तावेजों के भौतिक सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी। एससी, एसटी तथा सभी वर्ग की छात्राओं को शून्य भुगतान कर रसीद अवश्य प्राप्त करेंगे। अन्यथा नामांकन रद्द समझा जाएगा। 18 मई के बाद नामांकन का मौका नहीं दिया जाएगा।

### एक दिवसीय गैर आवासीय चहक प्रशिक्षण

**संग्रामपुर।** एक दिवसीय चहक का प्रखंड परिसर स्थित अंबेडकर भवन संग्रामपुर में कक्षा एक के नामित शिक्षक व शिक्षिकाओं के लिए एक दिवसीय गैर आवासीय चहक प्रशिक्षण हुआ। विद्यालय के बच्चों के लिए खुशनुमा समावेशी वातावरण तैयार करने एवं विद्यालय के साथ आत्मीय संबंध विकसित करने के उद्देश्य से कक्षा एक के बच्चों के लिए तीन माह का स्कूल रेडिनेश माड्यूल चहक का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में 53 प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए। साधनसेवी शिव शंकर शुक्ल ने चहक का फुल फॉर्म चिल्ड्रन हैप्पिनेस इन एवियंस एंड एक्वायरिग नॉलेज बताया। आगे शुक्ल ने बताया कि विद्यालय का माहौल बच्चों के लिए उपयुक्त हों, इसके लिए विद्यालय को आकर्षक बनाना है। नवनीत कुमार एवं डाटा ऑपरेटर अमित कुमार मौजूद थे।

### मुस्टा और मुगुटा के एक प्लेटफॉर्म पर आने की बढ़ी संभावना

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी समन्वय समिति की बैठक शुक्रवार को बीआरएम कॉलेज में आयोजित की गई। जिसमें समन्वय समिति के अध्यक्ष डॉ देवराज सुमन और संयोजक डॉ हरिश्चंद्र शाही उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ देवराज सुमन ने की। कार्यक्रम का संयोजन बीआरएम कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ अजीत कुमार ठाकुर एवं कॉलेज के मुस्टा अध्यक्ष डॉ जैन शम्सी ने किया। बैठक का संचालन इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक श्याम कुमार ने किया। समिति के नेताओं को शुरूआत में माला एवं अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही हरि सिंह कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डा. चंदन चंद्र चुन्ना पर लगे चरित्र हनन के आरोपों पर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक की विधिवत शुरूआत करते हुए समिति के संयोजक डा. हरिश्चंद्र शाही ने कहा कि डा. चंदन चंद्र चुना के ऊपर लगे आरोपों पर जांच समिति के रिपोर्ट का इंतजार करने की जरूरत है। साथ ही उन्होंने ताकीद की कि शिक्षकों को किसी भी विद्यार्थी से निजी बातचीत से बचना चाहिए। छात्रों को कॉलेज नोटिस बोर्ड से सूचना लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इधर बैठक में मुगुटा और मुस्टा के एक प्लेटफॉर्म पर आने की संभावना बढ़ गई है। जिसके संकेत बैठक में मिले।

# छात्र संघ का नहीं हुआ चुनाव, समस्या पर छात्र संगठन से मिलेंगे जिम्मेदार

**निज संवाददाता। भागलपुर**



भागलपुर पेंडिंग रिजल्ट, अंकपत्र नहीं दे पाने और छात्रों की अन्य समस्याओं को समय से नहीं निपटा पाने को लेकर घिरे टीएमबीयू के जिम्मेदार अब छात्र संगठनों से बात करेंगे। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि विवि प्रबंधन की मनमानी के कारण पांच साल से यहां कोई छात्र संघ चुनाव नहीं हो पाया है। दूसरी ओर, हाल के दिनों में एबीवीपी परीक्षा, नामांकन, रिजल्ट की समस्याओं को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रही है। साथ ही कुलपति पर लग रहे भ्रष्टाचार के आरोप को भी जोर-शोर से उठा रही है। इन मामलों को राजभवन को भी भेजा है, पर सवाल यह है कि छात्र संगठन क्यों, छात्र संघ क्यों नहीं? जबकि नियमतः कोई भी विवि छात्रों से जुड़े मुद्दे पर छात्रों की ओर से चुने हुए छात्र प्रतिनिधि से बात करता है। ये छात्र प्रतिनिधि छात्र संघ चुनाव से चुनकर आते हैं, पर टीएमबीयू में तो छात्र संघ का चुनाव पांच साल से हुआ ही नहीं है।

**24 साल में सिर्फ चार बार ही हो पाया है छात्र संघ का चुनावः** छात्र संघ चुनाव हर सत्र के अनुसार साल में एक बार होता है। पर टीएमबीयू में बीते 24 साल में यह चुनाव सिर्फ चार बार हुआ है। 2001-02 और 2002-03 सत्र में तब लगातार दो चुनाव हुए थे जब डॉ. राम आश्रय यादव कुलपति थे। उनके बाद चुनाव पर ब्रेक लग गया। 2006 से 2009 तक प्रेमा झा और 2014 से 2017 तक आरएस दुबे कुलपति रहे। पर इन्होंने चुनाव नहीं कराया। जबकि बाकी ज्यादातर कुलपति प्रभारी थे या नियमित कुलपति रहे भी तो कार्यकाल पूरा नहीं कर सके। हालांकि इस दौरान केएन दुबे और एनके झा एक साल या इससे ज्यादा समय कुलपति रहे। पर इन्होंने भी चुनाव नहीं कराया। इसकी बड़ी वजह यह रही कि तब सत्र नियमित नहीं था। टीएमबीयू में 2018-19 सत्र के बाद पांच साल से छात्र संघ का चुनाव नहीं हुआ है। इसके पहले 2017-18 सत्र का चुनाव हुआ था। इसमें बारी-बारी से एबीवीपी और छात्र राजद की अगुवाई में महागठबंन को प्रतिनिधित्व मिला था। कॉलेजों, पीजी विभागों के लिए संकाय स्तर पर और टीएमबीयू में छात्र संघ कार्य कर रहा था। इस दौरान अलग-अलग छात्र संगठनों की गतिविधि बहुत कम हो गई थी और छात्रों की समस्याएं उनके चुने हुए प्रतिनिधि ही उठाते थे।

# पेंडिंग रिजल्ट मामले में कुलपति सख्त

**कुलपति बोले-लापरवाही बरतने वाले प्राचार्य पर होगी कार्रवाई**

**निज संवाददाता। भागलपुर**



सीबीसीएस पैटर्न पर आधारित यूजी सेमेस्टर-वन सत्र 2023-2027 के छात्रों के पेंडिंग रिजल्ट मामले में टीएमबीयू के कुलपति प्रो. जवाहर लाल ने सख्ती दिखाई है। मामले में वीसी ने सभी प्राचार्यों को निर्देश दिया है कि वे छात्रों के पेंडिंग रिजल्ट संबंधित आवेदन एडमिट कार्ड की प्रति के साथ बीएन कॉलेज और मारवाड़ी कॉलेज मूल्यांकन केंद्र पर 24 घंटे के भीतर भेजना सुनिश्चित करें। जो प्राचार्य पेंडिंग रिजल्ट मामले में शिथिलता और लापरवाही बरतेंगे उनके वेतन को अगले आदेश तक के रोक दिया जाएगा। छात्रों के एडमिट कार्ड में वर्णित चीजों से हटकर छात्रों ने कुछ अलग ही विषय लिख दिया है। लिहाजा पेंडिंग की समस्याएं आ रही है। उन्होंने सभी प्रधानाचार्यों को निर्देश दिया है कि वे छात्रों का आवेदन एडमिट कार्ड के साथ दो प्रतियों में लें और उसे तुरंत दोनों मूल्यांकन केंद्रों पर भेजें। छात्र अपने संबंधित कॉलेज में 10 बजे से लेकर 6 बजे शाम तक आवेदन एडमिट कार्ड की प्रति के साथ जमा करेंगे।कुलपति ने सभी प्राचार्यों को युद्धस्तर पर पेंडिंग रिजल्ट के मामले के निष्पादन में तत्परता और गंभीरता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कोताही करने वाले प्राचार्यों पर सीधी कार्रवाई होगी। कुलपति ने सभी प्राचार्यों को इस आशय की सूचना छात्रों के व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से भी प्रसारित करने का निर्देश दिए है।

# बीएलएस कॉलेज में शुरू होगी बीसीए की पढ़ाई

**निज संवाददाता। भागलपुर**




- **एआईसीटीई ने दी स्वीकृति, दियारा इलाके के बच्चों को मिलेगी सुविधा**

नवगछिया स्थित टीएमबीयू का संबद्ध महाविद्यालय बनारसी लाल सर्राफ वाणिज्य महाविद्यालय में बीसीए की पढ़ाई शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है। एआईसीटीई ने कॉलेज को पत्र भेजकर स्वीकृति प्रदान की है। बीएलएस कॉलेज के शासी निकाय के सचिव व टीएमबीयू में सीनेट के आजीवन सदस्य डॉ. मृत्युंजय सिंह गंगा ने बताया कि एआईसीटीई से बीसीए की पढ़ाई वर्तमान सत्र 2024- 2025 से शुरू करने की स्वीकृति मिल गई है। 60 सीटों पर नामांकन होना है। कॉलेज के सचिव डॉ. गंगा ने बताया कि जल्द ही बीसीए में नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

**छात्रों को होगा फायदाः** टीएमबीयू के कुलपति प्रो. जवाहर लाल से जल्द ही बीसीए विभाग के उद्घाटन के लिए अनुरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नवगछिया जैसे सुदूर देहात और दियारा इलाके में स्थित बीएलएस कॉलेज में बीसीए की पढ़ाई शुरू होने से यहां के स्थानीय छात्रों को काफी लाभ मिलेगा।

# वर्ल्ड हायपरटेंशन-डे पर एनसीडी क्लिनिक में किया गया विशेष शिविर का आयोजन

**निज संवाददाता। मुंगेर**




वर्ल्ड हायपरटेंशन-डे पर शुक्रवार को सदर अस्पताल के गैर संचारी रोग विभाग द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जो 16 मई से 16 जून तक एनसीडी में संचालित किया जाएगा। इस मौके पर शुक्रवार को सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार सिन्हा तथा एनसीडी पदाधिकारी डॉ कुमार रंजन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता करते हुए सिविल सर्जन ने कहा कि वर्तमान समय में लोग इस भागदौड़ भरी जीवन में अनियमित खान-पान तथा कार्यकलापों के कारण शुगर जैसी बीमारियों के शिकार हो रहे हैं, जो समय के साथ गंभीर बीमारी बन जाती है। ऐसी अवस्था में बेहद जरूरी है कि प्रत्येक व्यक्ति हाइपरटेंशन के कारणों व लक्षणों से अवगत रहे और सही समय पर इसका इलाज करा सके, ताकि बाद में इस बीमारी के गंभीर लक्षणों से बचा जा सके। सिविल सर्जन ने बताया कि इसे लेकर सदर अस्पताल सहित जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जहां लोगों के बीपी, शुगर आदि की जांच की जा रही है। एनसीडी पदाधिकारी डा. कुमार रंजन ने बताया कि हाइपरटेंशन का मुख्य कारण अधिक उम्र, ज्यादा वजन या मोटापा, डायबिटीज, फैमिली हिस्ट्री, फिजिकल एक्टीविटी न करना, तनाव व चिंता, धुम्रपान, शराब, अनहेल्दी डाइट, खाने में ज्यादा फैट और नमक का सेवन, कई तरह की दवा लेने और ट्यूमर या पुराने बीमारी के कारण है। इससे बचाव के लिये नियमित व्यायाम, फल व सब्जियों का सेवन, नमक का ज्यादा सेवन, लाइफस्टाइल में बदलाव, वजन पर काबू पाने से होता है।

# मुंगेर चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष व सचिव पद चुनाव के लिए सूचना जारी

- **वर्ष 2024-27 के लिए होना है मुंगेर चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष व सचिव पद का चुनाव**
- **16 जून को मतदान का समय सुबह 8.30 बजे से दोपहर बाद 1.30 बजे तक होगा**

**निज संवाददाता। मुंगेर**




मुंगेर चैंबर ऑफ कॉमर्स के सत्र 2024-2027 के अध्यक्ष और सचिव पद के लिए 16 जून को चुनाव कराया जाना निर्धारित किया गया है। मुंगेर चैंबर ऑफ कॉमर्स चुनाव के लिए मुख्य चुनाव पदाधिकारी हेमंत कुमार को बनाया गया है। इसके अलावा उप चुनाव पदाधिकारी संजय जालान और प्रदीप कुमार वर्मा को बनाया गया है। मुख्य चुनाव पदाधिकारी हेमंत कुमार ने चुनाव की अधिसूचना जारी करते हुए कहा कि मुंगेर चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष और सचिव पद का चुनाव संयुक्त रूप से होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव आचार संहिता लागू हो गया है। मुंगेर चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष व सचिव पद के लिए मतदान मुंगेर क्लब में आयोजित होगा। चुनाव के लिए कुल 4 मतदान केंद्र बनाया जाएगा। बूथ-1 और बूथ-2 पर मुंगेर मुख्यालय के सदस्य मतदान करेंगे ओर बूथ-3 और बूथ-4 पर उप शाखाओं के सदस्य मतदान करेंगे। मतदान का समय सुबह 8.30 बजे से दोपहर बाद 1.30 बजे तक होगा। नामांकन पत्र शुल्क 500 रुपए रखा गया है। नामांकन पत्र की प्राप्ति 23 व 24 मई को शाम 3 बजे से लेकर 5 बजे तक मुंगेर चैंबर कार्यालय से कर सकेंगे। नामांकन दाखिल करने की तिथि 27 व 28 मई संध्या 3 बजे से लेकर 5 बजे तक होगी। नामांकन पत्र की जांच 29 मई और नाम वापसी की तिथि 30 मई होगी। इसके अलावा वैद्य उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन 31 मई को शाम 4 बजे मुंगेर चैंबर कार्यालय में कर दिया जाएगा। जो उम्मीदवार अध्यक्ष व सचिव पद के लिए नामांकन कराएंगे, नामांकन के लिए 3 प्रस्तावक और 2 समर्थक का होना अनिवार्य है। गौरतलब है कि पिछले सत्र 2019-21 में अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल और सचिव पंकज कुमार बने थे। पिछली बार कुल 720 व्यवसायी मतदाताओं ने मतदान किया था। मुख्य चुनाव पदाधिकारी हेमंत कुमार ने बताया कि मुंगेर चैंबर ऑफ कॉमर्स चुनाव में मतदाता वहीं होंगे जो सदस्यता शुल्क मार्च-2024 तक चैंबर के वित्तीय कोष में जमा होगा। मत का अधिकार केवल उन्हें ही प्राप्त होगा जिनका नाम मतदाता सूची में फर्म के सदस्य या प्रतिनिधि के रूप में अंकित होगा। इसके अलावा मतदाता के पास अपना फोटो पहचान पत्र अनिवार्य रूप से मतदान केंद्र पर लाना होगा। मुख्य चुनाव पदाधिकारी ने बताया कि सदस्यता शुल्क 28 मई तक जमा होगा। उनका ही नाम मतदाता सूची में रहेगा और वे ही मतदान के अधिकारी होंगे। जिन सदस्यों को सदस्यता शुल्क जमा करना हो, वे चैंबर कार्यालय में अवकाश के दिन छोड़कर प्रतिदिन 3 बजे से शाम 5 बजे तक कर सकते हैं।

# पाइप बिछाने के लिए हुई खुदाई से केबल कटे, दो ट्रैफिक सिग्नल बंद

**निज संवाददाता। भागलपुर**




शहर में हर घर में गंगाजल पहुंचाने के लिए पाइपलाइन बिछाने का काम हो रहा है। लेकिन पाइप लाइन का काम करने वाली एजेंसी वीए टेक और कंट्रोल एंड कमांड सेंटर चलाने वाली एजेंसी शापूरजी पालोनजी के बीच तालमेल नहीं होने के कारण गड्ढा खोदने के दौरान शहर में कई जगह पर केबल कट गए हैं। नजीता यह है कि मिरजानहाट के शीतला स्थान चौक व अलीगंज का ट्रैफिक सिग्नल बंद हो गया है। इसके अलावा आठ जगहों के कई सीसीटीवी कैमरे भी बंद हो गए हैं। पांच दिन से यह हालत है। कमांड सेंटर की एजेंसी ने वीए टेक को केबल दुरुस्त कराने को कहा तो उसने इनकार कर दिया। इस पर कमांड सेंटर की एजेंसी थाने तक पहुंच गई। उसने बबरगंज थाने में केबल को क्षतिग्रस्त करने की शिकायत दर्ज कराई है। अभी हाल यह है कि दो जगहों पर सिग्नल बंद होने से ट्रैफिक व्यवस्था बेपटरी हो गयी है। वहां जाम भी लग रहा है। इस मामले में स्मार्ट सिटी कंपनी ने अपना हाथ खींच लिया है। उसका कहना कि यह दोनों एजेंसियों के बीच का मामला है। पाइप बिछाने की जिम्मेदारी संभाल रही बुडको के कार्यपालक अभियंता कमल किशोर प्रसाद का कहना है कि यह दोनों एजेंसियों के बीच तालमेल का मामला है। इसे ही आपस में समन्वय करना चाहिए। कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के प्रोजेक्ट मैनेजर आकाश कुमार ने 12 मई को बबरगंज थाने में वीए टेक एजेंसी पर केबल व कैमरा से संबंधित तकनीकी सामानों को नुकसान करने की शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाया कि पावर केबल, कैट केबल व अन्य सामानों को एजेंसी ने तोड़ दिया है। रिपेयर करवाने के लिए जब एजेंसी से कहा गया तो उसके कर्मचारी धमकी देने लगे। कहने लगे कि न केबल को बचाकर काम करेंगे न किसी की बात सुनेंगे। जब उनके साइट सुपरवाइजर व प्रोजेक्ट हेड से बात की गई तो उन्होंने भी कुछ कहने से इनकार कर दिया। **इन जगहों के सीसीटीवी कैमरे हो गए हैं बंदः** शैलबाग कॉलोनी, अलीगंज दुर्गा मंदिर, साउथ बिहार ग्रामीण बैंक के पास का, अलीगंज ठाकुरबाड़ी, कटघर, बाल्टी कारखाना चौक, अलीगंज चौक, शीतला स्थान चौक मिरजानहाट।

**भागलपुर–साहिबगंज शाखा में ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

किमी. 295/3–4 और किमी. 294/1–2 पर अतिरिक्त ओपनिंग के निर्माण के लिए दो 20.4 मीटर लंबे सर्विस गर्डरों को बैठाने और हटाने के लिए, भागलपुर–साहिबगंज शाखा में लैलख ममलखा और सबौर स्टेशनों के बीच अप और डाउन दोनों लाइन पर ट्रैफिक और पावर ब्लॉक की निम्नानुसार आवश्यकता होगी:– **(1) दिनांक 19.05.2024 (रविवार)**= 3 घंटे के लिए (09.45 बजे से 12.45 बजे तक), **(2) दिनांक 20.05.2024 (सोमवार)**= 4 घंटे के लिए (09.45 बजे से 13.45 बजे तक), **(3) दिनांक 24.05.2024 (शुक्रवार)**= 4 घंटे के लिए (09.45 बजे से 13.45 बजे तक), **(4) दिनांक 25.05.2024 (शनिवार)**= 3 घंटे के लिए (09.45 बजे से 12.45 बजे तक)। इसके फलस्वरूप, ट्रेन आवागमन में निम्नलिखित व्यवस्थाएँ की गई हैं: ● **रद्दगी: 03037/03038 साहिबगंज–भागलपुर–साहिबगंज धुलियान एक्सप्रेस** दिनांक 19.05, 20.05, 24.05 और 25.05.2024 को रद्द रहेगी। ● **पुनर्निर्धारण:** (1) 03413 **मालदा टाउन–नई दिल्ली स्पेशल** दिनांक 19.05.2024 को मालदा टाउन से 02 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। **(2) 03435 मालदा टाउन – आनंद विहार (टी) स्पेशल** दिनांक 20.05.2024 को 01 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। **(3) 13429 मालदा टाउन–आनंद विहार (टी) एक्सप्रेस** दिनांक 24.05.2024 को 01 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। ● **संक्षिप्त यात्रा समाप्त/शुरू: 13236/13235 दानापुर – साहिबगंज – दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस** दिनांक 20.05, 24.05 और 25.05.2024 को भागलपुर स्टेशन पर संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी और से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। ● **नियंत्रण: 14003 मालदा टाउन–नई दिल्ली एक्सप्रेस** 30 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। **टिप्पणी:** कोई भी मेल/एक्सप्रेस ट्रेन या टीओडी स्पेशल, यदि विलंब से चल रही है, तो उसे ब्लॉक अवधि के दौरान नियंत्रित किया जा सकता है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, मालदा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper



# विचार-मंथन

## संपादकीय

## घटे नहीं मतदान

मतदान बहुत कम नहीं है, पर एक विकसित होते देश के अनुरूप भी नहीं है। युवाओं के देश में मतदान के प्रति उदासीनता चिंताजनक है। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत में गिरावट का सिलसिला जारी रहना चिंताजनक। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत में गिरावट का सिलसिला जारी रहना चिंताजनक और विचारणीय है। मतदान के अभी तक जो आंकड़े सामने आए हैं, 13 मई को 10 राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में चौथे चरण में 96 संसदीय सीटों पर 67.25 प्रतिशत मतदान हुआ है। पिछले चुनाव से तुलना करें, तो इस बार मतदान 1.55 प्रतिशत कम हुआ है। पश्चिम बंगाल राज्य में सबसे ज्यादा 78 फीसदी मतदान हुआ है, जबकि बिहार में सबसे कम। आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और झारखंड में भी 65 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ है, बाकी जगह मतदान का कम होना अच्छी बात नहीं है। हां, जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर सीट के लिए सोमवार को हुए मतदान में 37 प्रतिशत से ज्यादा मत पड़े हैं, यह एक बड़ी कामयाबी है। अनुच्छेद 370 के हटने के बाद मतदान का बढ़ना बहुत सकारात्मक परिवर्तन है। कश्मीर में पिछले चुनाव में मतदान 15 प्रतिशत भी नहीं हुआ था। वर्ष 1996 के बाद यह मतदान का सर्वाधिक प्रतिशत है। कश्मीर में लोग मतदान का महत्व समझ गए हैं और अब वहां मतदान प्रतिशत चुनाव-दर-चुनाव बढ़ता जाएगा। समग्रता में देश में मतदान प्रतिशत का घटना चुनाव आयोग और पूरी राजनीतिक बिरादरी के लिए चिंता की बात होनी चाहिए। चुनाव आयोग को अपने स्तर पर मतदान बढ़ाने के ज्यादा प्रयास करने चाहिए। मतदाता पहचान पत्र बनाने, संशोधन कराने से लेकर मतदाताओं के साथ आयोग का जुड़ाव भी बढ़ना चाहिए। मतदाता पहचान पत्र बनाने की बाध्यता का न होना भी एक वजह है। बड़ी संख्या में लोग हैं, जो पहचान पत्र बनाने के लिए भी आगे नहीं आते हैं और व्यवस्था भी इतनी सहज नहीं है कि आसानी से पहचान पत्र बन जाए। आयोग को और आगे बढ़कर मतदाताओं तक पहुंचना होगा। राजनीति की अपनी सीमाएं हैं, उससे अनेक लोगों का मोहभंग भी हुआ है। घर-घर जाकर प्रचार में भी कमी आई है। आबादी बहुत ज्यादा हो गई है और किसी भी प्रत्याशी के लिए अपने क्षेत्र के तमाम मतदाताओं तक पहुंचना आसान नहीं रह गया है। पार्टियों का डाटाबेस भी कमजोर है, तो डिजिटल तरीकों से उन्हें मतदाताओं तक पहुंचने में ज्यादा सुविधा नहीं होती है। जब प्रचार खर्च की तय सीमा है, तब डिजिटल माध्यम से मतदाताओं तक पहुंचने के तरीके राजनीतिक दलों को खोजने ही पड़ेंगे। डिजिटल स्तर पर सभी दलों को अपने प्रति जन-विश्वास भी बढ़ाना होगा। अभी फर्जी खबरों का बहुत सहारा लिया जा रहा है, इससे भी नेताओं की जनता से दूरी बढ़ रही है। असत्य बोलने वालों या अपनी बात पर न टिकने वालों से लोग दूरी बनाना ही पसंद करते हैं, इस बढ़ती दूरी को कम करने की जरूरत है, ताकि देश में कम से कम 75 प्रतिशत मतदान तो हो सके। खैर, देश में लगभग 70 प्रतिशत चुनाव संपन्न हो चुका है। मतदान के अब अपेक्षाकृत छोटे-छोटे तीन चरण बचे हैं। इन तीन चरणों में ज्यादा मतदान की उम्मीद है। मतदान 20 मई, 25 मई और 1 जून को होगा और उसके बाद 4 जून को मतगणना होगी। समग्रता में देखें, तो मतदान बहुत कम नहीं है, पर एक विकसित होते देश के अनुरूप नहीं है। युवाओं के देश में मतदान के प्रति उदासीनता निंदनीय है। मतदान के महत्व को समझने की जरूरत है। मतदान लोकतंत्र में हमारी भागीदारी का प्रमाण है। मतदान से देश के प्रति हमारे कर्तव्य और नैतिकता को बल मिलता है। देश की नाना समस्याओं पर बोलने और हक मांगने के लिए भी ज्यादा से ज्यादा मतदान करना मददगार होता है।

## प्रवासी कामगारों से मजबूत होती अर्थव्यवस्था

**(ललित गर्ग)**

भारत में अनुमानित 1.8 करोड़ लोग अंतरराष्ट्रीय प्रवासी के रूप में काम करने के लिए विदेश जाते हैं। भारतीय अंतरराष्ट्रीय प्रवासियों में सॉफ्टवेयर इंजीनियरों, डॉक्टरों आदि जैसे पेशेवरों का अनुपात बढ़ गया है। इनके वेतन ज्यादा होता है और वे बड़ी मात्रा में पैसा भारत भेजते हैं। इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) की 7 मई 2024 को जारी विश्व प्रवासन रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024 में भारत विदेशों में काम करने वाले भारतीय कामगारों से सबसे ज्यादा धन पाने वाले देशों के रूप में सूचीबद्ध हुआ है। मैक्सिको, चीन, फिलीपींस व फ्रांस जैसे देश भी इस सूची में भारत की तुलना में नीचले पायदानों पर है। भारत के लिये यह गौरव की बात है और इससे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनने के भारत के प्रयासों को भी बल मिलेगा। नया भारत एवं सशक्त भारत के निर्माण में विदेशों में रह रहे भारतीय कामगारों ने अपने खून-पसीने की कमाई से अर्जित धनराशि में से वर्ष 2022 में 111 बिलियन डॉलर अपने देश भेजे हैं। यह आंकड़ा जहां विश्व में भारतीय श्रमशक्ति की गौरवपूर्ण गाथा को दर्शाता है, वहीं देश की अर्थव्यवस्था में उनके अमूल्य योगदान को दिखाता है। आईओएम की ताजा रिपोर्ट वैश्विक प्रवास पैटर्न में महत्त्वपूर्ण बदलावों का खुलासा करती है, जिसमें विस्थापित लोगों की रिकॉर्ड संख्या और अंतर्राष्ट्रीय प्रेषण में बड़ी वृद्धि शामिल है। पूरे विश्व में अनुमानित 281 मिलियन अंतर्राष्ट्रीय प्रवासियों के साथ, संघर्ष, हिंसा, आपदा और अन्य कारणों से विस्थापित व्यक्तियों की संख्या आधुनिक रिकॉर्ड में उच्चतम स्तर तक बढ़ गई है, जो 117 मिलियन तक पहुँच गई है, जो विस्थापन संकट को संबोधित करने की तात्कालिकता को रेखांकित करती है। भारत में अनुमानित 1.8 करोड़ लोग अंतरराष्ट्रीय प्रवासी के रूप में काम करने के लिए विदेश जाते हैं। भारतीय अंतरराष्ट्रीय प्रवासियों में सॉफ्टवेयर इंजीनियरों, डॉक्टरों आदि जैसे पेशेवरों का अनुपात बढ़ गया है। इनके वेतन ज्यादा होता है और वे बड़ी मात्रा में पैसा भारत भेजते हैं। इनके अलावा भारतीय कामगार भी बड़ी संख्या में विदेशों में अपने श्रम से धन अर्जित करके न केवल अपने परिवारों का पालन-पोषण करते हैं बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करते हैं। निश्चित रूप से यह उन कामगारों के भारत के प्रति आत्मीय लगाव एवं देशप्रेम को ही दर्शाता है। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में योगदान करने वाले इन श्रमवीरों के प्रति देश कृतज्ञ है। निश्चित रूप से इसका भारतीय अर्थव्यवस्था में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, वहीं दुनिया में भारतीय श्रम-शक्ति एवं प्रतिभाएं अपनी क्षमता, कौशल एवं प्रतिभा से विपुल आर्थिक, सामाजिक एवं विकासमूलक योजनाओं की नयी संभावनाओं के द्वार खोलती है, जिससे दुनिया में भारत की ताकत को नये पंख लगते हैं। भारतीय कामगारों, विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं एवं कौशल के लिए शीर्ष प्रवासन गलियारे संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और सऊदी अरब हैं जबकि राजनीतिक कारणों से भारत में प्रवेश करने वाले प्रवासियों की सबसे अधिक संख्या बांग्लादेश से आती है। प्रश्न है कि भारतीय कामगार एवं प्रतिभाएं जितनी बड़ी संख्या में विदेशों में जाकर अपनी क्षमताओं एवं प्रतिभा का लोहा मनवा रही है, विदेशी प्रतिभाएं उतनी संख्या में भारत नहीं आ रही है। वोट बैंक बढ़ाने के लिये बांग्लादेश आदि पडौसी देशों से गरीब एवं मुसलमानों का बड़ी संख्या में देश में आना, यहां के विकास को अवरोध करता है। इस तरह के लोगों के आने से देश में जनसंख्या बढ़ रही है, वही उनका भारत के विकास में योगदान नगण्य है और उनका भारत से कोई मजबूत एवं आत्मीय रिश्ता भी कायम नहीं हो पाता है, यह एक समस्या के रूप में भारत के विकास को बाधित करता है। दुनिया में भारतीय श्रम एवं कौशल की बड़ी मांग है। क्योंकि भारतीय मजबूर मेहनती, ईमानदार एवं कार्यनिष्ठ होते हैं। विकसित देशों में श्रमिकों की भारी कमी के बीच खेती, निर्माण और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में काम करने के वास्ते भारतीय कामगारों को विदेश भेजने के लिए विकसित देशों के साथ द्विपक्षीय समझौते करने का भारत सरकार का इरादा है। भारत सरकार उन देशों के साथ एग्रीमेंट करने जा रही है, जहां आबादी तेजी से घट रही है। वैसे हम पहले ही जापान और फ्रांस के साथ लेबर सप्लाई एग्रीमेंट कर चुके हैं। इजरायल के साथ भी एक करार है, जिसके तहत हजारों भारतीय वहां खेती और मजदूरी के लिए भेजे जा रहे हैं। यूनान ने भारत से संपर्क किया है कि वह कृषि क्षेत्र में काम करने वाले लगभग 10,000 कामगारों को उसके यहां भेजे। विदेशों से धन भेजने के आकंड़े का बढ़ना दर्शाता है कि प्रवासियों का अपनी मातृभूमि के बीच कितना मजबूत, आत्मीय व स्थायी संबंध है। लेकिन इसके साथ ही भारत सरकार का दायित्व बनता है कि इस उपलब्धि की खुशी मनाते वक्त प्रवासियों के सामने आने वाली चुनौतियों को भी पहचाना जाए और उनका समाधान किया जाये। संयुक्त राष्ट की रिपोर्ट बताती है कि प्रवासी कामगारों को वित्तीय शोषण, प्रवासन लागत के कारण बढ़ते ऋण दबाव, नस्लीय भेदभाव व कार्यस्थल पर दुर्व्यवहार जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिनके निराकरण के लिए गंभीर प्रयास करने की जरूरत है। दुनिया की महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत अपने प्रवासी कामगारों की समस्याओं के समाधान के लिये संबंधित देशों से रणनीतिक तरीकों से रास्ता निकालना चाहिए। निस्संदेह, भारत सरकार को प्रवासी कामगारों की समस्याओं के समाधान के लिये हमारे दूतावासों के जरिये विशेष कदम उठाने चाहिए। दरअसल, खाड़ी सहयोग परिषद के राज्यों में जहां बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी कार्यरत हैं, उनके अधिकारों का उल्लंघन जारी है। खासकर कोविड-19 महामारी के दौरान भारतीय कामगारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। विशेष तौर पर अर्द्ध-कुशल श्रमिकों और अनौपचारिक क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों के कई तरह के संकटों को बढ़ा दिया था। बड़ी संख्या में उनकी नौकरियां खत्म हुई, वेतन नहीं मिला। सामाजिक सुरक्षा के अभाव में कई लोगों को कर्ज में डूबना पड़ा। जिसके चलते बड़ी संख्या में ये कामगार स्वदेश लौटे। अंतर्राष्ट्रीय शिक्षण संस्थानों की तरफ भारतीय छात्रों के बढ़ते रुझान की ओर भी आईओएम की अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्ट इशारा कर रही हैं। बहरहाल, प्रवासन के बदलते परिदृश्य में प्रवासी भारतीयों के अधिकारों व हितों की रक्षा के लिये ठोस प्रयासों की जरूरत है।

*किसी भी तरह श्रमिकों का शोषण न हो और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को संबोधित करने की जरूरत है। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि भारतीय कामगारों के लिये सुरक्षित व व्यवस्थित प्रवासन मार्ग संभव हो सके। यह समावेशी विकास की पहली शर्त भी है। हमारा नैतिक दायित्व बनता है कि विदेशों में कामगारों के हितों की रक्षा के साथ ही भारत में रह रहे उनके परिवारों का भी विशेष ख्याल रखा जाए। जिससे उनका देश के प्रति लगाव और गहरा हो सके। सरकार कामगारों को विदेश भेजने की पहल में काफी सक्रिय दिख रही है। कम से कम दो जरूरी बातों का ध्यान रखा जाना चाहिए।*

## लखनऊ क्या फिर बनेगा रक्षा मंत्री राजनाथ का रक्षा कवच

**(अजय कुमार)**

लखनऊ के वोटर क्या तीसरी बार भी अपने सांसद और देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के लिये रक्षा कवच बनेंगे यह 04 जून को नतीजे आने पर पता चलेगा। वहीं विपक्षी खेमा राजनाथ सिंह की हैट्रिक नहीं पूरी होने देने की तमन्ना पाले हुए है और भाजपा के मजबूत किला को तोड़ने की तैयारी कर रहा है। उत्तर प्रदेश की लखनऊ लोकसभा सीट देश की सबसे चर्चित सीटों में शामिल रही है। प्रभु श्रीराम के अनुज लक्ष्मण की नगरी लखनऊ ने अपने लम्बी जीवन यात्रा में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। यहां मुगलों ने भी शासन किया। इसी दौर में अवध की शाम की चर्चा ता समुंदर पार तक होने लगी, लेकिन इसमें खट्टी-मीठी दोनों तरह के यादें शामिल हैं। तहजीब के इस शहर के आबो-हवा और सुकून के चर्चे तो दुनियाभर में मशहूर हैं। इसी के लिए लोग यहां खिंचे चले आते हैं। लखनऊ शहर की खासियत के बारे में यहां के मशहूर शायर अजीज लखनवी ने लिखा है- 'वो आबो-हवा, वो सुकून, कहीं और नहीं मिलता। मिलते हैं बहुत शहर, मगर लखनऊ-सा नही नहीं मिलता'। यहां के वर्तमान सांसद देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हैं। भाजपा ने लगातार तीसरी बार राजनाथ सिंह को उम्मीदवार बनाया है। जबकि सपा ने इस बार रविदास मेहरोत्रा पर दांव लगाया है। वहीं बसपा ने अपने कोर वोटर के साथ अल्पसंख्यक मतदाताओं को रिझाने के लिए सरवर मलिक को चुनावी रण में उतारा है। इस बार यहां लड़ाई लगातार आठ बार से जीत हासिल कर रही भाजपा को अपना गढ़ बचाने की है और राजनाथ सिंह को अपने खुद की जीत की हैट्रिक लगाने की है। लखनऊ के वोटर क्या तीसरी बार भी अपने सांसद और देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के लिये रक्षा कवच बनेंगे यह 04 जून को नतीजे आने पर पता चलेगा। वहीं विपक्षी खेमा राजनाथ सिंह की हैट्रिक नहीं पूरी होने देने की तमन्ना पाले हुए है और भाजपा के मजबूत किला को तोड़ने की तैयारी कर रहा है। अगर लोकसभा चुनाव 2019 की बात करें तो भाजपा के राजनाथ सिंह ने सपा बसपा के संयुक्त उम्मीदवार रहे अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी पूनम सिन्हा को 3,47,302 वोट से हराकर जीत हासिल की थी। इस चुनाव में राजनाथ सिंह को 6,33,026 और पूनम सिन्हा को 2,85,724 वोट मिले थे। जबकि कांग्रेस के आचार्य प्रमोद कृष्णम को 1,80,011 वोट मिले थे। वहीं लोकसभा चुनाव 2014 में मोदी लहर के दौरान इस सीट पर पहली बार राजनाथ सिंह उतरे और कांग्रेस के दिग्गज नेत्री रहे रीता बहुगुणा जोशी को 2,72,749 वोट से हराकर जीत हासिल की थी। इस चुनाव में राजनाथ सिंह को 5,61,106 और रीता बहुगुणा जोशी को 2,88,357 वोट मिले थे। जबकि बसपा के नकुल दुबे को 64,449 और सपा के अभिषेक मिश्रा को 56,771 वोट मिले थे। वहीं आम आदमी पार्टी के सैयद जावेद अहमद जाफ़री को 41,429 वोट मिले थे। लखनऊ लोकसभा क्षेत्र के जातीय समीकरण की बात करें तो यहां सामान्य और मुस्लिम वर्ग के मतदाता हैं। जिसमें ब्राह्मणों की संख्या अधिक है। इसके बाद मुस्लिम आबादी है, जिसमें शिया की संख्या ज्यादा है। फिर वैश्य समाज के मतदाता आते हैं। यहां कायस्थ वोटरों की भी अच्छी खासी संख्या है। इस सीट पर दलित और ओबीसी मतदाताओं की संख्या सामान्य और मुस्लिम वर्ग की तुलना में बेहद कम है। बात अतीत की कि जाये तो 1951-52 में जब देश के पहले लोकसभा चुनाव हुए, उस वक्त उत्तर प्रदेश में लखनऊ जिला-बाराबंकी जिला और लखनऊ जिला मध्य नाम से दो सीटें थीं। लखनऊ जिला मध्य सीट से कांग्रेस की विजय लक्ष्मी पंडित जीती थीं। इसरी के साथ 1951 से लेकर 1984 तक दो बार के अलावा यहां से कांग्रेस की ही जीत का परचम फहराया। 1967 में निर्दलीय आनंद नारायण मुल्ला तो इमरजेंसी के बाद 1977 के आम चुनाव में भारतीय लोकदल से हेमवती नंदन बहुगुणा चुनाव जीते। देश में पहली बार 1951 में हुए आम चुनाव में कांग्रेस की विजय लक्ष्मी जो देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु की बहन थीं, ने चुनाव जीता था।

## आज का राशिफल

### मेष
आज सुबह से ही किसी नए प्रोग्राम को लेकर आपके अन्दर नई शक्ति और एनर्जी रहेगी। आज किसी मामले में आपको काफी एक्साइटमेंट रहेंगे। दिल की बात जुबान पर लाने का यह सबसे अच्छा समय है। ऑफिस में आपके प्रमोशन या सैलरी बढ़ाने की बात चल रही है। अपनी उमंगो पर काबू रखें।

### वृष
आज का दिन आपके लिए शुभ फल देने वाला होगा। आज दिन की शुरुआत व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं को हल करने से होगी। किसी प्रतियोगिता में आपकी जीत हो सकती है। आप पूरी मेहनत और लगन से जुट जाएंगे तो सफलता प्राप्त करेंगे। प्यार के मामले में आज का दिन ठीक है। आपकी योजनाएं सफल होंगी।

### कर्क
आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज किसी मुकदमे या फिर किसी से वाद विवाद या बहस में आपकी जीत हो सकती है। बिजनस के सिलसिले में किसी की सलाह लेने की जरूरत पड़ सकती है। हर नए काम के कानूनी पहलुओं पर अच्छी तरह से गौर करते चलें तो आपका कोई नुकसान नहीं होगा। आप हर काम को अपने तरीके से पूरा कर पाएंगे।

### सिंह
आज आपको करियर में कोई शुभ समाचार मिल सकता है। आज दिन के पहले हिस्से में आपको छुटपुट धन का लाभ होने की संभावना है। कोई भी नौकरी शुरुआत में छोटी या बड़ी नहीं होती। आपको अपने ही अनुभवों से सीखने की जरूरत है। किसी की बातों पर बिना वजह के भरोसा न करें और अपने काम पर फोकस करें।

### मिथुन
आज का दिन सफलता से भरा होगा। आज आप अपनी पुरानी देनदारी को चुकाने में कामयाब होंगे। आपको कुछ जरूरी सामान की शापिंग करनी पड़ सकती है। अपनी जेब का खास ख्याल रखें। ऐसी चीजें कतई न खरीदें जो फिलहाल आपके काम की न हों। आज आपके अपने आइडियाज पसंद किए जाएंगे।

### कन्या
आज आप अपने में ही मस्त रहेंगे। किसी भी विरोधी की आलोचना की तरफ बिल्कुल ध्यान न लगाएं। अपना काम करते रहें। सफलता एक दिन जरूर आपके कदम चूमेगी। आप अपने सोशल सर्कल को बढ़ाने से पहले अपनी पर्सनल लाइफ पर ध्यान दें। मान सम्मान में बढ़ोत्तरी हो सकती है।

### तुला
आज का दिन सफलता से भरा होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपके मन में आत्मविश्वास रहेगा और योजनाएं पूर्ण होंगी। ऑफिस में भी टीमवर्क के जरिए ही आप किसी कठिन प्रॉब्लम का हल निकालने में सफल होंगे। ऑफिस में आपके बॉस आपकी बातों से प्रसन्न होंगे। परिवार के लोगों के साथ शुभ दिन बीतेगा।

### वृश्चिक
आज भाग्य साथ देगा और आज करियर के मामले में कई शुभ अवसर आपको मिलेंगे। इन मौके को पहचानकर उन पर खरा उतरना आपकी जिम्मेदारी है। ऑफिस आपको हर प्रकार का सहयोग मिलेगा और आपके कार्य सफल होंगे। परिवार के साथ आपका समय अच्छा बीतेगा और आपको घूमने का मौका मिलेगा।

### मकर
आज का दिन बहुत बिजी रहेगा। आपको अपने रोजाना के काम के साथ ही कुछ और काम भी करने पड़ सकते हैं। दिन के पहले हिस्से में कुछ जरूरी फोन कॉल्स और ईमेल्स का जवाब देना जरूरी होगा। कोई पुराना दोस्त अचानक आपके सामने आकर खड़ा हो सकता है और आपसे मदद मांग सकता है। ऐसा करने से पहले अपनी सेविंग्स पर जरूर नज़र डाल लें।

### कुंभ
आज का दिन अनुकूलता से भरा होगा। आज ऑफिस में आपको कुछ नए अधिकार दिए जा सकते हैं। किसी क्रिएटिव काम में भी आपकी रुचि बढ़ेगी और आपको सफलता प्राप्त होगी। जरूरी सामान की खरीद करने में शाम का समय बीतेगा। घर में बड़े बुजुर्गों से बहस न करें तो आपके लिए दिन सही बीतेगा। दूसरों की राय भी सुन लें क्या पता कभी वक्त पड़ने पर काम आ जाए।

### धनु
आज आर्थिक मामलों में आज का दिन शानदार रहेगा। किसी दोस्त या रिश्तेदार की आर्थिक मदद आपको करनी पड़ सकती है। आपको दिन से पहले हिस्से में दूसरों की मदद करने में ही अपना समय गुजारना पड़ सकता है। किसी कठिन समस्या का हल निकालने में आप सफल होंगे। बड़ों से सलाह लेना अच्छा रहेगा। किसी अपने से थोड़े समय के लिए दूर जाने की स्थिति आ सकती है।

### मीन
आज का दिन काफी व्यस्तता में बीतेगा। आज आपके ऊपर ढेर सारी जिम्मेदारियां रहेंगी। घर के सभी पुराने लटके हुए काम को आप पूरा कर पाएंगे। दिन के दूसरे हिस्से में अपने प्रिय साथी के साथ आपका घूमने फिरने का प्लान बन सकता है। बिजनस में किसी तरह का जोखिम उठाने के लिए आज का दिन सही नहीं है। अपने काम पर फोकस करें।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5374

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | | 8 | | 6 |
| | | 3 | 8 | | 2 | | | |
| 6 | | | | | 4 | 9 | 5 | |
| 3 | 6 | | | 1 | | | | |
| 4 | | | 3 | | 5 | | | 7 |
| | | | | 2 | | | 3 | 9 |
| | 9 | 1 | 5 | | | | | 4 |
| | | | 2 | | 1 | 7 | | |
| 8 | | 4 | | | | 2 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5373

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 8 | 6 | 3 | 9 | 5 | 1 | 2 |
| 1 | 3 | 9 | 5 | 8 | 2 | 7 | 6 | 4 |
| 6 | 2 | 5 | 4 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 3 | 4 | 5 | 1 |
| 5 | 6 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 2 | 3 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 6 |
| 9 | 8 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 8 | 2 | 9 | 7 |
| 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 5 | 6 | 3 | 8 |

## वर्ग पहेली 5374

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | ■ | 4 | 5 |
| 6 | | ■ | | ■ | 7 | | |
| 8 | | ■ | ■ | 9 | | | |
| 10 | | 11 | | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | 12 | 13 | ■ | |
| 14 | 15 | ■ | 16 | | | ■ | |
| 17 | | ■ | | ■ | 18 | 19 | ■ |
| ■ | 20 | | | ■ | 21 | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. इन्हें 1971 में भारत रत्न से नवाजा गया था (5)
4. आवाज या शब्द को यह भी कहते हे (2)
6. देह, काया, शरीर (2)
7. उपस्थित होना, अवाई, आने वाला समय (3)
8. एक प्रकार घुटने तक का लंबा पहनावा (2)
9. वर्तमान दौर का एक न्यूज चैनल (4)
10. जो मन को अच्छा लगे, मनपसंद, मनभाया (5)
12. वंचित, रहित, प्रत्यय जो शब्द के अंत में लगकर अनेक अर्थ देता है (2)
14. तरकारी, सब्जी (2)
16. पैदाईश, उत्पत्ति (3)
17. दारचीनी जाति का एक वृक्ष जिसकी छाल औषधि के काम आती है (2)
18. जिसके अवयव पास-पास सटे हों (2)
20. बाकी, बचा हुआ, शेष (3)
21. एक अंग्रेजी तौल (2)

**ऊपर से नीचे**
1. प्रबंध, बंदोबस्त (4)
2. सूर्योदय से सूर्यास्त के समय का मान (4)
3. ग्राम, देहात (2)
4. अभ्यर्दना, रिसेप्शन (3)
5. उपकार न मानने वाला, कृतज्ञ (6)
7. वर्तमान का दिन, जो दिन बीत रहा है (2)
9. शान-शौकत (4)
11. समुद्र के पानी का चढ़ाव के बाद वेगपूर्वक पीछे हटना (2)
13. भीड़, जमावड़ा (4)
14. इंद्रधनुष में रंगों की संख्या (2)
15. अंधेर, क्रोध, कोप, संकट (3)
16. साधन, कारण, हेतु, संबंध (3)
19. एक प्रकार की मोटी खमीरी रोटी (2)

### वर्ग पहेली 5373 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बां | ग्ला | दे | श | ■ | आ | बा | द |
| ह | ■ | ना | म | ज | द | गी | ■ |
| में | ह | ■ | क | ल | मी | ■ | ना |
| भ | र | ना | ■ | ■ | औ | र | त |
| र | फ | ■ | अ | च | र | ज | ■ |
| ना | ■ | फौ | जी | ■ | इं | क | ■ |
| ■ | गु | ■ | त | म | सा | ■ | मो |
| बे | रू | त | ■ | जा | न | व | र |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

# रांची और आसपास के क्षेत्रों में बढ़ा पारा, कई जिलों में पड़ेंगे लू के थपेड़े

**रांची, एजेंसी।** राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार को आंशिक बादल छाए रहे। शाम को तेज हवा चलने के साथ कहीं-कहीं छिटपुट बारिश भी हुई। दिन भर उमस की गर्मी रही। बादल छाए रहने के बावजूद रांची का तापमान पिछले 24 घंटों की तुलना में एक डिग्री बढ़ गया। यहां का अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस रहा। दोनों तापमान सामान्य से अधिक चल रहे हैं।

मौसम विभाग के अनुसार रांची में अगले तीन दिनों के दौरान भी आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे और मौसम में आद्रता बढ़ने से उमस भरी गर्मी सताएगी। इस दौरान रांची के अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री की वृद्धि भी हो सकती है। राजधानी में 21 के बाद मौसम बदलाव और बारिश होने की संभावना है।

## संताल में हुई बारिश

राज्य के अन्य हिस्सों में भी उमस की गर्मी रही। पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, पाकुड़, जामताड़ा, देवघर, दुमका, गोड्डा आदि जिलों में काफी गर्म दिन रहा। हल्के बादल जाने के कारण इन जिलों में उमस की गर्मी रही। पिछले 24 घंटे के दौरान संथाल के इलाकों में बारिश भी हुई। सबसे अधिक बारिश राजमहल में 70 मिली मीटर हुई। इसके अलावा दुमका, धनबाद, गिरिडीह इलाके में तेज हवा के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले तीन दिन पलामू, चतरा, गढ़वा, कोडरमा, पाकुड़, दुमका, देवघर, गोड्डा आदि जिलों में हीट वेव की स्थिति रह सकती है। जबकि 20 मई को राज्य के कई हिस्सों में तेज हवा और गरज के साथ छिटपुट बारिश और वज्रपात होने की संभावना है। 21 से


राज्य में मौसम बदलाव की संभावना व्यक्त की गई है।

## निरंतर बदल रहे हवा के रुख से मौसम में बदलाव

मौसम विभाग के मुताबिक मानसून आने से पूर्व राज्य में हवा के रुख में निरंतर बदलाव आ रहा है। राज्य में अभी पश्चिमी हवा के साथ साथ निचले स्तर पर नम हवाएं आ रही हैं। जबकि 21 के बाद दक्षिणी हवाओं के कारण आसमान में बादल घने होंगे और राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में कहीं कहीं बारिश होगी।

रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा, राजधानी समेत राज्य में अगले तीन दिनों के दौरान उमस की गर्मी बढ़ने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान में वृद्धि होगी। राज्य के संताल, पलामू में कहीं कहीं हीट वेव की स्थिति रह सकती है। लेकिन 21 मई से रांची समेत राज्य में मौसम बदलाव की संभावना है।

राज्य के उत्तर पूर्वी- दश्रिणी और निकटवर्ती मध्य भाग में हल्के गर्जन के साथ बारिश की संभावना है। दूसरी तरफ राज्य में गढ़वा, पलामू, चतरा, कोडरमा , हजारीबाग, देवघर, और गिरिडीह में हीट वेव को लेकर चेतावनी जाहिर की गई है।

मौसम में इसी तरह का बदलाव 23 मई तक नजर आएगा। विभाग ने 21 मई तक के लिए अलर्ट जारी किया है, जबकि राज्य के कई हिस्सों में 23 मई तक गर्जन और बारिश की भी संभावना है। मौसम विभाग ने 19 मई को भी लू और हीट वेव का यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान देवघर, जामताड़ा, दुमका , गोड्डा , पाकुड़ और साहिबगंज में हीट वेव को लेकर सावधान रहने की अपील की है। 19 मई को भी आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है, लेकिन बारिश नहीं होगी। 20 मई को मौसम में बदलाव की संभावना है।

## पिछले 24 घंटे का तापमान

राज्य में पिछले 24 घंटे के तापमान पर नजर डालें तो कई जगहों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई है। राजमहल में सबसे अधिक बारिश 70 एमएम दर्ज की गयी है। राज्य में सबसे अधिक तापमान 42 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया है।

जबकि सबसे कम तापमान 25.1 डिग्री सेल्सियस देवघर में दर्ज किया गया है। राज्य के कई जिलों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बढ़त दर्ज की गई है। राज्य के कई जिलों में तापमान 40 के आंकड़े को पार करने लगा है।

# जांच के घेरे में आयुष्मान योजना से जुड़े झारखंड के 10 अस्पताल, हेल्थ डिपार्टमेंट ने मांगा जवाब

**धनबाद, एजेंसी।** झारखंड में आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना से जुड़े अस्पतालों में गड़बड़ी की सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार फिर इस योजना से जुड़े 10 अस्पताल जांच के घेरे में हैं। इन अस्पतालों पर लाभुक मरीज से पैसे लेने, पूरी चिकित्सीय सेवा नहीं देने, दवा खरीदवाने समेत कई अन्य गंभीर आरोप लगे हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से इन अस्पतालों की सूची सिविल सर्जन को सौंपी गई है और उन्हें जांच का निर्देश दिया गया है।

स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार इस सूची में असर्फी, पाटलिपुत्र नर्सिंग होम, जेपी हॉस्पिटल, प्रगति मेडिकल एवं रिसर्च सेंटर, सर्वमंगला नर्सिंग होम, सनराइज हॉस्पिटल, श्रेष्ठ नेत्रालय, आईएसजी, नयनदीप और आयूरिस अस्पताल शामिल हैं। सिविल सर्जन डॉ सीवी प्रतापन ने बताया कि पिछले दिनों वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में यह मामला उठा था। इसमें आयुष्मान से जुड़े जिले के 10 अस्पतालों की सूची उपलब्ध कराई गई है। इन अस्पतालों में आयुष्मान के लाभुक मरीज से पैसे लेने और आयुष्मान के तहत भुगतान के लिए बिल जमा करने, गुणवत्तापूर्ण इलाज नहीं देने, आईसीयू के सेटअप के बिना आईसीयू बता कर इलाज करने जैसे गंभीर आरोप हैं। विभाग के निर्देशानुसार इन मामलों की जांच शुरू कर दी गई है। संबंधित अस्पतालों से जवाब तलब किया गया है।

इस मामले में सिविल सर्जन डॉ प्रतापन ने शुक्रवार को संबंधित अस्पताल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। सिविल सर्जन के कार्यालय कक्ष में आयोजित इस बैठक में उन्हें मामले की जानकारी दी गई और इसपर स्पष्टीकरण मांगा गया। उन्हें जल्द अपना लिखित जवाब देने का निर्देश दिया गया है।धनबाद के सिविल सर्जन डॉ सीवी प्रतापन ने कहा, %विभाग ने 10 अस्पतालों की सूची दी है। इन पर आयुष्मान के मरीज से पैसे लेने समेत कई तरह की गड़बड़ियों की शिकायत है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। अस्पताल संचालकों के साथ बैठक कर उनसे उनका पक्ष देने का कहा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएस चतुर्वेदी बने एनएफआईआर के सहायक महासचिव

**धनबाद, एजेंसी।** नेशनल फेडरेशन ऑफ़ इंडियन रेलवे मैन के सहायक महासचिव पीएस चतुर्वेदी को बनाया गया है। पीएस चतुर्वेदी ईसीआरएमसी के जनरल सेक्रेटरी हैं। रेलवे बोर्ड के डिप्टी डायरेक्टर की ओर से इसकी घोषणा की गई। बताया गया कि पिछले दिनों 28 और 29 अप्रैल 2024 को मुंबई में एनएफआइआर की वर्किंग कमेटी की बैठक हुई थी। इसी बैठक में पीएस चतुर्वेदी को सहायक महासचिव बनाने सहित अन्य निर्णय लिए गए।

### संविधान को बचाने के लिए परिवर्तन जरूरी है : महावीर मुर्मू



**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर लोक सभा क्षेत्र के जमशेदपुर पूर्वी विधान सभा के बिरसानगर संडे मार्केट से चुनावी जनसंपर्क अभियान झामुमो नेता महावीर मुर्मू के नेतृत्व में चलाया गया। उन्होंने बिरसानगर संडे मार्केट से जोन नंबर 4, 5, 6, 9 एवं 11 में जनसंपर्क कर इंडिया महागठबंधन के उम्मीदवार समीर कुमार मोहंती के पक्ष में तीर धनुष चुनाव चिह्न पर मतदान की अपील की। इस अवसर महावीर मुर्मू ने कहा आज देश की अखंडता और संविधान को बचाने के लिए भाजपा को सत्ता से बाहर करना होगा। नहीं तो हमारे देश से संविधान समाप्त हो जाएगा और भविष्य में कोई भी चुनाव होगा या नहीं इसका कोई गारंटी नहीं है। दिक्कत यह है कि 10 वर्षों में देश के प्रधानमंत्री एवं जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने ऐसा कोई भी काम नहीं किया है जिससे जनता का भला हुआ हो। इसलिए इस बार परिवर्तन जरूरी है। इस जनसंपर्क में झामुमो नगर अध्यक्ष दल गोविन्द लोहरा, विष्णु प्रधान, अभिषेक सिंह, बलजीत सिंह, सूरज गौड़, उमाकांत दास, प्रदीप सिंह, बादल कर्मकार, मनोज तांती, रॉकी सिंह, रोमीथ सिंह आदि भी शामिल हुए।

### गिरिडीह के माइका खदान में बड़ा हादसा, चाल धंसने से ननद-भाभी की मौत; एक की हालत नाजुक

**गावां, एजेंसी।** गिरिडीह के गावां थाना क्षेत्र स्थित परसौनी गांव में अवैध माइका खदान में बड़ा हादसा हो गया। धंसी चाल से दबकर बिरने की रहने वाली दो महिलाओं की मौत हो गई। दोनों मृतक ननद–भाभी थी। वहीं, इस हादसे में एक और ननद गंभीर रूप से घायल है। मृतक में स्व. सुखदेव रविदास की पत्नी टुनी देवी व इसकी ननद बिहार के नवादा जिला अंतर्गत गोविंदपुर थाना क्षेत्र के खरसान निवासी संजय रविदास की पत्नी फुलवा देवी शामिल है। घटना शुक्रवार दोपहर की है। शवों को छुपा दिया गया था। हालांकि, रात एक बजे शवों को बरामद कर लिया गया। घटना के बाद खदान संचालक व परिवारवालों ने मिलकर शव को जंगल में छुपा दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस को शव नहीं मिला, परन्तु पुलिस ने शवों को जब्त करने के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी की। शुक्रवार रात एक बजे शव को बाइक पर लादकर स्वजन बिरने स्थित अपने घर ले जा रहे थे कि रास्ते में पुलिस ने देख लिया। पुलिस को देख बाइक व शव को छोड़कर स्वजन फरार हो गए। वहीं, दूसरे शव की बरामदगी के लिए भी गांव में एक–एक घर की तलाशी ली गई, जिसके बाद सुबह चार बजे एक घर से एक और महिला का शव बरामद किया गया। जिस घर से शव बरामद किया गया है, वहां से स्वजन फरार हो गए हैं। दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया गया है। वहीं, इस घटना में परसौनी निवासी मनोज रविदास की पत्नी की कमर टूट गई है, उसे बेहतर इलाज के लिए धनबाद ले जाया गया है। गावां थाना की पुलिस ने बताया कि खदान में दबकर दो महिला की मौत हुई है और एक जख्मी है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अवैध खनन करने वालों का पता लगाया जा रहा है।

### दो दिन रहेगी रद्द, इन लंबी दूरी की ट्रेनें भी होंगी प्रभावित

**चक्रधरपुर, एजेंसी।** मध्य रेलवे के मुंबई मंडल के सीएसएमटी स्टेशन के प्लेटफॉर्म विस्तार के साथ स्टेशन और स्टेशन यार्ड में नॉन इंटरलॉकिंग का काम कराया जा रहा है। इसके कारण चक्रधरपुर रेल मंडल से गुजरने वाली दोनों तरफ से दुरंतो एक्सप्रेस का परिचालन को रद्द किया गया है। साथ ही तीन ट्रेनों को गंतव्य से पहले दादर स्टेशन में समाप्त करने और चार ट्रेनों को गंतव्य से पहले दादर स्टेशन से ही शुरू करने का फैसला लिया गया है। रेलवे के इस निर्णय से टाटानगर, चक्रधरपुर, राउरकेला एवं झारसुगुडा समेत अन्य जिलों के यात्रियों को मुंबई और हावड़ा आने–जाने में परेशानी होगी। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार, 31 मई को हावड़ा से खुलने वाली ट्रेन नंबर 12262 हावड़ा–सीएसएमटी दुरंतो एक्सप्रेस और 02 जून को सीएसएमटी स्टेशन से रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 12261 सीएसएमटी–हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस का परिचालन रद्द रहेगा। साथ ही 18 मई से 31 मई तक हावड़ा से खुलने वाली ट्रेन नंबर 12810 हावड़ा–सीएसएमटी सुपरफास्ट मेल एक्सप्रेस गंतव्य से पहले दादर स्टेशन में समाप्त होगी, जबकि 18 मई और 31 मई को हावड़ा से खुलने वाली ट्रेन नंबर 12870 हावड़ा–सीएसएमटी एक्सप्रेस दादर स्टेशन में समाप्त होगी।

# रांची में गोलगप्पे, आइसक्रीम और चाट-पकौड़ी का मिलेगा स्वाद, बस 25 मई को करना होगा मतदान

**रांची, एजेंसी।** रांची नगर निगम क्षेत्र के मतदाता वोट डालने के बाद मतदान केन्द्र के बाहर लगे स्टॉल पर गोलगप्पे, आइसक्रीम, चाट और लजीज व्यंजन का लुत्फ उठा सकेंगे। रांची लोकसभा सीट के लिए 25 मई को मतदान होगा। इस बार निगम क्षेत्र में 50 मतदान केन्द्र के बाहर सौ मीटर की दूरी पर कई स्टॉल, ठेला और दुकान लगाया जाएगा। जहां मतदाता लोकतंत्र के महापर्व पर चाट-पकौड़े के साथ गर्म चाय की चुस्कियां लेकर पारिवारिक माहौल में अपनों के बीच कुछ समय बिता सकेंगे। यह पहला मौका होगा जब निगम की ओर से मतदाताओं के लिए ऐसी व्यवस्था बहाल की जाएगी। हालांकि अल्पाहार के लिए मतदाताओं को स्वयं के स्तर से इसके लिए भुगतान करना होगा।

**निगम क्षेत्र के 50 मतदान केंद्र के बाहर बहाल रहेगी व्यवस्था :** हल्के-फुल्के आहार की व्यवसथा निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या एक से 53 में 50 मतदान केंद्र के बाहर बहाल की जाएगी। इसके लिए निगम के स्तर से फुटपाथ दुकानदारों के जरिए स्टॉल, ठेला, दुकान लगाया जाएगा। निगम इसके लिए वेंडर्स को अनुमति देगा। जिस



मतदान केंद्र को ऐसी व्यवस्था के लिए चिन्हित कर तैयारी चल रही है, उसमें रांची विधानसभा के 17, हटिया के 16, खिजरी के सात और कांके विधानसभा क्षेत्र के आठ मतदान केंद्र शामिल हैं। इन मतदान केंद्रों पर कुल 229 बूथ हैं।

**पारिवारिक मतदान की है अवधारणा :** लोकसभा चुनाव के मौके पर बहाल होने वाली सुविधा के पीछे पारिवारिक मतदान की अवधारणा है। पहले लोग मतदान करने के तुरंत बाद वहां से परिवार के सदस्यों के साथ घरों के लिए निकल जाते थे। इस बार नई व्यवस्था बहाल रखने का उद्देश्य यह भी है कि मतदाता मतदान केंद्र के बाहर परिवार के सदस्यों के साथ कुछ देर तक रूकें और प्रक्रिया समेत शांतिपूर्ण एवं खुशनुमा माहौल में व्यंजनों का आनंद उठाएं।

# दलमा में पर्यटक 1500 रुपये में ले सकेंगे मड हाउस का आनंद, 30 लाख की लागत से कैनोपी वॉक भी बनकर तैयार

**जमशेदपुर, एजेंसी।** हाथियों के लिए प्रसिद्ध दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी में आने वाले पर्यटकों के लिए छह कमरे वाले तीन मड हाउस बनकर आम जनता के लिए चालू कर दिए गए हैं।

वैसे शहरी लोग खासकर बच्चे जो गांव नहीं गए हैं, मिट्टी के घर में कभी नहीं रहें हैं। ऐसे लोगों को दलमा पहाड़ी की खूबसूरत वादियों और यहां के मनमोहक वातावरण का दीदार करने के लिए तीन नए मड हाउस का निर्माण पूरा हो गया है।

एक मड हाउस में दो कमरे हैं, जिसका एक दिन का किराया 1500 रुपये रखा गया हैं। दलमा के डीएफओ डा. अभिषेक कुमार कहते हैं कि मड हाउस यानि मिट्टी के घर में रात गुजारने का अलग ही आनंद का अहसास होगा। इस घर का वातावरण एकदम शुद्ध रहेगा।

यहां ग्रामीण परिवेश की संस्कृति का भी अहसास होगा। यही नहीं पर्यटकों के लिए दलमा में कैनोपी वाक, म्यूजियम, हिरण पार्क, वाच टावर, बंबू हट, मचान, जंगल सफारी आदि से जंगल व जंगली जानवरों का नजारा नजदीक से देख सकेंगे।



गुरूवार को मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी एसआर नटेस ने बताया कि पर्यटकों के साथ ही जंगली जानवरों यथा हाथियों की संख्या बढ़ाने के लिए कई तरह के कार्य कर रहे हैं। एलिफेंट कोरिडोर पर महाराष्ट्र के एजेंसी को सर्वे करने का काम दिया गया है। ताकि हाथियों को परेशानी न हो।

दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी के प्रवेश द्वार मकुलाकोचा के पास बने म्यूजियम के बगल में झारखंड का पहला कैनोपी वाक पर्यटकों के लिए चालू कर दिया गया है।

रोमांच से भरपूर 25 फीट की ऊंचाई व 200 मीटर लंबे कैनोपी वाक पर्यटकों को भरपूर मनोरंजन कर रहा है। लगभग 30 लाख रुपये की लागत वाली कैनोपी वॉक का आनंद उठाने के लिए वन विभाग को बड़ा के लिए 100 रुपये व बच्चे के लिए 50 रुपये का शुल्क देना होगा।

# चुनाव ड्यूटी पर आए होमगार्ड ने नाबालिग को बनाया हवस का शिकार, घूमाने के बहाने वॉलंटियर से किया रेप

**खूंटी, एजेंसी।** खूंटी जिले के तोरपा थाना क्षेत्र में चुनाव ड्यूटी में आए होमगार्ड के जवान ने गुरुवार की रात एक नाबालिग से दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी अनंत नाग रनिया निवासी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि होमगार्ड की जहां ड्यूटी लगी थी उसी बूथ पर नाबालिग वॉलंटियर का काम कर रही थी। ड्यूटी के दौरान होमगार्ड जवान ने नाबालिग से उसका मोबाइल नंबर ले लिया। गुरुवार को फोन कर नाबालिग को मिलने के लिए बुलाया और बाइक से उसे घुमाने खूंटी ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता शुक्रवार को माता-पिता के साथ तोरपा थाना पहुंची और अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी।

लोहरदगा जिले के रामपुर निवासी आर्मी जवान सिकंदर उरांव के खिलाफ मांडर पुलिस ने यौन शोषण के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। सिकंदर पर पिछले छह वर्ष से शादी के नाम पर झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप मांडर थाना क्षेत्र की युवती ने लगाया है। इस मामले में पीड़िता द्वारा थाने में दिए आवेदन के अनुसार 2018 में उसका परिचय सिकंदर से हुआ था। इसके बाद दोनों के बीच दोस्ती हो गई और आरोपी शादी के नाम पर उसका यौन शोषण करने लगा। बाद में पीड़िता को पता चला कि सिकंदर शादीशुदा है और उसके बच्चे भी हैं।खूंटी जिले के कर्रा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना में शामिल आरोपी सुलेमान मुंडा उर्फ लोंगा उर्फ रोहन मुंडा को पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। 15 मई की रात नाबालिग अपनी दादी के साथ शादी समारोह में शामिल होने पदमपुर गांव आई थी।

# आलमगीर आलम से पूछताछ, ईडी ने दागे कई सवाल; कमीशन पर मंत्री ने साधी चुप्पी

**रांची, एजेंसी।** ईडी ने शुक्रवार को झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को छह दिनों की रिमांड पर ले लिया। उन्हें एजेंसी के रांची जोनल कार्यालय लाया गया, जहां दिन के करीब 12.15 बजे से पूछताछ शुरू हुई। पूछताछ शुरू होते ही ईडी के अधिकारियों ने उनपर सवालों की बौछार कर दी। हालांकि ठेकों के मैनेज होने और उससे मिलने वाले कमीशन पर आलम ने चुप्पी साध ली। आलमगीर और संजीव लाल को आमने-सामने बैठाकर भी क्रॉस सवाल किए गए।

ईडी ने आलमगीर से पूछताछ की शुरुआत उनके पीएस संजीव लाल के नौकर के यहां से मिले दस्तावेजों पर आधारित सवालों से की। उनसे ग्रामीण विकास और ग्रामीण कार्य विभाग में होने वाले टेंडर और उसको मैनेज किए जाने संबंधी सवाल पूछे गए। इसपर मंत्री ने बताया कि ठेका-पट्टा का काम संजीव लाल और विभाग के अधिकारी ही देखते थे। उन्हें इस विषय में अधिक जानकारी नहीं है।

ईडी के अधिकारी संजीव लाल और पूर्व में चीफ इंजीनियर रहे वीरेंद्र राम के बयानों का मिलान कर रहे हैं। ईडी रोजाना विभागीय इंजीनियरों से भी पूछताछ कर रही है। जांच में


असिस्टेंट इंजीनियरों द्वारा मंत्री के कहने पर संजीव लाल तक पैसे पहुंचाने की बात सामने आई थी। ऐसे में उन असिस्टेंट इंजीनियर रैंक के अफसरों का भी बयान ईडी दर्ज कर रही है।

## ट्रांसफर-पोस्टिंग पर भी ईडी ने ली जानकारी

ईडी को सीओ, बीडीओ की पोस्टिंग से जुड़े कई अनुशंसा पत्र भी छापेमारी के दौरान मिले थे। उन अनुशंसा पत्रों पर भी मंत्री से सवाल पूछे गए। इसके बाद मंत्री ने बताया कि पार्टी व संगठन से जुड़े लोगों के द्वारा पैरवी की जाती है, यह समान्य मामला है। हालांकि ट्रांसफर-पोस्टिंग में भी आप्त सचिव संजीव लाल के द्वारा उगाही के साक्ष्य एजेंसी को मिले हैं। इन पहलुओं पर भी एजेंसी जांच कर रही है।

## पैसों के सभी स्रोतों की जानकारी जुटा चुकी है ईडी

जांच के क्रम में जहांगीर के फ्लैट से बरामद 32.20 करोड़ रुपये के पूरे स्रोत की जानकारी ईडी जुटा चुकी है। इन पैसों को ईडी ने आलमगीर आलम का ही माना है। पूरे पैसे ठेका मैनेज करने के बाद कमीशन की उगाही के हैं। वहीं ट्रांसफर-पोस्टिंग के जरिए भी मंत्री के आप्त सचिव ने पैसे जुटाए थे। ईडी का दावा है कि ये पैसे बीते तीन माह में ही जमा किए गए हैं।

# विधायक भानु ने किया जातीय और धार्मिक भावना का अपमान, यह बर्दाश्त योग्य नहीं : रंजनी शर्मा

**रमना , एजेंसी।** उपायुक्त के आश्वासन के बाद भी लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान कार्य में प्रतिनियुक्त कई कर्मियों को प्रशिक्षण सह मतदान कार्य के राशि का भुगतान चुनाव संपन्न होने के बाद भी नहीं किया गया। जिससे राशि से वंचित मतदान कार्य में लगे कर्मियों में नाराजगी व्याप्त है। जानकारी के अनुसार इस बार मतदान कार्य में प्रतिनियुक्त कर्मियों को उनके खाते में मतदान कार्य का अग्रिम भुगतान किया गया, लेकिन कई मतदान कर्मियों ऐसे हैं जिनके खाते में अग्रिम राशि का भुगतान नहीं किया गया।

जिसका विरोध कर्मियों द्वारा 12 मई को सामग्री उठाव से पहले किया गया था। साथ ही बिना राशि भुगतान के चुनाव कार्य में जाने को तैयार नहीं थे। जिसके बाद उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा कहा गया कि कुछ तकनीकी कारणों से राशि खाते में नहीं गया होगा। लोगों के विरोध के बाद उपायुक्त द्वारा चुनाव बाद भुगतान कराने का आश्वासन कर्मियों को दिया गया। साथ ही राशि से वंचित कर्मियों को कर्मिक विभाग में आवेदन देने को भी कहा गया और लोगों ने आवेदन भी दिया। इसके बावजूद चुनाव के चार दिन गुजर जाने के बाद भी कर्मियों के खाते में राशि का भुगतान नहीं किया गया। बताया जाता है कि राशि से वंचित कई कर्मियों द्वारा समाहरणालय गढ़वा जाकर कार्मिक विभाग में इसकी जानकारी लिया गया। जिस पर उन्हें



जल्द ही राशि का भुगतान का केवल आश्वासन ही मिला। मतदान कर्मी पियूष प्रशांत, रवि कुमार, उपेंद्र प्रसाद एवं विनय प्रसाद यादव आदि ने बताया कि ऐसा पहली बार हुआ है कि उन्हें बिना राशि भुगतान के अपने सहयोगी से पैसा लेकर चुनाव कराने जाना पड़ा है।

भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही सरेआम आदर्श आचार संहिता का उलंघन कर रहे हैं। साथ ही वे विधायकी के नशे में इतने चूर हो गए हैं कि आम से लेकर खास तक किसी भी व्यक्ति की जातीय व धार्मिक भावना का सरेआम अपमान कर रहे हैं। उनका बयान बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। विधायक भानु पर आदर्श अचार संहिता का उल्लंघन तथा धार्मिक एवं जातीय भावना को अपमानित करने एवं समाज में विद्रोह भड़काने का मामला दर्ज होना चाहिए।

उक्त बातें जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने एक प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि विधायक भानु ने एक चुनावी जनसभा में बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री राजद नेता तेजस्वी यादव तथा भवनाथपुर के पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा को तेजस्वी मियां एवं राजा मियां कह कर संबोधित किया है। विधायक के इस बयान से यादव समाज व राजपूत समाज की भावना को काफी ठेस पहुंची है। इस समाज के लोग खुद को काफी अपमानित महसूस कर रहे हैं। सरेआम मंच से इस प्रकार का भड़काऊ भाषण देना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन का भी मामला बनता है। उन्होंने कहा कि वे समाज तोड़ने वाले, किसी की भी भावना को आहत करनेवाले बयान को बर्दाश्त नहीं करेंगी।

वे एसडीओ, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गढ़वा, राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी से शिकायत करेंगी। साथ ही जिला परिषद सदस्य ने इस मामले पर जिला प्रशासन, एसपी, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आदि से उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। रंजनी शर्मा ने कहा कि विधायक भानु के इस भड़काऊ बयान से यादव समाज एवं राजपूत समाज के लोगों में काफी आक्रोश है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम भजनलाल और किरोड़ी लाल के संबंधों में उभरी दरार?

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के बीच सबकुछ सामान्य नहीं चल रहा है। किरोड़ी लाल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पत्र में कई सवाल खड़े किए है। हालांकि, किरोड़ी लाल ने सीधे तौर पर मुख्यमंत्री को निशाने पर नहीं लिया। लेकिन माना यहीं जा रहा है कि निशाने पर खुद मुख्यमंत्री भजनलाल ही है। दरअसल, कृषि मंत्री किरोड़ी लाल ने जयपुर में गांधीनगर स्थित ओल्ड एमआरईसी कैम्पस व राजकीय कॉलोनी के पुनर्विकास योजना के नाम पीपीपी मॉडल पर मल्टीस्टोरी बिल्डिंग बनाने के प्रोजेक्ट में 1146 करोड़ रुपए का घोटाला होने की संभावना जताई है।किरोड़ीलाल मीणा ने इस प्रोजेक्ट में कुछ अफसरों पर आरईडीसीसी से सांठ-गांठ कर काली कमाई करने का आरोप लगाते हुए पत्र लिखा है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी किरोड़ी लाल ने जल जीवन मिशन में घोटाले धांधली को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखा था। जिसके बाद विभाग ने सभी टेंडरों को निरस्त कर दिया था। लेकिन अब मंत्री किरोड़ी लाल मीणा फिर एक घोटाले को लेकर सीएम भजनलाल को पत्र लिखा है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि किरोड़ी लाल मुख्यमंत्री को बार-बार पत्र लिखकर दबाव की रणनीति पर काम कर रहे है। बता दें किरोड़ी लाल मुख्यमंत्री के प्रबल दावेदार थे लेकिन पार्टी आलाकमान ने उन्हें कृषि मंत्री बनाकर तगड़ा झटका दिया। सियासी जानकारों का कहना है कि किरोड़ी लाल बार-बार खुद के इस्तीफे की बात कहकर पार्टी आलाकमान को दबाव में लाना चाहते है। इसलिए किरोड़ी लाल कह रहे है कि दौसा से बीजेपी हार जाती है तो वह मंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे।

### एसीबी ने जल संसाधन विभाग के अधिकारी के घर मारी रेड

**बस्तर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में लगातार एसीबी यानी एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम जगह-जगह छापा मार रही है। इस दौरान एसीबी की टीम ने बस्तर संभाग के कोंडागांव में जल संसाधन विभाग में पदस्थ कार्यपालन अभियंता के सरकारी निवास पर छापा मारा है। एसीबी की इस कार्रवाई में 50 हजार कैश बरामद किया गया है। जानकारी के मुताबिक कार्यपालन अभियंता टीआर मेश्राम पर सप्लीमेंट्री कार्य के लिए ठेकेदार से रिश्वत मांगने का आरोप है। बताया जा रहा है कि ठेकेदार तुषार देवांगन ने मौजूदा कार्यपालन अभियंता टीआर मेश्राम के खिलाफ रिश्वत मांगने की शिकायत ईओडब्लू और एसीबी में दर्ज कराई थी। इसके बाद जगदलपुर से आई एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने कोंडागांव में टीआर मेश्राम के शासकीय आवास में शुक्रवार को दबिश दी। एंटी करप्शन ब्यूरो कि कार्रवाई में बंगले से 50 हजार रुपए कैश बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि 1 साल पहले भी जल संसाधन विभाग के पूर्व कार्यपालन अभियंता आरबी सिंह, एसडीओ आरबी चौरसिया, और सब इंस्पेक्टर डीके के खिलाफ एसीबी की टीम ने रिश्वतखोरी के मामले में कार्रवाई की थी। फिलहाल आज के मामले में एसीबी की कार्रवाई जारी है।

### बछड़े की मौत का बदला कुछ ऐसा, ग्रामीण ने शिकारी बनकर काट दिए तेंदुए के हाथ-पैर

**कोरबा, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले अंतर्गत कटघोरा वन परिक्षेत्र में तेंदुए के शिकार के मामले में वन विभाग की टीम ने तीन संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि इन तीनों ने अपने बछड़े की मौत के बाद बदला लेते हुए तेंदुए की हत्या कर उसके हाथ पैर काट दिए थे। मामले में वन विभाग की टीम और पुलिस जांच कर रही थी जिसके बाद तीनों को गिरफ्तार किया गया है। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के राहा जंगल में तेंदुए के शिकार मामले में तीन संदिग्धों की गिरफ्तारी से पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है। जिसकी जानकारी पुलिस ने शुक्रवार को यह दी है। पुलिस ने इस मामले में तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया हैं जिनमें से दो बाप-बेटे हैं जबकि एक उसका समधी है। जानकारी के मुताबिक कटघोरा वनमंडल के राहा के जंगल में तेंदुए की लाश मिली थी। उसके शरीर के कई अंग गायब थे। उस दौरान वहां मौजूद वन विभाग के अधिकारियों ने जहर देकर मारने की आशंका जताई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी तेंदुए को जहर देकर मारने की पुष्टि हुई।

# कीमती जंगलों को आग के खतरों से बचाने की जरूरत, सुप्रीम कोर्ट ने वनाग्नि पर जताई चिंता

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने जंगलों में लगने वाली आग पर चिंता जाहिर की है। साथ ही कहा है कि कीमती जंगलों को आग के खतरों से बचाया जाना चाहिए। जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने इस मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि हर कोई जंगलों की रक्षा में रुचि रखता है।

सुनवाई के दौरान उत्तराखंड सरकार की ओर से पेश सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को जंगल की आग को रोकने और नियंत्रित करने के लिए धन के उपयोग, वन विभाग में रिक्तियों को भरने और अग्निशमन के लिए जरूरी उपकरण सहित विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान जब तुषार मेहता ने पीठ को अग्निशमन के लिए उपलब्ध कराए जा रहे उपकरणों के बारे में बताया तो पीठ ने कहा कि आपके द्वारा केवल आंकड़े दाखिल कर दिए जाते हैं। जब आपके वन रक्षकों की तस्वीरें और साक्षात्कार दिखते हैं तो पता चलता है कि वे केले के पत्तों का उपयोग करके आग बुझा रहे हैं।

पीठ ने आगे कहा कि यह एक ऐसा तथ्य है जिसे कोई भी नकार नहीं सकता है। पीठ ने कहा कि हमने तस्वीरों के साथ रिपोर्ट्स में जो



पढ़ा है उससे सवाल पूछ रहे हैं। इस पर जवाब देते हुए मेहता ने कहा कि मीडिया में छपी रिपोर्ट्स को मैं कमतर नहीं आंक रहा हूं, लेकिन कभी-कभी उन रिपोर्ट्स पर पूरी तरह से भरोसा कर लेना खतरनाक हो सकता है।

इस दौरान मेहता ने दावा किया कि रिपोर्ट्स में दिखाई गई तस्वीरों में कुछ कैलिफोर्निया के जंगलों में लगी आग की हैं। इस पर पीठ ने कहा कि अग्निशमन के उपकरणों को पहले से ही वितरित करने की व्यवस्था की जानी चाहिए। अगर वे गोदाम में पड़े रहेंगे तो इससे कोई फायदा नहीं मिलेगा।

सुनवाई के दौरान उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी भी कोर्ट में मौजूद रहीं। सालिसिटर जनरल के साथ उप महाधिवक्ता जतिंदर कुमार सेठी भी राज्य सरकार की ओर से पेश हुए। सुप्रीम कोर्ट उत्तराखंड में जंगल की भीषण आग पर वरिष्ठ वकील राजीव दत्ता द्वारा दायर एक आवेदन पर सुनवाई कर रही थी।

**शीर्ष अदालत ने छात्रों की याचिका पर मणिपुर सरकार को दिया आदेश, राज्य के बाहर यूपीएससी परीक्षा देने को अभ्यर्थियों को मिलेंगे तीन हजारः** सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर सरकार को हिंसा प्रभावित पहाड़ी जिलों के सिविल सेवा के उम्मीदवारों को गत आगामी 26 मई को राज्य से बाहर यूपीएससी परीक्षा में शामिल होने के लिए तीन हजार रुपये प्रतिदिन देने के निर्देश दिए। यह फैसला शीर्ष अदालत ने 140 छात्रों की ओर से परीक्षा केंद्र मणिपुर से बाहर स्थानांतरित करने की मांग वाली याचिका पर सुनाया।

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पार्डीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने विशेष सुनवाई में राज्य के पहाड़ी जिलों के सिविल सेवा के उम्मीदवारों की शिकायत का संज्ञान लिया। इन छात्रों ने सुरक्षा चिंताओं के कारण मणिपुर के बाहर परीक्षा केंद्र चुना है।

पीठ ने अपने फैसले में कहा कि यूपीएससी परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले वर्तमान में पहाड़ी जिलों के अभ्यर्थियों को राज्य से बाहर परीक्षा में शामिल होने के लिए तीन हजार रुपये प्रति उम्मीदवार किया जाएगा।

इस लाभ को प्राप्त करने के लिए इच्छुक उम्मीदवार को इस आदेश में दिए गए ईमेल पते पर नोडल अधिकारी को अपने वर्तमान पते की जानकारी देनी होगी। इससे पहले, हाई कोर्ट ने मणिपुर सरकार से ऐसे अभ्यर्थियों को 1500 रुपये देने को कहा था। इस पर सीजेआइ ने परिवहन समेत अन्य व्यवस्थाओं के लिए राशि को पर्याप्त न मानते हुए हाई कोर्ट द्वारा आदेशित राशि को बढ़ाकर तीन हजार कर दिया।

### रूडी को हैट्रिक तो रोहिणी को खाता खोलने की चुनौती

**सारण , एजेंसी।** गंगा और घाघरा को अपनी गोद में समेटे सारण संसदीय क्षेत्र हर बार कांटे के चुनावी मुकाबले की वजह से चर्चा में रहता है। चुनावी मुकाबले का एक कोण लालू प्रसाद तो दूसरा राजीव प्रताप रूडी रहते हैं। सारण में इस बार सियासत के मंझे खिलाड़ी राजीव प्रताप रूडी के सामने बड़ी चुनौती है। राजनीति में लंबा अनुभव रखने वाले रूडी का मुकाबला राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद की डॉक्टर बेटी रोहिणी आचार्य से है। रूडी जीत की हैट्रिक लगाने तो रोहिणी सियासी खाता खोलने मैदान में उतरी हैं। बीते सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजीव प्रताप रूडी के समर्थन में छपरा में सभा की। रूडी के नामांकन समारोह सभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी आ चुके हैं। इधर लालू प्रसाद रोहिणी के लिए वोट मांगने बार-बार छपरा पहुंच रहे हैं। यहां 20 मई को पांचवें चरण में मतदान होना है।

सारण सीट को लेकर यह प्रसिद्ध है कि यहां चुनावी समीकरण के दो कोण ही रहते हैं।

## परिवर्तन नहीं आया तो बहुत खतरनाक और भयावह होगा बंगाल-मिथुन चक्रवर्ती

**परगना, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती शुक्रवार शाम चुनावी जनसभा में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुझे जनसमर्थन देखकर सकारात्मक भावनाएं आ रही हैं। मिथुन ने कहा, मैं यहां पर जो जन-समुद्र देख रहा हूं उससे बहुत ही पॉजिटिव फिलिंग आ रही है। कौन क्या करता है और क्या बोलता है, ये सब नहीं... मैं एक्टर हूं और लोगों की बॉडी लैंग्वेज देखता रहता हूं। उन्होंने कहा कि राजनीति में आरोप लगाना कोई नई बात नहीं है। हम उससे हटकर कितना आगे जाएंगे, यह बड़ी बात है।

मिथुन चक्रवर्ती से पूछा गया कि आप क्या मैसेज देना चाहेंगे? इसके जवाब में उन्होंने कहा, बंगाल में परिवर्तन लाना बहुत जरूरी है और अगर अबकी बार नहीं आया तो इसके बाद का जो पश्चिम बंगाल होगा, वो बहुत खतरनाक होगा। बता दें कि पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के 5वें चरण में 7 सीटों पर मतदान होना है। इसमें 1.25 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। पांचवें चरण में सात संसदीय क्षेत्रों में 88 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इससे पहले चौथे चरण में 13 मई को छिटपुट हिंसा के बीच 80 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि 20 मई को 88 उम्मीदवारों में से 7 विजेताओं का चुनाव करना हैं। जिन संसदीय क्षेत्रों में 20 मई को मतदान होना है, उनमें बंगाण (एससी), बैरकपुर, हावड़ा, उलुबेरिया, सेरामपुर, हुगली और आरामबाग शामिल हैं। ये संसदीय क्षेत्र राज्य के चार जिलों में फैले हुए हैं। इन क्षेत्रों में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और मुख्य विपक्षी भाजपा के बीच है। 2019 के चुनाव में मतदाताओं ने वामपंथियों को पूरी तरह से दरकिनार कर दिया था और कांग्रेस केवल 2 सीटों मुर्शिदाबाद और मालदा पर जीत दर्ज करने में कामयाब हुई थी।

### अनाधिकृत रास्ते पर रेलवे सबवे निर्माण का भेजा प्रस्ताव

## 5.3 करोड़ की लागत से होगा प्रत्येक सबवे का निर्माण

**सुरक्षा के दृष्टिकोण से 10 अनाधिकृत मार्ग को किया गया है बंद**

विशेष संवाददाता

**कोलकाता।** भागलपुर-दुमका रेल खंड में कुल 10 अनाधिकृत अतिक्रमण स्थानों की पहचान की गई है। जहां नियमित मोटर चालित वाहन क्रॉसिंग होते हैं, जो रेलवे और सड़क उपयोगकर्ताओं दोनों के लिए महत्वपूर्ण खतरे पैदा करते हैं। मालदा डिवीजन ने इनमें से प्रत्येक अतिक्रमण वाले स्थान पर सीमित ऊंचाई वाले सबवे के निर्माण का प्रस्ताव दिया है, प्रत्येक सबवे की लागत 5.3 करोड़ रुपये है। ये सबवे स्थानीय लोगों को सुरक्षित रूप से पटरियों के नीचे से पार करने की अनुमति देंगे। मंजूरी मिलते ही काम शुरू हो जाएगा। इस संबंध में मालदा मंडल रेल प्रबंधक श्री विकास चौबे ने प्रेस बयान



जारी कर कहा है कि अतीत में, इन अतिक्रमण स्थानों पर कई दुर्घटनाएँ हुई हैं, जिससे गंभीर क्षति हुई और मानव जीवन की हानि हुई, जो अत्यधिक अवांछनीय है। मालदा डिवीजन लोगों को इन अनधिकृत फाटकों के उपयोग के खतरों के बारे में जागरूक करने और सुरक्षा के लिए निकटतम समपार फाटकों के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। उठाए गए कदमों में स्लीपरों के साथ बैरिकडेिंग और संपर्क सड़कों को अलग करना शामिल है। लोगों को शिक्षित करने के लिए नियमित जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं, जिसमें इन अतिक्रमण वाले स्थानों पर पर्चे का वितरण भी शामिल है। ऐसे सभी स्थानों पर अनाधिकृत गेटों के उपयोग के खतरों को उजागर करने वाले बैनर और होर्डिंग्स लगाए गए हैं। इसके अलावा, मालदा डिवीजन ने इनमें से प्रत्येक अतिक्रमण वाले स्थान पर सीमित ऊंचाई वाले सबवे के निर्माण का प्रस्ताव रेल विभाग को दिया है। प्रत्येक सबवे की लागत 5.3 करोड़ रुपये है। ये सबवे स्थानीय लोगों को सुरक्षित रूप से पटरियों के नीचे से पार करने की अनुमति देंगे। मंजूरी मिलते ही इसपर काम शुरू हो जाएगा।

## भाजपा की नाटकबाजी, जुमलेबाजी अब समझ गयी जनता- मायावती

**प्रतापगढ़, एजेंसी।**
उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में पहुंचीं बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नाटकबाजी, जुमलेबाजी को देश की जनता समझ गई है। अब जवाब देने का समय आ गया है, इस बार भाजपा की सरकार बनने वाली नहीं है। प्रतापगढ़ संसदीय संसदीय क्षेत्र से बसपा के प्रत्याशी प्रथमेश मिश्र के समर्थन में विश्वनाथ गंज कस्बे के पास आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मायावती ने कहा कि ब्राह्मणों पर सरकार ने बहुत अत्याचार किया है। इस सरकार ने गरीबों मजदूरों और व्यापारियों का जीना मुहाल कर दिया है। चुनावी घोषणा पत्र जुमला होता है। जिसे कोई भी पार्टी कभी भी अमल में नहीं लाती है। इसलिए हम चुनावी घोषणापत्र में नहीं बल्कि काम करने में विश्वास नहीं करते हैं।

उन्होंने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जिनको भी मुफ्त राशन मिल रहा है उसे मोदी सरकार अपनी जेब से नहीं देती है। यह संघ और भाजपा की जेब से नही खर्च होता है। केंद्र की सरकार संविधान व आरक्षण की विरोधी है। मायावती ने कहा कि बसपा बिना गठबंधन के दमदारी से चुनाव लड़ रही है, बसपा ने सर्वसमाज की भागीदारी टिकट बंटवारे में करते हुए सबका सम्मान किया है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि केंद्र द्वारा देश में पिछले कुछ समय से अति गरीब परिवारों को स्थाई तौर पर फ्री में जो थोड़ी सी खाद्य सामग्री या राशन आदि दिया जा रहा उससे गरीबों का स्थाई तौर पर भला होने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि जब भी चुनाव होता है तो बीजेपी एण्ड कंपनी के



लोग गांव-गांव और शहर की बस्तियों में जाकर जो गरीब लोग हैं उन्हें कहते हैं कि बीजेपी ने आपको फ्री में राशन दिया है आप इसके बदले बीजेपी को वोट दीजिए, ये बिल्कुल सही नहीं, बिल्कुल गलत है। इसमें रत्ती भर सच्चाई नहीं क्योंकि फ्री राशन बीजेपी या आरएसएस की जेब से नहीं बल्कि जनता के टैक्स के पैसे से दिया जा रहा है। जिस पर गरीबों का अधिकार है, बीजेपी या आरएसएस का अधिकार या मेहरबानी नहीं है। मतदाताओं को इससे अगाह करते हुए उन्होंने कहा कि गरीबों की यह जटिल समस्या देश में हर हाथ को काम देने से ही दूर हो सकती है, जिसकी तरफ हमारी सरकार बनी तो विशेष ध्यान देगी। कहा कि देश में तेजी से बढ़ रही महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी से जनता दुखी और परेशान है। सरकार बनी तो आर्थिक नीतियो में तब्दीली कर इसे दूर किया जाएगा। धर्म की आड़ में पिछले कुछ वर्षों से खास तौर से मुस्लिम समाज के लोगों का द्वेश की भावना जो शोषण और उत्पीड़न किया जा रहा है उसे भी जरूर रोका जाएगा।

## पाकिस्तान से प्रेम रखने वाले भारत पर बोझ न बनें-मुख्यमंत्री योगी

**सारण, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पाक से प्रेम रखने वाले भारत के लिए बोझ न बनें और वे तत्काल पाक की गलियों में जाकर राशन के लिए लाइन में खड़े हो जाएं। सारण लोकसभा सीट के अमनौर स्थित धरहरा मैदान में शुक्रवार को एनडीए प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सारण की पावन धरती को नमन कर बिहार के गौरवशाली अतीत को याद किया। योगी ने अपने भाषण में लालू प्रासद यादव और राहुल गांधी पर खूब चुटकी ली। सारण में लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होने वाला है।

योगी ने कहा कि बिहार कभी ज्ञान और विज्ञान की धरती रहा है, जिसे राजद और कांग्रेस वालों ने रसातल में पहुंचा दिया था। उन्होंने कांग्रेस व राजद पर हमला करते हुए कहा कि राजद व कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण की बात कर देश को विभाजित करना चाहते हैं और पिछड़े वर्ग का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना चाहते हैं, जो संविधान के खिलाफ है। आरजेडी के सुप्रीमो लालू प्रसाद पर निशाना साधते हुए आदित्यनाथ योगी ने कहा कि राजद और कांग्रेस वाले पिछड़े वर्ग के लोगों का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना चाहते हैं। जो भाजपा नहीं होने देगी। योगी ने कहा कि चार चरणों का चुनाव बीत जाने के बाद पूरे देश में मोदी की लहर नहीं बल्कि सुनामी चलने लगी है। अब यह तय हो गया है कि तीसरी बार भी नरेंद्र मोदी ही प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं।



## समान नागरिक संहिता लागू करेंगे, यह हमारा कमिटमेंट- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

**सलेमपुर, एजेंसी।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि समान नागरिक संहिता लागू करेंगे। यह हमारा कमिटमेंट है। यह संविधान के नीति निदेशक के सिद्धांतों में है। इस दौरान कांग्रेस और इंडिया एलायंस पर हमला भी किया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हम समान नागरिक संहिता लागू करेंगे। यह हमारा कमिटमेंट है, क्योंकि यह भारत के संविधान के नीति निदेशक सिद्धांतों में है। कहा कि संविधान निर्माताओं ने भी समान नागरिक संहिता के बारे में कहा था। कहा कि दस साल में भारत के प्रति दुनिया में धारणा बदली है। पहले भारत को कमजोर समझा जाता था। आज भारत बोलता है तो दुनिया कान खोलकर सुनती है। रक्षामंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने इमरजेंसी लगाई, वे लोग कहते हैं कि 400 सीटें आईं तो भाजपा लोकतंत्र का गला घोंटेगी। कोई माई का लाल लोकतंत्र का गला नहीं घोंट सकता। मोदी ने दस सालों में एक भी सरकार भंग नहीं की। हमने फैसला किया है कि देश मे विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ होने चाहिए।

राजनाथ सिंह शुक्रवार को सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र के सिकंदरपुर में गांधी इंटर कॉलेज के मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। राजनाथ सिंह ने इंडिया गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जिस प्रकार विश्व की धरती से डायनासोर लुप्त हो गए, वैसे ही कांग्रेस भी लुप्त हो जाएगी। दूसरी ओर सपा 'समाप्त पार्टी' है। 2015 में ही 'साइकिल' की चेन उतर गई थी। 2017, 2019 व 2022 में चेन चढ़ नहीं सकी। जिस साइकिल पर चेन ही न हो, वह कैसे आगे बढ़ेगी।

## पति-पत्नी की सरकार ने बिहार को बदहाली की ओर ढकेल दिया था- सीएम नीतीश कुमार

**पूर्वी चंपारण , एजेंसी।** पूर्वी चंपारण के केसरिया में भाजपा प्रत्याशी राधा मोहन सिंह और शिवहर संसदीय क्षेत्र के बैरगनिया में जदयू प्रत्याशी लवली आनंद के लिए चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने राजद और लालू यादव के परिवारवाद पर जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि पति-पत्नी की सरकार ने बिहार को बदहाली की ओर ढकेल दिया था। पहले खुद सीएम बने फिर पत्नी को बना दिया। अब बेटे-बेटी को सेट करने में लगे हैं। सीएम ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए राधामोहन सिंह व लवली आनंद को वोट देने की अपील की। बिहार में चार चरणों के लोकसभा चुनाव संपन्न हो चुके हैं। पांचवें चरण के लिए 20 मई को वोटिंग होने वाली है।चुनावी जनसभा में जुटी भीड़ को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नेउनकी सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को भी गिनाया। उन्होंने कहा कि हमने बिहार के सभी गांवों को पक्की सड़क से जोड़ा। पूरे प्रदेश में सड़कों, पुल-पुलिया और नालों का जाल बिछाया। बिहार का विकास कर देश में बिहारियों को सम्मान दिलाया। इससे राज्य के गांवों का भी विकास हुआ।

नीतीश ने बिना नाम लिए कहा कि नौ-नौ बच्चे पैदा करने वाले कभी खुद मुख्यमंत्री बन जाते हैं तो कभी पत्नी को बना देते हैं। कभी बेटे-बेटियों को राजनीति में सेट करने में लगे रहते हैं। सीएम ने कहा कि हमने कभी परिवार की बात नहीं की। समूचा बिहार मेरा परिवार है। उन्होंने कहा कि एक दौर था जब शाम ढलने से पहले लोग घरों में कैद हो जाते थे। 2005 में जब हमने भाजपा के सहयोग से सत्ता संभाली तो सबसे पहले विधि व्यवस्था को ठीक किया।

## सुप्रीम कोर्ट ने मैरिटल रेप को नए आपराधिक कानून में अपवाद मानने के खिलाफ याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
सुप्रीम कोर्ट ने नए आपराधिक कानून के तहत वैवाहिक बलात्कार को अपवाद माने जाने को चुनौती देने वाली एक याचिका पर शुक्रवार को केंद्र को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। चीफ जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने 'ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक वुमन एसोसिएशन' (एआईडीडब्ल्यूए) की याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया और कहा कि इसे वैवाहिक बलात्कार को अपराध बनाने की मांग करने वाली अन्य याचिकाओं के साथ जुलाई में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। बेंच ने कहा, यह एक संवैधानिक मुद्दा है। नए कानून के बाद भी यह ज्वलंत रहेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने 16 जनवरी, 2023 को भारतीय दंड संहिता के उस प्रावधान के खिलाफ कुछ याचिकाओं पर केंद्र से जवाब मांगा था, जो पत्नी के वयस्क होने पर जबरन यौन संबंध के लिए अभियोजन से पति को सुरक्षा प्रदान करता है। भारतीय दंड संहिता की धारा 375 में दिए गए



अपवाद के तहत, यदि पत्नी नाबालिग नहीं है तो पति द्वारा उसके साथ संभोग या यौन क्रिया किया जाना बलात्कार नहीं माना जाएगा। यहां तक कि नए कानून- भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत, धारा 63 (बलात्कार) के अपवाद-2 में स्पष्ट किया गया है कि यदि पत्नी की उम्र 18 साल से कम नहीं है तो पति द्वारा उसके साथ संभोग या यौन क्रिया किया जाना बलात्कार नहीं है। एआईडीडब्ल्यूए ने बीएनएस की धारा 67 की संवैधानिकता को भी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, जो अलग हो चुकीं पत्नियों से बलात्कार करने वाले विवाहित पुरुषों के लिए दो से सात साल तक की सजा का प्रावधान करती है। वकील रुचिरा गोयल के माध्यम से दायर याचिका में इस आधार पर प्रावधान पर आपत्ति जताई गई है कि संबंधित सजा बलात्कार के मामलों में लागू अनिवार्य न्यूनतम 10 साल की सजा से कम है। उन्होंने बीएनएसएस की असंवैधानिक धारा 221 की भी आलोचना की।

संक्षिप्त समाचार

## अब टी20 विश्व कप में शर्मा जी के बेटे का समर्थन करूंगा : केएल राहुल



**मुंबई, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के कप्तान के.एल. राहुल ने कहा कि अब वह अपने ससुर के साथ आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में शर्मा जी का बेटा और अपने साथियों को प्रोत्साहित करेंगे। लखनऊ ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में अपने आखिरी मैच में रोहित शर्मा की टीम मुंबई इंडियंस को शुक्रवार रात वानखेड़े स्टेडियम में धूल चटाई। शुक्रवार आधी रात को वानखेड़े स्टेडियम में एलएसजी द्वारा मुंबई इंडियंस को 18 रन से हराने के बाद आधिकारिक प्रसारणकर्ता से बात करते हुए राहुल ने कहा, मुझे अब मेरे ससुर का समर्थन मिला है और हम दोनों टी20 विश्व कप में शर्माजी का बेटा (कप्तान रोहित शर्मा, भारत) के लिए जयकार करेंगे।

राहुल के जवाब में ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स द्वारा राहुल के ससुर और प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता सुनील शेट्टी द्वारा आईपीएल में स्थानीय टीम मुंबई इंडियंस के शीर्ष स्टार रोहित शर्मा का समर्थन करने वाले प्रचार वीडियो की ओर इशारा किया गया। हालाँकि शेट्टी की जड़ें कर्नाटक में हैं, जहाँ से राहुल भी आते हैं, उन्होंने अपना जीवन मुंबई में बिताया है और एक लोकप्रिय फिल्म स्टार के रूप में नाम कमाया है। आईपीएल शुरू होने से पहले जारी किए गए वीडियो में शेट्टी, जिनकी बेटी अथिया की शादी केएल राहुल से हुई है, यह कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि आईपीएल के दौरान रिश्ते कोई मायने नहीं रखते और उनका समर्थन अपने दामाद के बजाय स्थानीय लड़के रोहित को मिलेगा।

चयनकर्ताओं ने राहुल को विश्व कप टीम से बाहर कर दिया है, जबकि रोहित 1 जून से शुरू होने वाले और संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज की संयुक्त मेजबानी में होने वाले टी20 विश्व कप में टीम का नेतृत्व करेंगे।निकोलस पूरन ने 28 गेंदों में 75 रनों की सनसनीखेज पारी खेलकर लखनऊ सुपर जायंट्स को एक चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचने में मदद की, लेकिन 45 मिनट की बारिश के बाद रोहित शर्मा और नमन धीर के शानदार अर्धशतकों के बावजूद उन्होंने मुंबई इंडियंस को 18 रनों से हरा दिया।

## अंडर-15 आईलीग 2023-24...आरा एफसी को 5-0 से हराकर मिनर्वा बॉयज टॉप पर



**चंडीगढ़, एजेंसी।** मिनर्वा एफसी ने अंडर-15 आई-लीग में अपना दबदबा कायम रखते हुए आरा एफसी पर 5-0 से शानदार जीत हासिल की। इस जीत के साथ टीम ने ग्रुप में टॉप स्पॉट अपने नाम कर लिया है। उन्होंने मैच के दौरान पूरा कंट्रोल के साथ गेम को आगे बढ़ाया और वे आक्रामकता के साथ विपक्षी पर दबाव बनाते रहे। उन्होंने किसी को अपने आगे टिकने का मौका नहीं दिया। मैच के शुरुआत से ही मिनर्वा ने मूव बनाए और चौथे मिनट में जायद के तेज गोल से मैच में माहौल तैयार कर दिया।

टीम ने गति जारी रखी। 11वें मिनट में मूसा आशिक ने गोल किया और उसके बाद 31वें मिनट में जायद ने दूसरा गोल किया। हाफ टाइम तक मिनर्वा ने 3-0 की अच्छी बढ़त हासिल कर ली थी। दूसरा हाफ भी उतना ही प्रभावशाली साबित हुआ। 56वें मिनट में बाइटे ने गोल किया और 71वें मिनट में राज ने पेनल्टी शॉट के साथ टीम की जीत पक्की कर दी। मैच के अंत तक बोर्ड पर स्कोर मिनर्वा के पक्ष में 5-0 था।

### आईपीएल: 2024 -मुंबई इंडियंस के खिलाफ हासिल की खास उपलब्धि

# राहुल का आईपीएल में बड़ा कारनामा



**मुंबई, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन में लखनऊ सुपर जाएंट्स की टीम भले ही प्लेऑफ में अपनी जगह बनाने में कामयाब नहीं हो सकी, लेकिन उनके कप्तान केएल राहुल का बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिला है।

मुंबई इंडियंस के खिलाफ टीम के आखिरी लीग मुकाबले में भी राहुल के बल्ले से 55 रनों की बेहतरीन पारी देखने को मिली। इसी के साथ राहुल ने जहां आईपीएल के 17वें सीजन में अपने 500 रनों के आंकड़े को पार किया तो वहीं अब वह आईपीएल इतिहास में मुंबई इंडियंस के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं।

### राहुल ने धवन को छोड़ा पीछे

मुंबई इंडियंस के खिलाफ केएल राहुल से पहले आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड शिखर धवन के नाम पर था, जिन्होंने 28 मैचों में 39.17 के औसत से 901 रन बनाए थे, वहीं राहुल ने अब धवन को पीछे छोड़ दिया है, जिसमें उन्होंने मुंबई के खिलाफ 18 मैचों में 79.16 के औसत से 950 रन बनाए हैं। राहुल ने इस दौरान मुंबई के खिलाफ तीन शतकीय और 6 अर्धशतकीय पारियां भी खेली हैं।

राहुल का आईपीएल के इस सीजन भी बल्ला जमकर बोलता देखने को मिला है, जिसमें उन्होंने 37.14 के औसत से 520 रन बनाए हैं।

### आईपीएल के एक सीजन में छठी बार राहुल ने बनाए 500 प्लस रन

केएल राहुल ने आईपीएल के 17वें सीजन में 14 मैचों में जहां 520 रन बनाए तो वहीं उनके बल्ले से 4 अर्धशतकीय पारियां भी देखने को मिली।

राहुल अब आईपीएल इतिहास में एक सीजन में सबसे ज्यादा बार 500 प्लस रन बनाने के मामले में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। राहुल के बल्ले से छठी बार 500 प्लस रन देखने को मिले हैं। वहीं इस लिस्ट में पहले स्थान पर संयुक्त रूप से डेविड वॉर्नर और विराट कोहली हैं, जिसमें दोनों ने अब तक 7-7 बार ये कारनामा किया है।

## हार्दिक पर स्लो ओवर-रेट के लिए एक मैच का बैन

**30 लाख रुपए का जुर्माना भी, अगले आईपीएल सीजन में पहला मैच नहीं खेल पाएंगे**



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर आईपीएल के इस सीजन में तीन मैचों में स्लो ओवर-रेट के लिए शुक्रवार को एक मैच का बैन लगाया गया। यह फैसला शुक्रवार को मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के खेले गए मैच के बाद लिया गया।

हालांकि, इस सीजन में मुंबई इंडियंस का अब एक भी मैच नहीं बचा है। वह पहले ही प्ले ऑफ की रेस से बाहर हो चुकी है। ऐसे में अगले सीजन के अपने पहले मैच में हार्दिक पंड्या नहीं खेलेंगे। साथ ही इंपैक्ट प्लेयर सहित टीम के अन्य खिलाड़ियों पर 12 लाख या मैच फीस का 50 प्रतिशत देना होगा। इनमें से जो कम होगा, उसे मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियों को देना होगा।

मुंबई इंडियंस पर इस सीजन तीसरी बार स्लो ओवर रेट के लिए जुर्माना लगा है। दरअसल, मुंबई ने 17 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ, 30 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ और 18 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ स्लो ओवर किए थे। इस वजह से हार्दिक पंड्या कप्तान के तौर पर आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के उल्लंघन के दोषी पाए गए।

लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 24 लाख रुपए का फाइन लगा। पंजाब किंग्स के खिलाफ 12 लाख रुपए का जुर्माना लगा।

आईपीएल की स्लो ओवर रेट से जुड़ी आचार संहिता के तहत अगर किसी टीम का कप्तान पहली बार दोषी पाया जाता है तो उस पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगता है। अगर सीजन में दूसरी बार उस कप्तान से स्लो ओवर रेट का अपराध होता है, तो 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाता है।

तीसरी बार गलती हुई, तो कप्तान पर एक मैच का बैन और 30 लाख रुपए जुर्माना लगता है।



## भारत का कोच बनना थकाऊ काम है...ऑस्ट्रेलिया जाते-जाते ये क्या कह गए जस्टिन लैंगर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज और कोच रह चुके जस्टिन लैंगर ने भारती टीम के कोच बनने पर अपना बयान दिया है। लैंगर का मानना है कि भारत का कोच बनना क्रिकेट जगत की सबसे बड़ी जिम्मेदारियों में से एक है और अगर टाइमिंग सही नहीं हो तो यह काफी थकाऊ काम हो सकता है। आईपीएल के इस सत्र में लखनऊ सुपर जाइंट्स के कोच रहे लैंगर से कई बार पूछा गया कि क्या वह भारत का कोच बनने के इच्छुक हैं चूंकि राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्व कप के बाद खत्म हो रहा है। लैंगर ने एक सवाल के जवाब में कहा, यह क्रिकेट का सबसे बड़ा काम है, भारतीय टीम का मुख्य कोच बनना। उन्होंने कहा, एक तो इतना अधिक क्रिकेट हो रहा है और दूसरा अपेक्षाओं का भारी दबाव। यह काफी चुनौतीपूर्ण है लेकिन रोमांचक भी होगा। उन्होंने कहा, इसके लिए टाइमिंग सही रहने की जरूरत है। मैं ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के साथ करीब चार साल था। ये काफी थकाऊ काम है।

## आईटीए ने टेस्ट नहीं देने पर परवीन को सस्पेंड किया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंटरनेशनल टेस्टिंग एजेंसी (आईटीए) ने भारत के लिए बॉक्सिंग में 2024 ओलिंपिक का कोटा हासिल करने वाली मुक्केबाज परवीन हुड्डा पर 22 महीने का सस्पेंशन लगा दिया है। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) ने घोषणा की है कि उसने 57 चत्त कैटेगरी में परवीन के जीते गए कोटा को अस्वीकार कर दिया है ताकि वह एक बार फिर दूसरे वर्ल्ड ओलंपिक क्वालिफायर में हिस्सा ले सके।

अब भारत के पास विमेंस के 57 चत्त कैटेगरी में ओलिंपिक क्वालिफिकेशन हासिल करने का एक और मौका होगा। परवीन ने 2022 एशियन गेम्स में ब्रॉन्ज मेडल जीतने के साथ 2024 ओलंपिक के लिए बॉक्सिंग में भारत को कोटा दिलाया था। आईटीए ने पिछले 12 महीने में तीन बार अपना ठिकाना (वेयरअबाउट) नहीं बताने के कारण परवीन को 22 महीने के लिए निलंबित कर दिया है।

### हुड्डा क्वालिफायर नहीं खेलेगी, उनके अलावा एक ही बॉक्सर को मिलेगा मौका

हुड्डा की गेरमौजूदगी में भारत को केवल एक मुक्केबाज को मैदान में उतारने की अनुमति होगी, जिसने 11 अप्रैल, 2024 से पहले ही क्वालिफायर के लिए रिजर्व के रूप में रजिस्ट्रेशन कराया था।

इसमें भारत के दो ही बॉक्सर है। जो कि 60 किग्रा और 66 किग्रा वर्ग में रिजर्व के रूप में नामित है। मुकाबले अगले सप्ताह बैंकॉक में होने हैं। परवीन के नाम एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप में 1-1 मेडल है।

थाईलैंड ओपन

## भारत का डबल्स वर्ग में शानदार प्रदर्शन, सात्विक-चिराग तथा तनीषा-अश्विनी सेमीफाइनल में पहुंचे

**बैंकॉक, एजेंसी।** विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान काबिज भारतीय जोड़ी ने इस सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में आरिफ और याप पर 21-7, 21-14 से आसान जीत हासिल की। भारतीय डबल्स जोड़ियों ने थाईलैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की।

भारत की शीर्ष पुरुष डबल्स जोड़ी सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने थाईलैंड ओपन में मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप पर सीधे गेम में जीत के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।

### सात्विक-चिराग का सामना अब चीनी ताइपे की जोड़ी से होगा

विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान काबिज भारतीय जोड़ी ने इस सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में आरिफ और याप पर 21-7, 21-14 से आसान जीत हासिल की। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक



विजेता भारतीय जोड़ी का सामना अंतिम चार चरण में चीनी ताइपे के लू मिंग-चे और तांग काई-वेई की जोड़ी से होगा।

### महिला डबल्स जोड़ी भी सेमीफाइनल में पहुंची

तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की महिला डबल्स जोड़ी भी सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रही। इस जोड़ी को ली यू लिम और शेन सेउंग चान की छठी वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरियाई जोड़ी पर 21-15, 21-23, 21-19 से जीत हासिल करने के लिए एक घंटे 16 मिनट तक कड़ी मेहनत करनी पड़ी।

सेमीफाइनल में भारतीय महिला जोड़ी का सामना शीर्ष वरीय थाईलैंड की जोंगकोलफान कितिथाराकुल और राविंडा प्राजोंगजई की जोड़ी से होगा।

### मेईराबा का सफर समाप्त

एक तरफ जहां भारत को डबल्स वर्ग में सफलता मिली, वहीं युवा भारतीय शटलर मेईराबा लुवांग मैसनाम का शानदार सफर खत्म हो गया। उन्हें थाईलैंड के चौथे वरीय कुनलावुत वितिडसार्न से 12-21, 5-21 से हार का सामना करना पड़ा। मेईराबा ने हमवतन एचएस प्रणय पर उलटफेर भरी जीत करने के बाद पुरुष सिंगल्स के दूसरे दौर के मुकाबले में डेनमार्क के मैड्स क्रिस्टोफरसन को 21-14, 22-20 से हराया था।

# भारत-पाक मैच की दीवानगी, एक टिकट की कीमत 2 लाख के पार

- टीम इंडिया ने टी-20 विश्व कप के कुल 44 मैच में से 28 जीते हैं
- भारत ने 2007 में पाक को हराकर पहला टी-20 विश्व कप जीता था
- विश्व कप में भारत अपने अभियान का आगाज 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ मुकाबले से करेगा

टी-20 वर्ल्ड कप



**नईदिल्ली, एजेंसी।** विश्व क्रिकेट में टीम इंडिया का दबदबा ही नहीं है, बल्कि दर्शकों के बीच भी उसके मुकाबलों को देखने के लिए भी मारामारी रहती है। बात अगर भारत और पाकिस्तान के मैच की हो तो सारे रिकॉर्ड टूट जाते हैं। टी-20 वर्ल्ड कप दो जून से शुरू हो रहे टी-20 विश्व कप में सबसे ज्यादा दीवानगी न्यूयॉर्क में भारत-पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले मुकाबले को लेकर है।

इस दीवानगी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पूरे विश्व कप में सबसे ज्यादा महंगा टिकट इसी मुकाबले का है।

इस मुकाबले का सबसे महंगा टिकट 229625 रुपये का है। वहीं, सबसे सस्ता टिकट 25 हजार रुपये का है। इस मुकाबले के 90 फीसदी टिकट बिक भी चुके हैं। नौ जून को भारत-पाकिस्तान में मुकाबला ॅ आईसीसी ने अपनी अधिकृत वेबसाइट पर विश्व कप के टिकटों की बिक्री का जो मूल्य जारी किया है उसमें सबसे महंगे टिकट भारतीय मुकाबलों के हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला नौ जून को नसाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इसकी दर्शक क्षमता 34 हजार है। इसके अधिकांश टिकट बिक चुके हैं। इसके जनरल स्टैंड के टिकट का मूल्य 300 डॉलर का है। वहीं, क्लब कॉर्नर का टिकट सबसे महंगा 2750 डॉलर का है।

भारत के किसी भी मुकाबले का टिकट 7515 रुपये से कम का नहीं है। वहीं, ओमान और स्कॉटलैंड का सबसे सस्ता टिकट सिर्फ छह डॉलर है।

### भारत-पाक मुकाबले के टिकट मिलना मुश्किल

न्यूयॉर्क में रह रहे लखनऊ के गगन शर्मा और डॉली ने बताया कि भारत- पाक मैच के टिकट अब मिल नहीं रहे हैं। सिर्फ प्रीमियर लाउंज, कॉर्नर क्लब के ही टिकट उपलब्ध है। भारत-पाक मैच का टिकट न मिलने पर भारत और अमेरिका के मैच खेले जाने वाले मैच का टिकट लिया है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## एक नजर

### चोरी की मोटरसाईकिल के साथ बाईक चोर गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज पुलिस ने कासमा थाना क्षेत्र के खैरी इटवां गांव में बिजेंद्र कुमार के घर छापामारी कर चोरी का बाईक बरामद कर विजेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि बाइक संख्या बीआर 26 आर 0897 ग्लैमर बाइक मखदुमपुर पेट्रोल टंकी के पास शुक्रवार को चोरी हो गया था। इसी मामले में बद्दोपुर गांव के दिलीप कुमार ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।दिलीप कुमार ने बताया था कि बाइक उक्त स्थल पर खड़ाकर कुछ दूरी पर सुजित कुमार का मोटर मशीन पर काम करने गए थे। वापस लौटे तो नहीं पाया। बाइक नरसिंहपुर गांव का अनुज कुमार का है। थानाध्यक्ष ने बताया कि त्वरित कार्रवाई करते हुए बाइक को जब्त कर एक को गिरफ्तार किया गया है।

### मारपीट मामले में तीन महिला समेत चार गिरफ्तार

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** नबीनगर के माली थाना की पुलिस ने समकालीन अभियान में मारपीट के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में तीन महिलाएं शामिल है।गिरफ्तार सभी आरोपी फुलडीहा टोले भुईयां बिगहा के निवासी है। गिरफ्तार आरोपियों में विशाल भुईयां उर्फ विलास भुईयां, प्रमिला देवी, विमली देवी एवं गिरजा देवी शामिल है। इन पर माली थाना में भादंवि की धारा-147, 149, 341, 323, 324, 325, 337, 338, 307, 353 एवं 504 के तहत प्राथमिकी संख्या-89/24 दर्ज है। इसी मामले में इन्हे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज पुलिस ने शहर के राजा बगीचा मुहल्ले से कासमा थाना क्षेत्र के मसौंदा गांव निवासी राकेश कुमार उर्फ दारा यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि होली के समय थवई गांव में हुई मारपीट की घटना में राकेश कुमार आरोपी था।

### फरार अभियुक्तों के घर चिपकाया इश्तहार

**अंबा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** अंबा पुलिस ने थाना क्षेत्र के दो फरार अभियुक्तों के घर इश्तहार चिपकाया है। थानाध्यक्ष राहुल राज ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के जौड़ा निवासी विनोद यादव तथा भरत गौरा निवासी अजीत कुमार सिंह के घर इश्तहार चिपकाए गया है। यह कार्रवाई पुलिस पदाधिकारी सुमित सुमन व पारस सिंह ने संयुक्त रूप से की है। उन्होंने बताया कि न्यायालय से इश्तहार निर्गत था।

### वारंटी गिरफ्तार, गया जेल

**कुटुंबा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** कुटुंबा पुलिस ने थाना क्षेत्र के तमसी टोल कुशा पर निवासी वारंटी संतोष कुमार पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि उसके खिलाफ कोर्ट से वारंट निर्गत था। छापेमारी कर उसकी गिरफ्तारी की गई है।

### बाबू बांध में नहीं पहुंच सकी विकास की किरण

**मदनपुर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** मदनपुर प्रखंड के दक्षिणी उमगा पंचायत के महादलित गांव बाबू बांध के लोग आज भी झुग्गी-झोपड़ी में रहते हैं। यहां के लोगों को आवास योजना का लाभ अब तक नहीं मिल सका है। सौ से अधिक घरों की इस बस्ती में मात्र चार-पांच पक्के घर हैं। वह भी काफी पुराने हैं। यहां भुईयां और भोक्ता सामुदाय के लोग रहते हैं। नक्सल प्रभावित व जंगल तटीय गांव होने के बाद भी यहां पर्याप्त विकास नहीं हो पाया है जबकि नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विकास के लिए विशेष योजनाएं चलाई जा रही हैं। यहां के लोग आवास योजना के लाभ से वंचित हैं। स्थानीय निवासी महंग सिंह भोक्ता ने बताया कि अधिकारी इस गांव में मात्र एक बार ही आए हैं।

### पुलिस पर पथराव करने के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**औरंगाबाद (का.सं.)।** माली थाना पुलिस ने पुलिस पर पथराव करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में विशाल भुईयां उर्फ विलास भुइयां, प्रमिला देवी, विमली देवी, गिरजा देवी शामिल हैं। इस मामल में माली थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। दर्ज प्राथमिकी में 18 लोगों को अभियुक्त बनाया गया।

एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम ने कार्यालय में ही लोगों को उनके खोए हुए मोबाइल फोन लौटा दिए

# पुलिस ने विभिन्न जगहों से खोए हुए 34 मोबाइल फोन उनके मालिकों को सौंपे

- **ऑपरेशन मुस्कान के तहत लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास किया जा रहा है। इसमें सभी थानाध्यक्ष, ओपी प्रभारी और जिला आसूचना इकाई शामिल है।**



कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद जिले में विभिन्न जगहों पर खोए हुए मोबाइल फोन को बरामद करने के बाद शनिवार को उन मोबाइल फोन को उनके वास्तविक धारकों को लौटा दिया गया। औरंगाबाद की एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम ने एक सादे समारोह में अपने कार्यालय में ही लोगों को उनके खोए हुए मोबाइल फोन लौटा दिए। सत्यापन के बाद यह प्रक्रिया पूरी की गई। शनिवार को 34 मोबाइल फोन उनके मालिकों को सौंपे गए। इसकी अनुमानित कीमत करीब 8 लाख 75 हजार रुपये आंकी गयी है। औरंगाबाद की एसपी ने बताया कि मोबाइल फोन की गुमशुदगी की घटनाओं को देखते हुए तकनीकी शाखा की टीम के द्वारा ऑपरेशन मुस्कान अभियान चलाया जा रहा है। सभी थाना और ओपी अंतर्गत मोबाइल को गुमशुदगी की सूचना के आलोक में सभी तरह की जानकारी जुटाई जा रही है। तकनीकी अनुसंधान के जरिये इस महीने में 34 मोबाइल फोन उनके मालिक को सौंप दिए गए। ऑपरेशन मुस्कान के तहत लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास किया जा रहा है। इसमें सभी थानाध्यक्ष, ओपी प्रभारी और जिला आसूचना इकाई शामिल है। मोबाइल फोन मिलने पर उसके धारकों ने पुलिस के प्रति आभार जताया। बारुण की शमा परवीण ने बताया कि अगस्त महीने में उसका मोबाइल फोन गुम हो गया था और उन्हें उम्मीद नहीं थी कि अब वह फोन मिल सकेगा। इसी तरह बारुण के केशवपुर की मधु कुमारी का मोबाइल फोन भी गुम हो गया था। औरंगाबाद नगर थाना क्षेत्र के शाहपुर की संजू देवी का मोबाइल फोन पिछले साल फरवरी महीने में गुम हुआ था। रफीगंज की प्राची शर्मा का मोबाइल फोन करीब एक साल पहले चोरी हुआ था। इतना समय बीत जाने के बाद अब यह लोग मान चुके थे कि उनका मोबाइल फोन नहीं मिलेगा। पुलिस के द्वारा तकनीकी अनुसंधान कर मोबाइल फोन सौंपने पर लोगों ने पुलिस के प्रति आभार जताया। एसपी ने कहा कि पुलिस लोगों की सहायता के लिए तत्पर है। इस अवसर पर कई पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# एक जून को होने वाले मतदान को लेकर स्कूली बच्चों ने मतदाता जागरूकता के लिए निकाली प्रभात फेरी




निज संवाददाता

**नवीनगर (औरंगाबाद)।** काराकाट संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में आगामी एक जून को होने वाले मतदान मतदाताओं की शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर शनिवार को नबीनगर, ओबरा एवं गोह विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों द्वारा स्वीप कोषांग के तत्वावधान में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्वीप कोषांग की नोडल पदाधिकारी सह प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी ने बताया कि नबीनगर प्रखंड मुख्यालय में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरुक करने के लिए बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई।प्रभात फेरी को नबीनगर के प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद कुमार सिंह, अंचलाधिकारी निकहत परवीन, नपं के कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. मनीष कुमार, नबीनगर थानाध्यक्ष मनोज पांडेय, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजनारायण राय, प्रोग्राम पदाधिकारी विजय रंजन परमार, सीडीपीओ एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी विजेंद्र सिंह, आदि ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। प्रभात फेरी थाना परिसर के निकट से निकलकर टंडवा रोड, मंगल बाजार, शनिचर बाजार एवं पोखरा पर होते नबीनगर हाई स्कूल पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान बच्चों ने रास्ते में पहले मतदान फिर जलपान, छोड़ो अपने सारे काम चलो करें पहले मतदान आदि नारों से अभिभावकों और मतदाताओं को वोट देने के लिए प्रेरित किया। प्रभात फेरी में नबीनगर के कन्या उच्च विद्यालय, कन्या मध्य विद्यालय, डीएवी पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर, श्री श्री एकेडमी एवं राजा गोपाल इंग्लिश पब्लिक स्कूल के हजारों बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह निकासी एवं व्यन पदाधिकारी देव बिहारी सिंह, बीआरपी रमेश कुमारी, कन्या उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रेमलता कुमारी, राजेश कुमार सिंह, कुणाल कुमार, इंदल कुमार सिंह एवं विनोद कुमार चौधरी आदि मौजूद रहे। नबीनगर के प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद कुमार सिंह ने बताया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी औरंगाबाद के द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में सभी कोटि के मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित करने के लिए डोर टू डोर अभियान भी चलाया जा रहा है।

# गोलीकांड के पीड़ित परिजनों ने आगजनी कर किया सड़क जाम



निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** फीगंज में गुरूवार की रात में हुई गोलीबारी मामले में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पीड़ित परिजनों एवं स्थानीय लोगों ने राजा बिगहा के मछली बाजार के पास आगजनी कर सड़क जाम किया। पुलिस प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारा लगाया।सूचना मिलते ही सर्किल इंस्पेक्टर मधु कुमारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। अपराधियों की शीघ्र ही गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। लोग मौके पर वरीय अधिकारियों को बुलाने की मांग कर रहे थे। इस दौरान लोजपा( रामविलास ) के प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार सिंह, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह , वार्ड पार्षद प्रतिनिधि माहिद खान, भाजपा नेता शुभम सिंह ने परिजनों से मिले। प्रमोद सिंह ने कहा कि जो भी अपराधी हो उसे बक्सा नहीं जाएगा। किसी भी हाल में उसकी गिरफ्तारी जल्द होगी। प्रशासन द्वारा कुछ दिनों का समय दिया गया। आश्वासन पर आक्रोशितों ने सड़क जाम हटाया। रफीगंज-गोह हाईवे होने के कारण दोनों तरफ वाहनों की लाइन लग गई। लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। लोगों एवं परिजनों का कहना था कि इस गोली कांड में मुख्य आरोपी फरार हैं। दो माह पूर्व भी इन्ही लोगों द्वारा गोलीबारी किया गया था। प्रशासन ने शीघ्र ही गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है। गिरफ्तारी नहीं हुई तो पुनःआंदोलन किया जाएगा।

# दुकान में चोरी के मामले में पीड़ित को मिला 4.73 लाख का मुआवजा

निज संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने दुकान में चोरी के बाद बीमा की राशि नहीं मिलने के वाद में सुनवाई करते हुए शनिवार को पीड़ित को 4.73 लाख रुपए का मुआवजा दिलाया। औरंगाबाद के जसोइया मोड़ के समीप दुकान का संचालन करने वाले शिकायतकर्ता संजय कुमार की पत्नी आशा कुमारी को जिला उपभोक्ता अदालत के सदस्य बद्रीनारायण सिंह ने न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी, डिहरी ऑन सोन, रोहतास का चार लाख 73 हजार 516 रुपए का चेक प्रदान किया है। उपभोक्ता आयोग में 18 अक्टूबर 2003 को यह वाद दायर किया गया था। इसमें कहा गया था कि 21, 22 अप्रैल 2002 की रात में दुकान से 318238 रुपए के सामान और नगद करीब 18 हजार रुपए की चोरी की गई थी। 22 अप्रैल को संजय कुमार ने चोरी की प्राथमिकी औरंगाबाद नगर थाना में दर्ज कराई और बीमा कंपनी को चोरी की जानकारी दी। उन्होंने अपना दावा भी पेश किया तथा उपलब्ध सामानों की भंडार की सूची देते हुए बीमा दावा का शीघ्र भुगतान करने की मांग की। प्रबंधक के द्वारा आश्वासन दिया गया कि भुगतान कर दिया जाएगा। 22 जनवरी 2003 को बीमा कंपनी ने उन्हें 81 हजार रुपए का भुगतान किया। उन्होंने जब इसके बारे में बात की तो कहा गया कि बीमा दावा का 25 प्रतिशत का भुगतान हो रहा है और आगे जांच चल रही है। जांच के बाद शेष भुगतान कर दिया जाएगा। जुलाई 2003 में बीमा कंपनी के कार्यालय में कर्मचारियों ने उन्हें जानकारी दी कि उनका अंतिम भुगतान हो गया है इसलिए वह बेकार में दौड़ लगा रहे हैं। कहा गया कि चोरी की घटना में बीमा दावा का भुगतान नहीं होता है। उन्होंने आवेदन में कहा कि चोरी के बाद उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई है तथा दुकान बंद हो गई है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि इसके बाद पीड़ित ने आयोग का रूख किया। इस अवसर पर अधिवक्ता जगनरायण सिंह और जिला उपभोक्ता अदालत के बड़ा बाबू संजीव कुमार उपस्थित थे।

# कंज्यूमर कोर्ट ने बीमित को बीमा कंपनी से दिलाया क्लेम का चेक



- **अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि अभियोगी का जसोइया मोड़ पर मोटर पार्ट्स का दुकान था, जिसका बीमा उसने न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी से कराया थी।**

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** बीमा क्लेम के एक वाद में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, औरंगाबाद की पहल पर बीमित की पत्नी को क्लेम मिला है। आयोग के सदस्य बद्रीनारायण सिंह ने शनिवार को अभियोगी संजय कुमार की पत्नी शहर के सत्येंद्रनगर निवासी आशा कुमारी को न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी की डिहरी ऑन सोन शाखा से मिला 4 लाख 73 हजार 516 रुपये की राशि का चेक प्रदान किया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि अभियोगी का जसोइया मोड़ पर मोटर पार्ट्स का दुकान था, जिसका बीमा उसने न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी से कराया थी। बीमा अवधि के दौरान दुकान में चोरी हो गई। इस मामले में बीमा कंपनी पूर्ण दावा राशि का भुगतान नहीं कर बीमित को प्रताड़ित करने लगी। इसे लेकर बीमित ने न्याय के लिए जिला उपभोक्ता अदालत की शरण ली और न्याय मिला। इस अवसर पर पीड़ित के अधिवक्ता जगनरायण सिंह और जिला उपभोक्ता अदालत के प्रधान सहायक संजीव कुमार मौजूद रहे।

## आदर्श आचार संहिता मामले में आयोजक पर केस

**बारूण (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में रिसियप थाने में आयोजक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह प्राथमिकी बारुण सीओ मंजेश कुमार ने दर्ज कराई है। प्राथमिकी के अनुसार थाना क्षेत्र के करेया गांव में काराकाट लोक सभा क्षेत्र के निर्दलीय उम्मीदवार पवन सिंह की सभा होनी थी। इसके लिए दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक का समय निर्धारित था। निर्धारित समय पर सभा नहीं हुई, बल्कि उम्मीदवार 8 बजे रात में पहुंचे और 9 बजे तक सभा चली। सभा में तकरीबन दो से ढाई हजार लोगों की भीड़ थी। उन्होंने कहा कि शाम 6 बजे के बाद सभा करना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है।

# 540 लीटर शराब लदी गाड़ी नहर में पलटी, पुलिस ने किया जब्त

- **थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि संशोधित उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।**

निज संवाददाता

**कुटुंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा पुलिस ने शराब लदी एक चारपहिया सूमो गाड़ी (विक्टा) जब्त की है। इस गाड़ी से तीन हजार बोतल देसी शराब बरामद हुई है जिसकी कुल मात्रा 540 लीटर है। जानकारी के अनुसार शनिवार की अहले सुबह माली थाना क्षेत्र से छापेमारी कर पुलिस टीम लौट रही थी। तमसी मोड़ के समीप एक विक्टा गाड़ी के चालक ने पुलिस को देख गाड़ी लेकर भागने का प्रयास किया। चालक गाड़ी मुड़ाकर उत्तर कोयल नहर के बसडीहा कैनल रोड से भागने के चक्कर में था। इसी क्रम में गाड़ी असंतुलित होकर नहर में चली गई और चालक गाड़ी में फंस गया। पुलिस के सहयोग से चालक को बाहर निकाला गया और उसे इलाज के लिए भेजा गया। उसकी पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मेराज बिगहा निवासी राकेश कुमार के रूप में हुई है। गाड़ी की तलाशी लेने पर उसमें शराब भरी मिली। गाड़ी को नहर से बाहर निकलवाया गया और उसे जब्त कर लिया गया। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि पुलिस पदाधिकारी पंकज कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि इस मामले में बिहार संशोधित उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। गाड़ी मलिक का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। बताया कि चालक को इलाज के बाद जेल भेज दिया जाएगा।


## बच्चों के भविष्य के लिए वोट करें : पवन सिंह

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** काराकाट लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी भोजपुरी कलाकार पवन सिंह शुक्रवार की रात नवीनगर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 2 के परसिया में उर्स उत्सव के मौके पर सोहदा शहीद बाबा के मजार पर चादर चढ़ाने पहुंचे। पवन सिंह ने मजार पर चादर चढ़ा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पवन सिंह का फूल माला एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। लोगों को संबोधित करते हुए भोजपुरी स्टार ने कहा कि जात पात से उपर उठकर अपने क्षेत्र के विकास के लिए वोट कीजिए। हमें सभी का सहयोग चाहिए। कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी धर्म का या किसी पार्टी का हो, इस बार बच्चों के भविष्य के लिए वोट करें।

# छात्रों को आंधी-तूफान व वज्रपात से बचाव की दी जानकारी, घर से न निकले बाहर

निज संवाददाता

**कुटुंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा प्रखंड के स्कूलों में सुरक्षित शनिवार को छात्रों को आंधी-तूफान व वज्रपात से बचाव की जानकारी दी गई। इस अवसर पर कई स्कूलों में प्रतियोगिताएं भी हुई। बच्चों ने इससे जुड़े पेंटिंग्स बनाई। बेहतर पेंटिंग्स बनाने वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। प्राइमरी स्कूल गोवास में शिक्षकों ने बोर्ड पर पेंटिंग के जरिए बच्चों को जानकारी दी। शिक्षकों ने बताया कि आंधी-तूफान के दौरान घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। यदि पहले से



बाहर हैं तो किसी सुरक्षित स्थान पर छिप जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी पेड़ के नीचे नहीं छिपना चाहिए। छिपने के लिए भी सुरक्षित जगह होनी चाहिए। पक्के मकान में छिपना बेहतर है। आंधी-तूफान में टेलीफोन या बिजली के तार से दूर रहना चाहिए। मछली पकड़ने के लिए नदी, तालाब यह आहर में नहीं जाना चाहिए। तूफान के समय जलाशयों में स्नान नहीं करना चाहिए। उन्होंने बच्चों को आंधी-तूफान व वज्रपात के दौरान घर में सुरक्षित रहने की सीख दी। मिडिल स्कूल दधपा, रसूलपुर, कुटुंबा, अंबा, भरौंधा, रिसियप, चन्दौत, रातिखाप समेत अन्य स्कूलों में यह आयोजन हुआ।

# स्कूल के सामने बह रहे नल जल के पानी से परेशानी

निज संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह प्रखंड के उपहारा थाने के सलेमपुर गांव में नल जल के पानी का दुरुपयोग हो रहा है। कई दिनों से नल जल की पाइप फटी है और पीने का स्वच्छ पानी बेकार बह रहा है। विद्यालय के प्रभारी विजय कुमार, ग्रामीण अजय सिंह, क्यामुद्दीन अंसारी आदि ने बताया कि सड़क किनारे बिछाई गई पाइप भारी वाहनों के बोझ से टूट गई है। कई दिन बीत गए पर उसे अभी तक ठीक नहीं किया गया है। विद्यालय के सामने पानी का जमाव होने से शिक्षकों एवं बच्चों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। जलजमाव से सड़क झील में तब्दील हो गई है। छोटे वाहनों के परिचालन में भी चालकों को परेशानी हो रही है। जलजमाव से हर समय दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। जेई आकांक्षा आनंदी ने बताया कि इसकी जानकारी उन्हें मिली है। जल्द ही पाइप को ठीक करा दिया जाएगा। एक सप्ताह पहले भी पाइप ठीक की गई थी।

# चेक पोस्ट पर सुविधाएं नहीं, हो रही परेशानी

- **पूर्व में कई बाइक सवारों की जान भी जा चुकी है। चेक पोस्ट के समीप केशव घाट से बालू की निकासी होती है, जिसके चलते यहां बालू जमा हो जाता है।**

निज संवाददाता

**बारूण (औरंगाबाद)।** बारुण चेक पोस्ट पर सुविधाओं का अभाव है, जिसके चलते परेशानी हो रही है। चेक पोस्ट के समीप सड़क किनारे बिखरा बालू दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। बालू के चलते कई बार इस जगह पर दुर्घटना हो चुकी है। गर्मी के दिनों में तेज हवा के साथ बालू के कण उड़ते रहते हैं। इससे बाइक सवार को गाड़ी चलाने में काफी दिक्कत होती है। पूर्व में कई बाइक सवारों की जान भी जा चुकी है। चेक पोस्ट के समीप केशव घाट से बालू की निकासी होती है, जिसके चलते यहां बालू जमा हो जाता है। यहां न तो यहां नियमित रूप से पानी का छिड़काव होता है और न ही बालू को हटाया जाता है। घाट संचालक भी इसकी कोई सुध नहीं लेते हैं। इसके अलावा भी चेक पोस्ट पर कई समस्याएं हैं। यहां तैनात सशस्त्र बल के जवानों ने बताया कि न तो उचित प्रकाश की व्यवस्था है और न ही पानी व शौचालय की। यहां 24 घंटे तीन से चार सशस्त्र बल तैनात रहते हैं। प्रशासन द्वारा जब्त वाहन सड़क पर लगा दिए गए हैं। धूल के चलते वाहनों की चेकिंग में भी परेशानी होती है। चेक पोस्ट के नाम पर सिर्फ टेंट और कुर्सी लगाकर सीसीटीवी कैमरा लगा दिया गया है। यहां अन्य व्यवस्थाएं नहीं हैं। थानाध्यक्ष कुमार सौरभ ने कहा कि चेक पोस्ट की कमियों से वरीय अधिकारी को अवगत कराया गया है। इधर देर शाम एसडीओ सहित अन्य अधिकारियों ने यहां का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए।

# स्वावलंबन हेतु दिया जाएगा पशुपालन का प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** युवाओं को स्वावलंबी बनाने हेतु उन्हें पशुपालन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण दो महीने का होगा। इसमें पशुपालन के साथ-साथ प्राथमिक पशु चिकित्सा की भी जानकारी दी जाएगी। इस आशय का पत्र प्रखंड कृषि कार्यालय से निर्गत हुआ है। पत्र में बताया गया है कि पशु विकास संस्थान के द्वारा प्रत्येक पंचायत के 10-10 युवकों को यह प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए ई-किसान भवन में 24 में से 7 जून के बीच उन्हें अपना नामांकन कराना होगा। 8 जून से अंबा प्लस टू हाई स्कूल चिल्हकी में यह प्रशिक्षण शुरू होगा। नामांकन शुल्क 250 रुपए है। एससी, महिला व विकलांग को दो सौ रुपए शुल्क लगेगा। निर्धन व निःसहाय अभ्यर्थियों को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्रभारी शंभू कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद परीक्षा भी होगी और पास करने वाले युवकों को प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवकों को प्रशिक्षित कर स्वावलंबी बनाने की है।

# समीक्षा बैठक : भ्रष्टाचार को एकजुट होकर ही किया जा सकता है समाप्त

कार्यालय संवाददाता




**औरंगाबाद।** भ्रष्टाचार जैसे अभिशाप के खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी। उक्त बातें वक्ताओं ने औरंगाबाद में आयोजित एंटी करप्शन इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो की जिला इकाई की समीक्षा बैठक में कही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के राष्ट्रीय संयुक्त निदेशक अभिजीत कुमार, राष्ट्रीय संयुक्त निदेशक सत्यानंद कुमार, राष्ट्रीय मुख्य सचिव मनीष कुमार शरण, राष्ट्रीय सह सहायक निदेशक अविनाश कुमार, राष्ट्रीय संगठन सचिव आदित्य श्रीवास्तव, स्मिता सिन्हा शामिल हुई। उत्कृष्ट पदाधिकारियों को केंद्रीय पदाधिकारी के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया जिसमें जिला प्रभारी ओमप्रकाश, जिला निरीक्षी पदाधिकारी रणवीर सिंह, जिला सचिव सुमित सिंह, मगध प्रमंडल सचिव कुणाल प्रियदर्शी, जिला युवा सचिव अनिल कुमार शामिल रहे। राष्ट्रीय सचिव आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि भ्रष्टाचार देश को दीमक की तरह खोखला करता जा रहा है। संगठन के राष्ट्रीय संयुक्त निदेशक अभिजीत कुमार एवं सत्यानंद कुमार ने बताया कि भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए पहले शुरुआत खुद से करें। इस मौके पर अमरजीत सिंह, निखिल सिंह, कुणाल प्रियदर्शी, रणवीर सिंह, सुमित कुमार, अनिल कुमार, रणधीर कुमार, आदित्य कुमार मौजूद थे।

# शहीद बाबा की मजार पर हुई चादरपोशी

निज संवाददाता

**नवीनगर( औरंगाबाद)।** नवीनगर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 2 के परसिया में शुक्रवार की रात उर्स के मौके पर राजद विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू, नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि बिपिन कुमार सिंह सोहदा शहीद बाबा के मजार पर चादर चढ़ाने पहुंचे। विधायक एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि का परसिया के नागरिकों ने स्वागत किया। विधायक ने कहा कि आपसी सौहार्द बनाये रखने के लिए एक दूसरे से मिल जुलकर रहना कर्तव्य है। सभी धर्म, जाति एवं समुदाय के लोगों में अपने धर्म के प्रति उतना ही प्रेम है। विधायक ने कहा कि यह चुनावी दौर है। विपक्ष के नेताओं के द्वारा जात-पात के नाम पर तोड़कर अलग किया जाएगा लेकिन किसी के बहकावे में नहीं आना है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने कहा कि किसी शहर का विकास संभव तभी जब आपसी प्रेम है। मौके पर पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि सुधीर कुमार सिंह, वार्ड पार्षद इंदल सिंह, संतोष सिंह, मनोज कुमार उर्फ दुबे जी, छोटू सिंह चौहान उपस्थित थे।

# एसएसबी ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता का बिखेरा संदेश

निज संवाददाता

**कुटुंबा (औरंगाबाद)।** सशस्त्र सीमा बल की 29वीं वाहिनी काला पहाड़ के अधिकारियों व जवानों ने शनिवार को कुटुंबा प्रखंड के पिपरा बगाही में साइकिल रैली निकालकर पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया। यह रैली कमांडेंट हरे कृष्णा गुप्ता के निर्देशानुसार सहायक कमांडेंट शिवांग पांडेय की देखरेख में निकाली गई। यह रैली लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट कार्यक्रम के तहत निकली। रैली में यह संदेश बिखेरा गया कि पर्यावरण को बचाने के लिए हमारे जीने का तरीका क्या होना चाहिए। उन्होंने बताया कि पर्यावरण को बचाना हमारा कर्तव्य है। पर्यावरण ही हमारा जीवन है। पर्यावरण से हम हैं और हमसे पर्यावरण। ऐसी स्थिति में पर्यावरण को बचाए रखने का दायित्व मानव प्रजाति पर है। हम इसके प्रति सजग हो। पर्यावरण के बिगड़ते संतुलन के प्रति उन्होंने चिंता जताई और कहा कि इसका व्यापक दुष्प्रभाव मानव जीवन पर पड़ रहा है। गर्मी बढ़ रही है और बारिश नहीं हो रही है। इसके लिए हम सबों को पर्यावरण की रक्षा करनी जरूरी है। इस रैली में स्थानीय प्रतिनिधि समेत अन्य लोग शामिल हुए।